# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-07-2022

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने दी विदाई

गोरखपुर (एसएनबी)। अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. विपिन टाडा ने उपहार देकर विदाई दी। एसएसपी ने सेवानिवृत्त हुए पुलिस उपाधीक्षक अखिलानन्द उपाध्याय, एसआई राम नसीव, एसआई कमले ार दूवे, एसआई वृजेश कुमार शुक्ल, एसआई सत्येन्द्र नाथ राय, एसआई राम सुन्दर चौवे, एसआई उग्रसेन यादव, एसआई राजेन्द्र प्रसाद यादव, एसआई मारकण्डेय यादव, हेका. राम वचन यादव, हेका. चालक जगन्नाथ मिश्र, कांस्टेवल राम विभाष सिंह, अनुचर राम दुलारे चौरासिया, अनुचर श्रीकान्त मौर्य, अनुचर झकरी, अनुचर झीनक को सम्मानपूर्वक गीता, अंगवस्त्र व उपहार, पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई, पुलिस अधीक्षक लाइन्स, पुलिस अधीक्षक अपराध, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन गोरखपुर अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।




सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक अखिलानन्द उपाध्याय को सम्मानित करते एसएसपी डा.विपिन टाडा।

# बार-बेंच के सहयोग से हो मुकदमों का त्वरित निस्तारण : मुख्य न्यायमूर्ति

गोरखपुर (एसएनबी)। बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के सभागार में गुरुवार को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल के सम्मान में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार का बहुत पुराना इतिहास रहा है और यहां के अधिवक्ता बड़े ही सम्मानित पदों पर पहुंचे हैं। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है, यहां पर लंबित मुकदमों की संख्या भी अधिक है। मुकदमों का निस्तारण बार एवं बेंच के सहयोग से त्वरित गति से हो। जिससे आम जनमानस में न्याय के प्रति विश्वास और मजबूत हो। आज टेक्नोलाजी से समस्याओं के समाधान में सहूलियत हो रही है। बार एसोसिएशन ने अपनी वेबसाइट लांच किया है, जो एक अच्छा कार्य है।

बार एसोसिएशन द्वारा मुख्य न्यायमूर्ति को बार की समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन दिया गया।जिसमे न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति, वाणिज्यिक न्यायालय जो परिसर से काफी दूर है उसे दीवानी न्यायालय परिसर में स्थानांतरित करने,उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के निर्णय और उसके दिशानिर्देश को निचली अदालतें सुचारू रूप से अपने निर्णय में उसका अवश्य पालन करे। गगहा और खजनी के फौजदारी मामलो की जो पत्रावलियां वाह्य न्यायालय बांसगांव में पूर्व स्थानांतरित हो गई है उसे अविलंब वापस मंगाया जाए। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में यहां पांच न्यायालय कार्यरत है। इन न्यायालयों में पत्रावलियां समान रूप से वितरित किया जाए। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व प्रसाशनिक न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा, रजिस्ट्रार जनरल आशीष गर्ग,जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी,प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय एवं मंत्री धीरेंद्र कुमार द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**अधिवक्ताओं ने किया मुख्य न्यायमूर्ति का स्वागत**

## मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने महायोगी गुरु गोरखनाथ का किया दर्शन-पूजन

गोरखपुर (एसएनबी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल बृहस्पतिवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर पहुंचे और उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में महायोगी गुरु गोरखनाथ जी का दर्शनपूजन किया। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने मुख्य न्यायाधीश को अंगवस्त्र एवं टेराकोटा की मूर्ति स्मृति चिन्ह स्वरूप प्रदान की।

# एससी/एसटी के खिलाफ अपराध मामलों में एफआईआर में देर न हो

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से कहा है कि अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के खिलाफ अपराध के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी नहीं होनी चाहिए और जिन मामलों की जांच दो महीने से अधिक वक्त तक चले, उनकी करीब से निगरानी की जानी चाहिए।

सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को भेजे गए पत्र में गृह मंत्रालय ने कहा है कि जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) एससी-एसटी के खिलाफ मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए पुलिस अधिकारी एवं आधिकारिक गवाहों समेत अभियोजन के सभी गवाहों की वक्त पर पेशी और सुरक्षा को सुनिश्चित करें। पत्र में कहा गया है, एससी-एसटी के खिलाफ अपराध के मामलों में प्राथमिकी दर्ज होने में देरी नहीं होनी चाहिए। एससी-एसटी के खिलाफ अपराध के मामलों की उचित स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए, जो प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर सक्षम अदालत द्वारा मामले के निपटारे तक होना चाहिए।

मंत्रालय ने कहा, जांच में देरी होने (प्राथमिकी दर्ज होने की तारीख से 60 दिन से अधिक समय होने) पर हर तीन महीने में जिला एवं राज्य स्तर पर इसकी निगरानी की जाए और जहां भी जरूरत हो विशेष पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को छानबीन तेज़ करने के लिए नियुक्त किया जाए। पत्र के मुताबिक, राज्य सरकारों में संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रीय एससी-एसटी आयोग समेत विभिन्न स्रोतों से प्राप्त एससी-एसटी के खिलाफ अत्याचार के मामलों की रिपोर्ट की उचित अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

■ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को दिया निर्देश

मंत्रालय ने कहा, उन इलाकों की पहचान की जाए जहां समुदाय पर अत्याचार होने का खतरा होता है, ताकि एससी-एसटी समुदाय के सदस्यों के जान और माल की रक्षा के लिए एहतियाती उपाय किए जा सकें। पत्र में कहा गया है, एससी-एसटी के खिलाफ अपराध के मामलों की सुनवाई में होने वाली देरी की समीक्षा निगरानी समिति में या जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में होने वाली मासिक बैठक में नियमित रूप से की जानी चाहिए जिसमें जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और जिले के लोक अभियोजक शामिल होते हैं।

गृह मंत्रालय ने कहा, एससी एसटी के खिलाफ अपराधों का पता लगाने और जांच में प्रशासन और पुलिस को अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी मामले दर्ज हों। एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) कानून 1989 को 2015 में संशोधन करके और प्रभावी बनाया गया है।

# दंगाइयों की निगरानी के लिए थानों को मिलेंगे ड्रोन कैमरे

गोरखपुर (एसएनबी)। इधर हाल के दिनों में हुए उपद्रव से निपटने के लिए थानों पर भी ड्रोन कैमरे की व्यवस्था कराई जाएगी। थाने स्तर पर दंगाइयों की निगरानी के लिए यह पहल की जा रही है। ट्रायल के तौर पर पहले जिले के सभी थानों पर ड्रोन की व्यवस्था कराई जाएगी। साथ ही इन्हें चलाने के लिए पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग भी कराई जाएगी। व्यवस्था की सफलता के बाद इसे पूरे प्रदेश के थानों पर ड्रोन की व्यवस्था की जाएगी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार ने ड्रोन की व्यवस्था कराने और पुलिसकर्मियों के ट्रेनिंग कराने का खाका तैयार कर लिया है।

**सभी थानों को मिलेंगे ड्रोन, ट्रायल के तौर पर गोरखपुर से होगी शुरुआत**

**एसपी सिटी ने पुलिसकर्मियों के ट्रेनिंग का तैयार किया खाका**

### ये होंगे ड्रोन के लाभ

थाना क्षेत्रों में निकलने वाले जुलूसों की निगरानी हो सकेगी। धरना प्रदर्शन, चक्का जाम के दौरान ड्रोन कैमरे से निगरानी हो सकेगी। बवाल या उपद्रव के समय इसे चलाकर उपद्रवियों या दंगाइयों की निगरानी हो सकेगी। त्योहारों के पहले इसका प्रयोग थाना स्तर पर किया जा सकेगा जिससे पत्थरबाजों को चिह्नित करने में आसानी होगी।

हाल के दिनों में हुए उपद्रव को देखते हुए योगी आदित्यनाथ की सरकार लगातार काम कर रही है। सरकार के निर्देश पर गोरखपुर जोन के हर जिले सहित प्रदेश के जिलों की पुलिस की एक विशेष टीम बनाई गई थी। इसमें 20 से 40 लोग शामिल हैं, जो पत्थरबाजों से निपटेंगे। टीम को फुल बॉडी प्रोटेक्टर वर्दी दी गई थी। गोरखपुर जोन के 11 जिलों की पुलिस को 479 वर्दी मिली थी। अब अगली कड़ी में सभी थानों पर ड्रोन की व्यवस्था कराई जाएगी।

अभी तक केवल जिलों के पुलिस लाइन्स में ही ड्रोन कैमरे हैं। जहां से उपद्रवियों, जुलूसों आदि की आसमान से निगरानी के लिए इसका उपयोग किया जाता है। अधिकांश जिलों की पुलिस लाइन्स में एक से दो ड्रोन कैमरे हैं, छोटे जिलों में एक भी ड्रोन कैमरे नहीं है। ऐसे में दूसरे जिलों की पुलिस लाइन्स से ड्रोन मंगाए जाते हैं या किराए पर लिए जाते हैं। पुलिस लाइन्स के ड्रोन से शहरी क्षेत्रों की आसानी से निगरानी होती है।

अभी हाल ही में गोरखपुर में जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसपी सिटी के नेतृत्व में 56 संवेदनशील स्थानों की ड्रोन कैमरे से निगरानी कराई गयी थी। निगरानी के दौरान छतों पर पत्थर मिले थे, जिसके बाद उन घरों के मालिकों को नोटिस दिया गया था।

# रुपया हड़पने के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर (एसएनबी)। धोखाधड़ी कर रुपया हड़पने के आरोपित देवरिया जिले के बघौच थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ा निवासी रामायण सिंह की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश विनय आर्या ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल का कहना था कि वादी प्रसन्ना जैन छत्तीसगढ़ के महावीर कालोनी का निवासी है।तीन माह पूर्व रेलवे स्टेशन के सामने उसे एक व्यक्ति संत के वेश भूषा में मिला जो अपना नाम रामायण सिंह बताया और मंदिर निर्माण के नाम पर दान देने के लिए कहा।जिसपर वादी ने उसके द्वारा दिए दो खातों में कुल दो लाख 90 हजार रुपया भेजा।एक माह पूर्व वादी को गोरखपुर बुलाया।वादी 26 मई 2022 को गोरखपुर आया तो रामायण सिंह ने उसे कैंपियरगंज ओवर ब्रिज के नीचे पहुंचाने को कहा।वादी वहां पहुंचा तो सरदार मिला और वादी को मराचाहे बाबा की कुटी पर लेकर गया और दर्शन कराया।दर्शन कराने के बाद मुख्य पुजारी से मिलने के बहाने रेलवे क्रासिंग फरेंदा रेलवे पटरी की गाड़ी की पाखडंडी से चार सौ मीटर दूर ले गया जहां तीन गाड़ी पर चार पांच लोग आए और वादी के बैग में रखा आठ लाख रुपया धोखाधड़ी से ले लिए और उनके साथ सरदार भी फरार हो गया।

# हत्या के जुर्म में दो को उम्र कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या कर लाश छिपाने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने हरपुर वुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम धोवौली निवासी अभियुक्त संजय सिंह एवं संतकवीरनगर जिले के खलीलावाद थाना क्षेत्र के मंझरिया गंगा निवासी अभियुक्त अनिल सिंह को आजीवन कारावास एवं 15 हजार रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को नौ माह कारावास अलग से भुगतना होगा।



अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी पुन्नू ने 17 मार्च 2011 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।उसका कहना था कि उसका लड़का रमजान अपनी पत्नी को कुछ दिन पहले संजय सिंह के घर धोवौली पहुंचा कर आया था। 11 मार्च 2011 को संजय सिंह की वहन की शादी थी,जिसमे वादी का लड़का भी गया था। दूसरे दिन जव वादी का लड़का घर नहीं आया तो वादी उसके मोवाइल पर फोन किया जो वंद था। वादी अपने लड़के की तलाश करता हुआ संजय सिंह के घर पहुंचा तो वहां न तो उसका लड़का मिला और न ही संजय सिंह मिले। 17 मार्च 2011 को ग्राम विगही में गेहूं के खेत में वादी के लड़के की लाश मिली। वादी के लड़के ने अंतरजातीय विवाह किया था और उसकी पत्नी अभियुक्त अनिल सिंह की वहन थी और संजय सिंह की मौसेरी वहन थी। इसी रंजिश के चलते अभियुक्तों ने वादी के लड़के रमजान की हत्या कर लाश छिपा दिया।

# सरकारी खड़ंजा पर चलवाया चहारदीवारी, प्रशासन ने गिरवाया

हरपुर बुदहट (एसएनबी)। सहजनवां विकास खंड के राजस्व गांव जिगिना में ग्राम प्रधान के द्वारा लगवाया गया सरकारी खड़ंजा पर गांव के कुछ लोगो ने चहारदीवारी चलवा ली थी, जिसकी शिकायत गांव के लोगो ने सहजनवा एसडीएम से किया था। वृहस्पतिवार को पुलिस और राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर चहारदीवारी गिरवा दी जिससे रास्ते का आवागमन शुरू हो गया।

**जिगिना गांव के लोगों ने एसडीएम सहजनवां से शिकायत की थी, जिसे प्रशासन ने तोड़वा दिया**

वताते चले कि जिगिना गांव में सरकारी खड़ंजा पर राममूरत, राजकेश और सुरेश द्वारा 6 फुट ऊंची चहारदीवारी लगवा दी गयी थी जिससे गांव में रास्ता अवरुद्ध हो गया था। जव गांव वालों ने रास्ता खुलवाने की वात करते तो उक्त लोग मारपीट पर आमादा हो जाते थे।

जिगिना गांव के हरिकेश, सत्यवान, वीरेंद्र, रामकेश, सत्यपाल ने एसडीएम सहजनवा से शिकायत किया था जिसको उपजिलाधिकारी सज्ञान में लेकर आज प्रशासन ने उक्त चहारदीवारी को तोड़वा दिया।

इस अवसर पर कानूनगो यदुवंश यादव, लेखपाल चंद्रप्रकाश, नासिर हुसैन, हरपुर वुदहट थाने के उपनिरीक्षक उदयभान सिंह, हेडकांस्टेवल जयशंकर सिंह, महिला कांस्टेवल कंचनलता सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# किशोरी को अगवाकर करनी वाली युवती गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। यूट्यूब पर एडल्ट फिल्म देखने के दौरान युवती से दोस्ती गोरखपुर की किशोरी को भारी पड़ गयी। चैटिंग के दौरान युवती से पहले किशोरी की दोस्ती हुई फिर उसे लेकर वह फरार हो गयी। पुलिस ने आरोपित युवती को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर अपहृता किशोरी को बरामद करने में सफलता हासिल की है। पिपराइच प्रतिनिधि से मिली जानकारी के मुताबिक चैटिंग के दौरान किशोरी और युवती में पहले दोस्ती हुई फिर युवती किशोरी को लेकर फरार हो गयी। सर्विलांस की मदद से युवती को मध्यप्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया। किशोरी की आपबीती पर युवती के खिलाफ अन्य धाराओं समेत पाक्सो एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया गया है। गुरुवार को युवती को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पुलिस टीम गोरखपुर पहुंची। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसके पास से बरामद किशोरी को बाल कल्याण समिति गोरखपुर भेज दिया गया है।

# फरार चल रहे दो इनामी हत्याभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। चिलुवाताल, स्वाट और सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने हत्या के मामले में फरार चल रहे दो इनामी हत्याभियुक्तों को महुआतर तिराहे से गिरफ्तार किया। दोनों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी स्तर से 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। दोनों थाना क्षेत्र के देवीपुर टोला लक्ष्मणपुर गांव में मारपीट के दौरान हुई रामदास की हत्या के बाद से ही फरार चल रहे थे। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने गुडवर्क की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक चिलुवाताल प्रदीप शर्मा ने मुखबिर एवं सर्विलांस सेल से मिली सूचना पर स्वाट टीम के साथ आरोपितों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम संजय निषाद पुत्र रामसांवर निषाद व रामसांवर निषाद पुत्र स्व. बृजलाल निवासी ग्राम देवीपुर टोला लक्ष्मणपुर थाना चिलुआताल गोरखपुर बताया। अभियुक्तों ने पुलिस टीम को यह भी बताया कि वह कोर्ट में सरेंडर करने जा रहे थे। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट, हत्या के दो मुकदमों में उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल के अतिरिक्त एसएसआई अमित राय, सर्विलास टीम प्रभारी एसआई राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विरेन्द्र यादव, पवन यादव (चिलुआताल), करुणापति तिवारी, दुर्गेश मिश्रा व अरुण राय (सर्विलांस टीम) गोरखपुर।



गणेश चौराहा स्थित ऐश्प्रा शो रूम पर आयोजित कार्यक्रम में ऐश्प्रा के निदेशक अतुल सराफ व अनूप सराफ को सम्मानित करते एडीजी जोन अखिल कुमार व एसपी सिटी कृष्ण विश्नोई। फोटो : एसएनबी।

# हत्या के प्रयास में फरार चल रहा गौन्तस्कर गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। तिवारीपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास में फरार चल रहे एक गौ तस्कर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम सलमान पुत्र अहमद अली निवासी बसहिया बनवीरपुर थाना पडरौना जनपद कुशीनगर बताया। पुलिसने आरोपित को आईपीसी की धारा 429, 307 भादवि व 3/5 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। चौरीचौरा पुलिस ने नाबालिग से हुए दुष्कर्म के आरोपित को गुरूवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अजय निषाद पुत्र स्वामीनाथ निवासी राजधानी टोला मंगलपुर थाना झंगहा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं 354, 376, 506 भादवि, पाक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पिपराइच में मकान व दुकान में चोरी

पादरी बाजार(एसएनबी)। पिपराइच थाना क्षेत्र के हैदरगंज स्थित शिवशक्ति नगर कालोनी में किराने के दो दुकान व टिनशेड के एक मकान से ताला तोड़कर बीती रात हजारों रुपए की चोरी हो गई ।मनोज कुमार तिवारी के किराने की दुकान का ताला तोड़कर 1000 रुपए का सामन व 15000 रुपए नकदी तथा कमलावती देवी के दुकान का शटर तोड़कर 2000 रुपए का सामन व 7हजार रुपए नकदी गायब मिला है। जबकि वहीं 100 मीटर आगे उमला देवी के टिन शेड के घर का दरवाजा तोड़घ्कर सोने की माला 2 अदद, झुमका 2 अदद, पाजेब 2 अदद, सोने की अंगूठी 2 अदद, पायल 4 अदद वह 4000 रुपए नकदी गायब हो गया है। गुरुवार को मौके पर पहुंची पुलिस को उमला देवी ने बताया कि बेटी के विवाह के लिए सोने का सामान खरीद कर रखी थी। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई

# गोरखपुर के हर थाने से उड़ेगा ड्रोन

**दंगाइयों पर निगरानी के लिए हर थाने को अवेलेबल कराया जाएगा ड्रोन**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (30 June):** कई जिलों में पत्थरबाजी की घटनाओं से सबक लेते हुए गोरखपुर पुलिस ने शहर में ड्रोन उड़ाकर निगरानी शुरू की. जिसमें गोरखपुर पुलिस को सफलता मिली है. इस सफलता के बाद अब गोरखपुर के सभी थानों पर ड्रोन अवेलबल कराए जाएंगे. ड्रोन को चलाने के लिए हर थाने के पुलिसकर्मियों को ट्रेंड भी किया जाएगा. एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि इस खाका तैयार कर लिया गया है. 20 पुलिस कर्मियों को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग लेने के लिए भी भेज दिया गया है.

## प्रदेश में भी चालू होगी यही व्यवस्था

ट्रायल के तौर पर पहले गोरखपुर के थानों को ड्रोन की व्यवस्था कराई जाएगी. इस व्यवस्था की सफलता के बाद इसे पूरे प्रदेश में लागू कर सभी थानों पर ड्रोन की व्यवस्था दी जाएगी. गोरखपुर पुलिस ने ड्रोन के लिए तैयारियां शुरू कर दी है.

## प्रदेश में बनाई गई स्पेशल टीम

हाल ही में सरकार के निर्देश पर गोरखपुर जोन के हर जिले सहित प्रदेश के जिलों की पुलिस की एक विशेष टीम बनाई गई थी. जिसमें 20 से 40 लोग शामिल हैं जो पत्थरबाजों से निपटेगी. उस टीम को फुल बॉडी प्रोटेक्टर वर्दी दी गई है. गोरखपुर जोन के 11 जिलों की पुलिस को 479 वर्दी मिली थी. अब इसके अगली कड़ी में सभी थानों पर ड्रोन की व्यवस्था कराई जाएगी.



ड्रोन कैमरे से ली गई तस्वीर.

### ये होंगे ड्रोन के लाभ



- थाना क्षेत्रों में निकलने वाले जुलूसों की निगरानी हो सकेगी
- धरना प्रदर्शन, चक्का जाम में ड्रोन से निगरानी हो सकेगी
- बवाल या उपद्रव के समय इसे चलाकर उपद्रवियों या दंगाईयों की निगरानी हो सकेगी.
- त्योहारों के पहले इसका प्रयोग थानास्तर पर किया जा सकेगा
- पत्थराबाजों को चिन्हित करने में आसानी होगी

> एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया, गोरखपुर के सभी थानों पर अब ड्रोन की फैसिलिटी होगी. इसके लिए खाका तैयार कर लिया गया है. 20 पुलिस कर्मियों को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग लेने के लिए भेजा गया है.

## ड्रोन की निगरानी में मिले थे छतों पर पत्थर

अभी हाल ही में गोरखपुर में जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसपी सिटी के नेतृत्व में 56 संवेदनशील स्थानों की ड्रोन से निगरानी कराई थी. जिसमें छतों पर पत्थर मिले थे, जिसके बाद उन घरों के मालिकों को नोटिस दिया गया था.

## नहीं चल सका अखिलेश सरकार में आया ड्रोन

गोरखपुर जिले में सबसे पहले अखिलेश यादव की सरकार में सबसे बड़ा ड्रोन आया था. यह ड्रोन 5 किलोमीटर से अधिक की छमता का था. जिसकी कीमत करीब 4 लाख थी. इसे ट्रैफिक पुलिस के लिए लाया गया था. लेकिन आने के बाद से ही वह नहीं चल सका. बाद में पता चला कि बैट्री है ही नहीं. जिसके बाद कंपनी को पत्राचार किया गया, लेकिन पता चला कि अब उस माडल का ड्रोन ही नहीं आता.

## पुलिस लाइंस में चार ड्रोन

वर्तमान में गोरखपुर पुलिस लाइंस में करीब 4 ड्रोन हैं. आपको बता दें कि मार्केट में ड्रोन की कीमत उसकी कैप्चर करने की क्षमता पर आधारित होता है. जिसकी कीमत मार्केट में 5 लाख तक है.

# ऐश्प्रा ग्रुप देगा थर्ड आई, सीसीटीवी कैमरों से सिक्योर होंगे 6 चौराहे

## ऐश्प्रा शोरूम पहुंचकर एडीजी जोन संग पुलिस अधिकारियों ने किया सम्मान



PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

पुलिस अधिकारियों ने सराफ बंधुओं को माला पहनाकर जताया आभार.

GORAKHPUR (30 June): गणेश चौक स्थित ऐश्प्रा शोरूम पर गुरुवार को बहुत ही सुंदर नजारा देखने को मिला. गोरखपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के साथ जुड़कर ऐश्प्रा ग्रुप ने 6 चौराहों को गोद लिया. शर्त के अनुसार गोद लेने के बाद एडीजी अखिल कुमार भी बैंड बाजा और पुलिस फोर्स संग ऐश्प्रा शोरूम पहुंचे. वहां पहुंचकर एडीजी के साथ एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई और अन्य पुलिस कर्मियों ने भी डायरेक्टर अतुल सराफ और अनूप सराफ को माला पहनाकर सम्मानित किया.

### ये शहर अपना घर, इसे सुरक्षित बनाएं

अतुल सराफ ने दैनिक जागरण आईनेक्स्ट से बात करते हुए बताया कि ऐश्प्रा तिराहा, वीर बहादुर, विजय चौक, गांधी गली, हिंदी बाजार गली सही सिटी के अन्य चौराहे पर कैमरे लगवाने की एडीजी के सामने बात रखी है. फिलहाल अभी चौराहों के नाम एडीजी की तरफ से तय होने बाकी हैं. वो जहां भी कहेंगे वहां पर हम सीसीटीवी कैमरे लगवाएंगे. उन्होंने बताया कि शहर को सुरक्षित करने के लिए अन्य व्यापारियों को भी आगे आना चाहिए. गोरखपुर पुलिस की ये बहुत ही अच्छी पहल है. उन्होंने कहा कि ये शहर अपना घर है इसे सुरक्षित बनाना हम सब का दायित्व है.

### हर गली में रहेगा सीसीटीवी कैमरे का पहरा

एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि शहर को सुरक्षित करने के लिए ये ऑपरेशन त्रिनेत्र शुरू किया गया है. हमार उद्देश्य हर गली को सीसीटीवी से लैस करना है. जिससे कहीं से भी कोई निकले वो कैमरे में कैद हो जाए. उन्होंने कहा कि सभी जगहों पर कोचिंग, व्यापारियों और अन्य लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है. उन्होंने बताया कि हर जगह कि मैपिंग भी की जा रही है, कौन-कौन से रास्ते हैं, उसे देख जा रहा है.

### 1997 के बैंड ने बढ़ाई रौनक

पुलिस बैंड टीम में शामिल बैंड मेजर छेदी लाल गुप्ता ने बताया कि हम लोग साल 1997 से बैंड बजा रहे हैं. आठ लोगों की टीम में रामदरश, इन्द्रेश प्रसाद, रामजी गोड़, अवधेश कुमार राम मिलन, महेन्द्र, काले थापर शामिल थे. बैंड बाजे की धुन से पूरे प्रोग्राम की रौनक और बढ़ गई.

# किशोरी का अपहरण कर 2 माह तक अश्लील हरकत करती रही लेडी डॉन




GORAKHPUR (30 June): पिपराइच की एक किशोरी को मूवी में काम दिलाने के बहाने अपहरण कर दो माह तक अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है. ग्वालियर की एक लेडी ने किशोरी को 2 महीने तक बंधक बनाकर रखा और उसके साथ होमो सेक्स किया. होमो सेक्स का वीडियो भी बना लिया. पुलिस के अनुसार वह वीडियो के जरिए एडल्ट पिक्चर बनाकर पैसे कमाना चाहती थी.

### सर्विलांस के माध्यम से किशोरी तक पहुंची पुलिस

इधर, अपहरण का केस दर्ज कर जांच में जुटी पिपराइच पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से किशोरी का पता लगा लिया. पुलिस मंगलवार को ग्वालियर पहुंची और किशोरी को मुक्त कराकर आरोपी युवती ग्वालियर (मध्यप्रदेश) जनकगंज क्षेत्र के शिवनगर घोषीपुरा की रहने वाली माधुरी रजावत को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस वहां से उसे ट्रांजिट रिमांड लेकर गुरुवार को गोरखपुर आई और कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया. पुलिस ने आरोपी लेडी किडनैपर के खिलाफ अपहरण, पाक्सो एक्ट, अप्राकृतिक दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है. वहीं पुलिस ने बरामद किशोरी को बाल कल्याण समिति गोरखपुर को भेज दिया.किशोरी मूल रूप से कुशीनगर की रहने वाली है. वह पिपराइच क्षेत्र में अपने ननिहाल में रह कर पढ़ाई करती थी. यूट्यूब व फेसबुक चैटिंग के जरिए आरोपी माधुरी रजावत ने किशोरी से दोस्ती कर लिया. 18 जून की रात दो बजे वह गोरखपुर आई और किशोरी को घर से लेकर चली गई थी. पिपराइच पुलिस ने 21 जून को अज्ञात युवती पर अपहरण का केस दर्ज किया था.

### दो माह पहले फेसबुक के जरिए युवती से हुइ थी बात

किशोरी ने बताया कि दो माह पूर्व मन्नू नामक लड़की से उसकी दोस्ती फेसबुक के जरिए हुई थी. मन्नू नामक लड़की एडल्ट फिल्मों के बारे में बात करती थी. बाद में उसकी दोस्ती माधुरी रजावत से भी फेसबुक के जरिए ही हुई. माधुरी रजावत नें उसे अमीर बनाने का लालच दिया और फिल्मों में काम दिलाने का वादा किया.

### ग्वालियर जाने के बाद गैंग के बारे में पता चला

किशोरी ने बताया कि जब वह ग्वालियर किडनैपर के घर गई तब उसे पता चला कि इनका एक बड़ा गैंग है. माधुरी ने किशोरी के साथ समलैंगिक संबंध बनाया. इसके अलावा माधुरी ने किशोरी को अपने कई दोस्तों के घर भी भेजा. बाद में उसे छोड़ने के लिए दस हजार रुपए की मांग करने लगी. इस दौरान किशोरी ने किसी तरह छिपकर अपनी मौसी से फोन कर बात की और आपबीती बताई. किशोरी का फोन आने पर कार्रवाई तेज कर दी गई, जिसके बाद विवेचक ग्वालियर पहुंच गए और किशोरी को मुक्त कराकर आरोपी माधुरी रजावत को गिरफ्तार कर लिया.

**"पिपराइच से अपहरण की गई किशोरी को बरामद कर अपहरण करने वाली माधुरी को भी अरेस्ट कर जेल भेज दिया गया है. माधुरी किशोरी की एडल्ट फिल्म बनाकर उससे पैसा कमाना चाहती थी.**

मनोज कुमार अवस्थी, एसपी नार्थ

# किशोरी से गैंगरेप
# बेहोश छोड़कर भागे दरिंदे

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



पुलिस गिरफ्त में गैंगरेप के आरोपित.

**SHOCKING**

5 युवकों ने नवीं की छात्रा से किया गैंगरेप, पिता की तहरीर पर 5 पर केस, 4 हुए अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (30 June): शहर के एक स्कूल में 9वीं क्लास में पढ़ने वाली एक किशोरी के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है. किशोरी अपने साथ पढ़ने वाले किशोर के साथ ही कुसम्ही जंगल गई थी. जहां पर चार युवकों ने किशोरी को बंधक बनाकर उसके साथ गैंगरेप किया. पिता की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी के साथ पढ़ने वाले साथी समेत पांच युवकों के खिलाफ केस दर्ज कराया, जिस पर 4 आरोपियों को गुरुवार को अरेस्ट भी कर लिया गया.

### खोराबार का किशोर ले गया था जंगल

कुशीनगर जिले के हाटा थाना क्षेत्र स्थित मुंडेरा उपाध्याय गांव निवासी नौवीं क्लास में पढ़ने वाला स्टूडेंट खोराबार इलाके में किराये पर रहकर पढ़ाई करता है. उसी स्कूल में खोराबार इलाके की रहने वाली किशोरी भी नौवीं में पढ़ती है. आरोप है कि 27 जून को किशोरी को साथ लेकर किशोर खोराबार से वनसप्ती रास्ते कुसम्ही जंगल में घुमाने ले गया था. इसी दौरान आरोपी चारों युवक आ गए. युवकों ने उन्हें घेरकर किशोर को भगा दिया और इसके बाद चारों ने गैंगरेप किया. इधर, किशोर सड़क पर पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी तो वह मौके पर पहुंची.

### आरोपित ने बताए बाकी साथियों के नाम

पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया,8 जिसके बाद अन्य तीनों का नाम भी पता चला. पुलिस ने एक अन्य आरोपित सुरेंद्र पासवान पुत्र शत्रुघ्न निवासी जंगल सिकरी खोराबार और वकील पासवान को गिरफ्तार कर लिया. जबकि किशोरी के साथ पढ़ने वाले स्टूडेंट को पुलिस ने पहले ही पकड़ लिया था. वहीं अन्य दो आरोपित फरार हैं. उधर, घटना की जानकारी के बाद थाने पहुंचे किशोरी के पिता बेटी को साथ लेकर आए. उन्होंने स्कूल में किशोरी के साथ पढ़ने वाले स्टूडेंट समेत पांचों युवकों के खिलाफ तहरीर दी. पुलिस ने गैंग रेप और 5/6 पाक्सो के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार तीन आरोपितों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया. छात्र नाबालिग है. लिहाजा उसे बाल सुधार गृह भेजा गया है. अन्य दोनों को गोरखपुर जेल भेजा गया है. वहीं दो अन्य आरोपितों की तलाश जारी है.

### सोमवार को भी एक किशोरी से छेड़खानी

खोराबार इलाके में ही सोमवार को भी एक किशोरी के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया था. किशोरी की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही कुछ युवक किशोरी का हाथ पकड़क खीचने लगा. किसी तरह किशोरी वहां से हाथ छुड़ाकर निकली.

### साथी युवक की पिटाई की

आरोप है कि बीच जंगल में चार अन्य युवक आ गए. युवकों ने दोनों को घेर लिया और किशोरी के साथ आए किशोर की पिटाई कर उसे भगा दिया. इसके बाद बारी-बारी से चारों युवकों ने किशोरी के साथ रेप किया. उधर, पिटाई से घायल छात्र किसी तरह मुख्य सड़क तक पहुंचा और पीआरवी को सूचना दी. सूचना के बाद खोरबार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. उधर, पुलिस के पहुंचने से पहले ही चारों आरोपी किशोरी को बेहोशी हाल में छोड़कर फरार हो गए. किशोरी से घटना के बारे में पूछताछ में एक आरोपी भोलू उर्फ विशाल यादव पुत्र अशोक यादव निवासी जंगलसिकरी खोराबार के बारे में पुलिस को जानकारी हुई.

**"गैंगरेप की घटना में पांच के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है. पीड़िता के पिता की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल चार आरोपियों को अरेस्ट भी कर लिया है. एक की तलाश जारी है, बहुत जल्द उसे भी अरेस्ट कर लिया जाएगा.**

कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी

# सीओ सहित 15 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

**गोरखपुर।** 30 जून को गोरखपुर पुलिस विभाग में कार्यरत एक सीओ, सात दरोगा, तीन हेड कांस्टेबल, एक कांस्टेबल और चार अनुचर को रिटायर होना था लेकिन इनमें एक दरोगा राम सुंदर चौबे की रिटायरमेंट से एक दिन पहले ही हार्ट अटैक से मौत हो गई जबकि सीओ समेत 15 पुलिकर्मियों को एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने पुलिस विदाई दी और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

# चौराहों पर पर सीसीटीवी लगवाएगी ऐश्प्रा

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** शहर के छह चौराहे, गलियों में ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेलर्स की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे।

इसके लिए गुरुवार को एडीजी अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस टीम के साथ पार्क रोड स्थित ऐश्प्रा शोरूम पहुंचे थे। पुलिस बैंड के बीच ही अफसरों ने निदेशक अतुल सर्राफ व अनूप सर्राफ को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। एडीजी ने दोनों कारोबारियों के पहल की सराहना की।ऐश्प्रा ग्रुप के निदेशक अतुल सर्राफ व अनूप सर्राफ ने बताया ऐश्प्रा तिराहा (पार्क रोड), गांधी गली, हिंदी बाजार में अपने पुराने शोरूम मार्ग पर, वीर बहादुर सिंह चौराहा, अंबेडकर चौक व विजय चौक को गोद लिया है। इन चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा ऐश्प्रा ग्रुप लगवाएगा। इससे शहर की सुरक्षा और बढ़ेगी और लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने एडीजी जोन अखिल कुमार के इस पहल की सराहना की।



गुरुवार को एडीजी ने निदेशक अतुल सराफ व अनूप सराफ को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। ● हिन्दुस्तान

# दंगाइयों की निगरानी को थानों पर होगा ड्रोन

**तैयारी**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** दंगाइयों की निगरानी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिहाज से अब थानों पर भी ड्रोन की व्यवस्था कराई जाएगी। ताकि न सिर्फ समय से बवाल पर काबू पाया जा सके बल्कि मनोवैज्ञानिक दबाव भी बनाया जा सके। ट्रायल के तौर संवदेनशील इलाके वालों थानों से इसकी शुरुआत की जा सकती है। ड्रोन चलाने के लिए पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग कराई जाएगी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार ने ड्रोन की व्यवस्था और ट्रेनिंग कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

सीएए का विवाद हो या फिर नूपुर शर्मा से जुड़े विवाद को लेकर प्रदर्शन, हर बार कानून व्यवस्था संभालने के लिए ड्रोन कैमरे की जरूरत सबसे ज्यादा महसूस की गई। ड्रोन से न सिर्फ दंगाइयों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने में पुलिस कामयाब रही बल्कि पत्थरबाजों का चेहरा भी सामने आया। उनकी गिरफ्तारियां हुई और उनसे जुड़े लोगों पर सख्ती की गई।

इन सब के बीच यह पाया गया कि विवाद के बाद मौके पर ड्रोन पहुंचने में समय लगा या फिर एक साथ कई जगह निगरानी नहीं की जा सकी। यही वजह है कि अब थानों पर भी ड्रोन टीम बनाने की तैयारी है। इसकी शुरुआत संवेदनशील इलाके के थानों से होगी। गोरखपुर में खासतौर पर कोतवाली सर्किल के थानों के साथ ही गोरखनाथ थाने पर इसकी प्राथमिकता दी जाएगी, वहीं कैंट का इलाका बड़ा होने के साथ ही इस इलाके में महत्वपूर्ण ऑफिस और भवन होने से यहां भी ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा।

## अभी केवल पुलिस लाइंस में ही ड्रोन उपलब्ध

अभी तक केवल जिलों की पुलिस लाइंस में ही ड्रोन उपलब्ध है। जहां से उपद्रव, जुलूसों आदि में निगरानी के लिए उपयोग किया जाता है। अधिकांश जिलों की पुलिस लाइंस में एक से दो ड्रोन कैमरे हैं तो कुछ छोटे जिलों में एक भी ड्रोन नहीं है। दूसरे जिलों की पुलिस लाइंस से ड्रोन मंगाया जाता है या फिर किराए पर लिया जाता है।

## रखे-रखे कबाड़ हो गया ट्रैफिक विभाग का ड्रोन

जिले में ट्रैफिक पुलिस के पास भी एक ड्रोन है। करीब सात साल पहले यह ड्रोन खरीदा गया था। इसकी क्षमता 5 किलोमीटर से ज्यादा बताई गई थी। कीमत लाखों में थी लेकिन खरीदकर आने के बाद यह एक भी उड़ान नहीं भर पाया है। जब इसे उड़ाने की तैयारी हुई तो पता चला कि ड्रोन तो आ गया है लेकिन इसकी बैट्री नहीं आई है।



## ड्रोन से ये लाभ होंगे

- थाना क्षेत्रों में निकलने वाले जुलूसों की निगरानी हो सकेगी।
- धरना प्रदर्शन, चक्का जाम में ड्रोन से निगरानी हो सकेगी।
- बवाल या उपद्रव के समय दंगाइयों की निगरानी हो सकेगी।
- त्योहारों के पहले इसका प्रयोग थानास्तर पर हो सकेगा।
- पत्थराबाजों को चिह्नित कर कार्रवाई करने में आसानी होगी।

# पुलिस पर हमले के आरोपित की जमानत खारिज

**गोरखपुर।** पुलिस पर फायरिंग करने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश शशि भूषण कुमार शांडिल ने बिहार प्रांत के कटिहार जिले के कोड़ा थानाक्षेत्र के नवा टोला जुराबगंज निवासी आरोपित करन उर्फ संजय यादव की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

# गोरखपुर के नए जेलर बने अरुण कुमार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : प्रदेश सरकार ने कारागार विभाग में भी बड़ी संख्या में तबादले किए हैं। प्रदेश की 29 जेलों को नए जेलर मिल गए हैं। पुलिस महानिदेशक कारागार ने प्रदेश के 14 जेलरों का तबादला करने के साथ ही 15 डिप्टी जेलरों को प्रमोशन देते हुए उन्हें जेलर के पद पर नई तैनाती दे दी है। आदित्य कुमार बदायूं से जिला कारागार महाराजगंज भेजे गए। प्रेम सागर शुक्ला गोरखपुर से जिला कारागार उरई, अरविंद कुमार श्रीवास्तव महाराजगंज से जिला कारागार सीतापुर भेजे गए हैं।

इसी प्रकार डिप्टी जेलर से जेलर पद पर प्रमोशन पाने वालों में प्रदीप कुमार कश्यप को जिला जेल गोरखपुर भेजा गया है। अरुण कुमार को जिला जेल गोरखपुर में जेलर के पद पर नई तैनाती दी गई है।

## आरटीओ प्रवर्तन बने विजय

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : प्रदेश सरकार ने गुरुवार को परिवहन विभाग के दो उप परिवहन आयुक्त सहित 39 अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें नौ संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) व 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) शामिल हैं। परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू की ओर से जारी आदेश में आरटीओ प्रवर्तन गाजियाबाद विजय कुमार सिंह को आरटीओ प्रवर्तन गोरखपुर के पद पर तबादला किया गया है। एआरटीओ प्रशासन कन्नौज संजय कुमार झा को एआरटीओ प्रशासन गोरखपुर बनाया गया है। इसी प्रकार एआरटीओ प्रशासन गोरखपुर श्याम लाल राम को एआरटीओ प्रर्वतन द्वितीय दल वाराणसी बनाया गया है।

# सीओ सहित 15 पुलिस कर्मी हुए सेवानिवृत्त



पुलिस लाइन में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को विदाई देते एसएसपी डा. विपिन ताडा व अन्य अधिकारी • **जागरण**

**जासं. गोरखपुर** : सीओ चौरी चौरा रहे डा. अखिलानंद उपाध्याय समेत 15 पुलिसकर्मी गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए। पुलिस लाइन में एसएसपी डा. विपिन ताडा ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व उपहार देकर विदाई दी।

एसएसपी डा. विपिन ताडा ने कहा कि सीओ अखिलानंद उपाध्याय, उनि निरीक्षक राम नसीब, कमलेश्वर दूबे, बृजेश कुमार शुक्ल, सत्येन्द्र नाथ राय, उग्रसेन यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव , मुख्य आरक्षी मार्कंडेय यादव, राम बचन यादव, जगन्नाथ मिश्र, आरक्षी राम विभाष सिंह, अनुचर राम दुलारे चौरासिया, श्रीकान्त मौर्य, झकरी, झीनक ने सेवाकाल के दौरान पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीओ लाइन व प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

# दस लाख हड़पने वाले पर केस दर्ज

पीपीगंज। दूसरे की भूमि दिखाकर दस लाख रुपये हड़पने के आरोपित के खिलाफ पीपीगंज पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीपीगंज कस्बा निवासी एवं भाजपा नेता प्रमोद कुमार अग्रहरी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि शाहपुर क्षेत्र के शिवपुर निवासी देवेन्द्र अग्रहरी ने राप्तीनगर में एक भूमि के टुकड़ा को दिखाकर उसे अपना बताया। भूमि बिक्री के लिए 25 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। बैनामा करने के लिए उन्होंने फरवरी 2020 में दस लाख रुपया दिया। इसके बाद वह आनाकानी करने लगा। बाद में मालूम चला कि उसने जिस भूमि को दिखाकर रुपया लिया है वह दूसरे की है। इसपर दबाव बनाने पर उसने दो चेक दिया जो बाउंस हो गया। पीड़ित ने एसएसपी से गुहार लगाई।

# पति समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज

बांसगांव। विवाहिता की तहरीर पर बांसगांव पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

देवरिया जिले के गौरी बाजार क्षेत्र के खैरा गांव निवासी राजेन्द्र राय की बेटी अंकिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनकी शादी अप्रैल 2021 में बांसगांव क्षेत्र के कनइचा गांव निवासी बृजेश पुत्र श्रीकिशुन राय के साथ हुई। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही उनकी ननद मीरा और नीरू दहेज की मांग को लेकर तरह-तरह से उत्पीड़न करने लगीं। इसके बाद अंकिता की तहरीर पर ससुरालियों पर केस दर्ज कर लिया।

# एक नजर में

## फरार हत्यारोपित पिता-पुत्र गिरफ्तार, जेल भेजा

गोरखपुर : हत्या के आरोपित पिता-पुत्र को चिलुआताल पुलिस ने गुरुवार की सुबह महुआतर के पास गिरफ्तार किया। दोनों के ऊपर 25-25 हजार रुपये का इनाम था। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि नौ जून 2021 को चिलुआताल थाना क्षेत्र में देवीपुर गांव के लक्ष्मणपुर टोला निवासी रामसांवर ने अपने बेटे संजय निषाद समेत छह लोगों के साथ मिलकर भूमि विवाद में पट्टीदार की पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में छह लोगों पर साजिश के तहत हत्या, बलावा व मारपीट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दो आरोपितों को जेल भेज दिया था। फरार चल रहे रामसांवर व संजय को गुरुवार की सुबह महुआतर के पास गिरफ्तार किया। दोनों कोर्ट में आत्मसमर्पण करने की तैयारी में थे।

## हत्या के दो आरोपितों को आजीवन कारावास

**गोरखपुर:** हत्या कर लाश छिपाने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम धोबौली निवासी अभियुक्त संजय सिंह व संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद थाना क्षेत्र के मंझरिया निवासी अभियुक्त अनिल सिंह को आजीवन कारावास एवं 15 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को नौ माह कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी पुन्नू का लड़का रमजान अपनी पत्नी को कुछ दिन पहले संजय सिंह के घर धोबौली पहुंचाकर आया था। 11 मार्च 2011 को संजय सिंह के बहन की शादी थी, जिसमें वादी का लड़का भी गया था। दूसरे दिन वादी का लड़का घर नहीं आया। वादी द्वारा उसके मोबाइल पर फोन करने पर वह बंद मिला। वादी अपने लड़के की तलाश करता हुआ संजय सिंह के घर पहुंचा। वहां न तो उसका लड़का मिला और न ही संजय सिंह। 17 मार्च 2011 को ग्राम बिगही में गेहूं के खेत में रमजान की लाश मिली। वादी के लड़के ने अंतरजातीय विवाह किया था। उसकी पत्नी अभियुक्त अनिल सिंह की बहन तथा संजय सिंह की मौसेरी बहन थी। इसी के चलते रमजान की हत्या कर लाश छिपा दी थी।

# पुलिस पर हमला करने के दो आरोपितों का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

**जासं, गोरखपुर :** पुलिस पर हत्या की नीयत से फायरिंग करने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश शशि भूषण कुमार शांडिल ने बिहार प्रांत के कटिहार जिला अंतर्गत कोढ़ा थाना क्षेत्र के नवा टोला जुराबगंज निवासी आरोपित करन उर्फ संजय यादव एवं विरेन्द्र यादव का जमानत प्रार्थना पत्र अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार मिश्र एवं राम प्रकाश सिंह का कहना था 28 अप्रैल 2022 को वादी मुकदमा एसएचओ कैंट शशि भूषण राय अपने हमराहियों के साथ ड्यूटी पर मोहद्दीपुर चौराहे पर मौजूद था। मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो मोटर साइकिल पर चार बदमाश पैडलेगंज की तरफ से मोहद्दीपुर की तरफ आ रहे हैं। थोड़ी देर बाद चारों बदमाश आते दिखाई दिए। पुलिस वालों ने रोकने का प्रयास किया तो दोनों मोटर साइकिल सवार बदमाश पुलिसवालों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दिए। पुलिस वालों ने अपनी जान बचाते हुए जवाबी फायरिंग की। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम हैरान कुमार यादव, करन यादव, वीरेंद्र यादव व किशन यादव बताया।

## धोखाधड़ी के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर :** धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने के आरोपित देवरिया जिले के बघौच थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ा निवासी रामायण सिंह का जमानत प्रार्थना पत्र अपर सत्र न्यायाधीश विनय आर्या ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया है। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव व विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल का कहना था कि वादी प्रसन्ना जैन छत्तीसगढ़ की महावीर कालोनी का निवासी है। तीन माह पूर्व रामायण सिंह मरचाहे बाबा की कुटी पर लेकर गया और दर्शन कराया। वहां से रेलवे क्रासिंग फरेंदा ले गया। जहां तीन गाड़ी पर चार पांच लोग आए और वादी के बैग में रखे आठ लाख रुपये धोखाधड़ी से लेकर फरार हो गए।

# छह चौराहों पर कैमरे लगवाएगा ऐश्प्रा ग्रुप, एडीजी ने किया सम्मानित



आपरेशन त्रिनेत्र के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान ऐश्प्रा के सामने अतुल सर्राफ तथा अनुप सर्राफ का बैंड बाजे के साथ स्वागत करते एडीजी अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण विश्नोई व अन्य पुलिस अधिकारी • जागरण

**जासं. गोरखपुर** : ऐश्प्रा ग्रुप शहर के छह चौराहों पर सीसी कैमरे लगवाएगा। एडीजी जोन अखिल कुमार गुरुवार की सुबह एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ पार्क रोड स्थित ऐश्प्रा शोरुम पहुंचे थे। पुलिस बैंड के बीच अधिकारियों ने निदेशक अतुल सर्राफ व अनूप सर्राफ को माला पहनाकर सम्मानित किया। एडीजी ने दोनों कारोबारियों की पहल की सराहना की। ऐश्प्रा ग्रुप के निदेशक अतुल सर्राफ व अनूप सर्राफ ने बताया कि गोलघर स्थित ऐश्प्रा तिराहा, गांधी गली, हिंदी बाजार, वीर बहादुर सिंह चौराहा, अंबेडकर चौक व विजय चौक को गोद लिया है। इन चौराहों पर सीसी कैमरे ऐश्प्रा ग्रुप लगवाएगा।

# मुकदमों का निस्तारण प्राथमिकता : मुख्य न्यायाधीश

## बार एसोसिएशन ने किया हाई कोर्ट इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिन्दल का सम्मान

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** हाई कोर्ट इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिन्दल ने कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य है। यहां लंबित मुकदमों की संख्या भी अधिक है इसलिए मुकदमों का शीघ्र निस्तारण हमारी प्राथमिकता है। यह बार (अधिवक्ता) एवं बेंच (न्यायाधीश) के आपसी सहयोग से ही संभव है।

दो दिवसीय निजी दौरे गुरुवार को दोपहर बाद गोरखपुर आए मुख्य न्यायाधीश बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के सभागार में एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार का गौरवशाली इतिहास रहा है।

- अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर की समस्याओं के निराकरण की मांग
- उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य इसलिए यहां लंबित मुकदमों की संख्या भी अधिक



बार एसोसिएशन सभागार में बार की वेबसाइट लांच करते हाई कोर्ट इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिन्दल ● जागरण

यहां के अधिवक्ता विभिन्न सम्मानित पदों पर रहे हैं। मुकदमों के त्वरित निस्तारण से आम जनमानस में न्याय के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। आज तकनीक से समस्याओं के समाधान में आसानी हो रही है। उन्होंने बार एसोसिएशन द्वारा अपनी वेबसाइट लांच करने की सराहना की। बार एसोसिएशन द्वारा मुख्य न्यायाधीश को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने, वाणिज्यिक न्यायालय को दीवानी न्यायालय परिसर में स्थानांतरित करने, सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट के निर्णय और उसके दिशा-निर्देश को निचली अदालतों द्वारा सुचारू रूप से पालन करने सहित विभिन्न मांगें कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने की। संचालन मंत्री धीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया।

इस दौरान प्रशासनिक न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा, रजिस्ट्रार जनरल आशीष गर्ग, जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी, प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### लाइट एंड साउंड शो के जरिए देखी गोरखपुर की गौरवगाथा

**गोरखपुर :** मुख्य न्यायाधीश गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना एवं गीता प्रेस का भ्रमण करने के बाद शाम 7.50 बजे रामगढ़ताल के किनारे नौकायन पहुंचे। वहां उन्होंने लाइट एंड साउंड शो देखा। आधे घंटे के इस शो में जल तरंगों के जरिए गोरखपुर की गौरवगाथा दिखाई गई। पानी में उभरती आकृतियां जिले के इतिहास के वर्णन को जीवंत बना रही थीं। गोरखपुर के नामकरण से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन में यहां के योगदान की चर्चा की गई। रामगढ़ताल की बदहाल स्थिति से लेकर आज के मनोरम दृश्य की यात्रा बताई गई। इस शहर के विकास में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में भी बताया गया। शो के जरिए पर्यावरण एवं रामगढ़ताल को स्वच्छ रखने की अपील भी की गई। मुख्य न्यायाधीश के आगमन के दृष्टिगत नौकायन क्षेत्र को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। शो की समाप्ति के बाद बोटिंग की भी व्यवस्था थी लेकिन मुख्य न्यायाधीश नौकायन व सजाई गई नावों की भव्यता निहारने के बाद आराम करने के लिए एनेक्सी भवन रवाना हो गए। उनके साथ जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, एसएसपी डा. विपिन ताडा, जीडीए सचिव उदय प्रताप सिंह, एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्लेटफार्म पर युवक ने बैग में लगाई आग, आरपीएफ ने पकड़ा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर गुरुवार की सुबह युवक ने अपने बैग पर पेट्रोल डाल आग लगा दी। अपने ऊपर भी पेट्रोल डालने का प्रयास करने लगा। प्लेटफार्म पर मौजूद आरपीएफ के जवानों ने उसे पकड़ लिया। बैग में लगी आग बुझाने के बाद पश्चिमी चंपारण (बिहार) के रहने वाले युवक का रेलवे एक्ट में चालान कर दिया।

सुबह 10.30 बजे बैग के साथ 24 वर्षीय युवक प्लेटफार्म नंबर दो के पूर्वी छोर पर पहुंचा। कुछ देर प्लेटफार्म पर टहलने के बाद बैग से पेट्रोल की बोतल निकालकर बैग पर गिराकर आग लगा दी। बोतल में बचा पेट्रोल अपने ऊपर गिराता, इससे पहले प्लेटफार्म पर मौजूद आरपीएफ जवानों ने उसे पकड़ लिया। आग बुझाने के बाद आरपीएफ के जवान युवक को पोस्ट पर ले आए। पूछताछ में उसकी पहचान पश्चिमी चंपारण के नकटियागंज वार्ड नंबर एक, मनिहारी, बरवा बरौली निवासी विद्यानंद चौधरी के रूप में हुई। छानबीन में पता चला कि दो माह से विद्यानंद शहर के नंदानगर में अपने मित्र के साथ रहकर मजदूरी करता है। फोन पर पिता केशव चौधरी ने आरपीएफ व जीआरपी के अधिकारियों ने बात की तो पता चला कि विद्यानंद चार भाइयों में तीसरे नंबर का है। पत्नी के मायके से न आने की वजह से वह परेशान रहता है।



स्टेशन पर बैग में आग लगाने वाला युवक आरपीएफ की गिरफ्त में ● इंटरनेट मीडिया

- **पश्चिमी चंपारण (बिहार) का रहने वाला युवक करता है मजदूरी**
- **पूछताछ के बाद आरपीएफ ने रेलवे एक्ट में भेजा जेल**

### सुरक्षा पर उठे सवाल

प्लेटफार्म नंबर दो पर ज्वलनशील पदार्थ लेकर युवक के दाखिल होने की घटना के बाद स्टेशन परिसर की सुरक्षा-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। गनीमत रहा कि गुरुवार को कोई हादसा नहीं हुआ।

# मुख्य न्यायाधीश ने मंदिर पहुंच किया दर्शन

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल का स्वागत कर की बातचीत

**जासं, गोरखपुर** : इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर जाकर बाबा गोरखनाथ के दरबार में शीश नवाया और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा भी मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश करीब डेढ़ घंटे तक मंदिर परिसर में रहे।

मंदिर पहुंचने पर मुख्य न्यायाधीश का मुख्यमंत्री ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और खुद बाबा के दरबार में ले जाकर दर्शन-पूजन कराया। इस दौरान वेदपाठी छात्रों के वेद मंत्रोच्चार से पूरा परिसर गूंजता रहा। पूजन प्रक्रिया गुरु गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ के प्राचार्य डा. अरविंद चतुर्वेदी ने पूरी कराई। पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य न्यायाधीश और प्रशासनिक न्यायमूर्ति को लेकर गोरक्षपीठाधीश्वर कक्ष में गए। कक्ष में करीब सवा घंटे तक उनके बीच बातचीत हुई। मुख्यमंत्री ने मुख्य न्यायाधीश को अंगवस्त्र और टेराकोटा की भगवान गणेश की मूर्ति देकर गोरखनाथ मंदिर से विदाई की।



गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल को टेराकोटा से बनी गणेश प्रतिमा भेंट करते मुख्यमंत्री योगी ● सौ .गोरखनाथ मंदिर

### मुख्यमंत्री आज करेंगे संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**गोरखपुर** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बीआरडी मेडिकल कालेज से प्रदेशव्यापी संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ सुबह 10 .30 बजे करेंगे। एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण और 16 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की पूर्व की उपलब्धियों की चर्चा भी करेंगे। उसके बाद विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं संबंधित विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम का प्रदेश के सभी 75 जिलों में वर्चुअल प्रसारण किया जाएगा। सभी जिलों में कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। पूर्वी उत्तर प्रदेश से इंसेफलाइटिस समेत अनेक संक्रामक रोगों के नियंत्रण में इन दोनों अभियानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अभियान के दौरान स्वच्छता, शुद्ध पेयजल और रोगों की रोकथाम के उपाय किए जाएंगे।

## निश्शुल्क भोजन वाहन को हरी झंडी दिखाएंगे सीएम

**गोरखपुर** : गैलेंट समूह जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाने की मुहिम शुरू करने जा रहा है। समूह ने रोज एक हजार लोगों का पेट भरने का निर्णय लिया है और शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस योजना का शुभारंभ करेंगे। समूह की ओर से तैयार किए गए निश्शुल्क भोजन वाहन को मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित पुलिस चौकी के सामने से सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गैलेंट समूह के चेयरमैन चंद्र प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि मरीज के साथ अस्पताल आने वाले तीमारदारों के लिए भोजन की व्यवस्था करना एक चुनौती होती है।

ऐसे जरूरतमंद लोगों को ध्यान में रखते हुए निश्शुल्क भोजन कराने का निर्णय लिया है। फैक्ट्री में बेस किचन बनाया गया है और वहां से खाना मोबाइल वैन के जरिए लाया जाएगा। अलग-अलग अस्पतालों के सामने वैन खड़ी की जाएगी और लोगों को भोजन कराया जाएगा। अस्पतालों के अतिरिक्त भी जहां जरूरतमंद लोग होंगे, उन्हें भी निश्शुल्क भोजन कराया जाएगा।

**गीताप्रेस का भ्रमण कर देखी प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां** : इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिन्दल ने गुरुवार को गीताप्रेस का भ्रमण किया। लीला चित्र मंदिर व प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां देखकर वह आह्लादित हुए और प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। यहां सबकुछ सुंदर व दर्शनीय है। मुख्य न्यायाधीश सायं लगभग 7 .30 बजे पहुंचे और आधा घंटा गीताप्रेस में रहे। उनके साथ जिला जज तेज प्रताप तिवारी, एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई भी थे। गीताप्रेस के प्रबंधक लालमणि तिवारी ने उन्हें लीला चित्र मंदिर का भ्रमण कराया। एक-एक चित्रों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने हस्तलिखित पांडुलियों को देखा। वर्षों पुरानी पांडुलिपियां सुरक्षित देखकर उन्होंने प्रशंसा की। इसके बाद उन्हें प्रेस का भ्रमण कराया गया।

# प्रापर्टी डीलर ने हड़पे 10 लाख रुपये, मुकदमा

पीपीगंज : पीपीगंज थाना पुलिस ने 10 लाख रुपये के गबन के आरोप में शाहपुर थाना क्षेत्र निवासी देवेंद्र कुमार अग्रहरि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीपीगंज नगर के प्रमोद अग्रहरी ने देवेंद्र कुमार पर आरोप लगाया था कि उसने भूमि देने के नाम पर उससे 2020 में दस लाख रुपये नकद लिया था। दो वर्ष में उसने उसे न भूमि दी और न ही रुपये। रुपये मांगने पर आरोपित उसे धमकी देता था। आरोपित ने उसे दस-दस लाख रुपये का दो चेक भी दिया था, लेकिन उसके खाते में रुपये नहीं होने से दोनों चेक बाउंस हो गए। पीपीगंज थाना पुलिस ने गुरुवार को आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# मोबाइल नंबर की मदद से पकड़े गए दुष्कर्म के आरोपी

गोरखपुर। पुलिस के मुताबिक, वारदात के बाद आरोपी विशाल उर्फ भोलू ने किशोरी को अपना मोबाइल नंबर भी दिया था। उसे धमकी दी थी कि इस नंबर पर संपर्क करना, नहीं तो जो घटना हुई है, उसकी जानकारी सबको हो जाएगी। इसी मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंच पाई है।

जंगल में इस तरह की वारदात पहले भी हो चुकी है। इसे देखते हुए ही बुढ़िया माई मंदिर के पास कुसम्ही जंगल में पुलिस पिकेट लगा दी गई थी। इसके बाद वहां पर वारदात कम हो गई, लेकिन अब सूबा बीट के पास इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। वहां स्कूल हैं, जहां से अक्सर छात्र-छात्राएं जंगल की ओर चले जाते हैं। छेड़खानी होती है। अब सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

>> *मुख्य खबर पेज एक पर*

## पहले भी जंगल में हो चुकी है इस तरह की वारदात

**28 जून 2017:** देवर और छोटी बहन के साथ बुढ़िया माई मंदिर दर्शन करने आई महिला को तीन युवकों ने जंगल में खींचकर ले जाने की कोशिश की थी। विरोध करने पर देवर की पिटाई कर दी।

**28 फरवरी 2017:** बुढ़िया माई मंदिर में दर्शन के लिए आई लड़कियों से छेड़खानी की गई थी। विरोध करने पर ठेले वाले और पिता-पुत्र को मनबढ़ों ने पीट दिया।

**3 नवंबर 2016 :** बुढ़िया माई दर्शन को आए मामा-भांजी को दरोगा-सिपाही बनकर बदमाशों ने रोक लिया था और उनकी पिटाई कर दी थी। गहने और तीन हजार रुपये भी लूटे गए थे।

**5 सितंबर 2016 :** कुसम्ही जंगल गए राजघाट इलाके के दो युवकों और उनकी बहन के साथ घटना हुई थी। बदमाशों ने मोबाइल व नकदी लूटने के साथ ही युवती को जंगल में ले जाने की कोशिश की थी।

**13 फरवरी 2016 :** कुसम्ही जंगल में प्रेमिका के साथ आए युवक की पिटाई कर बदमाशों ने पर्स लूट लिया था। पर्स में पांच हजार रुपये थे। युवती से छेड़खानी भी की थी।

**1 जनवरी 2016 :** दोस्त के साथ नए साल का जश्न मनाने आई की छात्रा की पिटाई कर बदमाशों ने मोबाइल और सोने की अंगूठी लूट ली थी। विरोध करने पर उसके प्रेमी की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। बदमाशों ने छात्रा से छेड़खानी भी की थी।

# नर्सिंग होम में नवजात की मौत पर हंगामा

अमर उजाला ब्यूरो

## डॉक्टर सहित तीन पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**पीपीगंज।** इलाके के किरण चिल्ड्रेन सर्जिकल एवं आई हॉस्पिटल में बृहस्पतिवार सुबह दस बजे नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। डॉक्टर व स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नर्सिंग होम में तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौत की वजह जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात डॉक्टर सहित तीन लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, खजनी थाना क्षेत्र के कटैचा निवासी संतोष पांडेय की कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के महावनखोर के कंचनपुर में ससुराल है। उनकी पत्नी सरिता गर्भवती थीं और मायके में रहकर इलाज करा रहा रही थी।

बुधवार को दोपहर में प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने पीपीगंज स्थित किरण चिल्ड्रेन सर्जिकल व आई हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बुधवार शाम चार बजे ऑपरेशन से उनको एक लड़का पैदा हुआ। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बच्चे की हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज ले जाने की बात कही थी।

जबकि, परिजनों का कहना है कि ऐसा कुछ नहीं बताया गया। इसलिए हम लोगों ने डॉक्टरों की सलाह पर इसी अस्पताल के आईसीयू में उसे भर्ती करा दिया। बुधवार सुबह करीब 10 बजे अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि बच्चे की मौत हो चुकी है, जिसके बाद नवजात के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दी। अस्पताल संचालक की ओर से इस बात की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।

*बच्चा जब पैदा हुआ, तभी उसका ब्रेन सिर से बाहर निकला हुआ था। इस कंडीशन में बच्चों के बचने की क्षमता बहुत ही कम होती है। जिसके बारे में परिजनों को अवगत कराया गया था। लेकिन, परिजनों ने यहीं इलाज करने की सहमति दी। बच्चे का इलाज किया जा रहा था, लेकिन सुबह 10 बजे उसकी मौत हो गई।*

**– डॉ. श्याम बाबू गुप्ता,**
चिकित्सक, किरण चिल्ड्रेन सर्जिकल एवं आई हॉस्पिटल



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। अमर उजाला

# सीओ सहित 15 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पुलिस विभाग में कार्यरत एक सीओ, छह दरोगा, तीन वरिष्ठ सिपाही, एक सिपाही और चार अनुचर बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त हो गए। एसएसपी डा. विपिन ताडा सहित अन्य अधिकारियों ने इन पुलिकर्मियों को विदाई दी और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

इसके अलावा दरोगा राम सुंदर चौबे की सेवानिवृत्ति भी बृहस्पतिवार को होनी थी। लेकिन एक दिन पहले बुधवार को हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई थी। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने पुलिस उपाधीक्षक अखिलानंद उपाध्याय, दरोगा राम नसीब, दरोगा कमलेश्वर दुबे, दरोगा बृजेश कुमार शुक्ल, दरोगा सत्येन्द्र नाथ राय, दरोगा उग्रसेन यादव, दरोगा राजेन्द्र प्रसाद यादव, वरिष्ठ सिपाही मारकांडेय यादव, राम बचन यादव, मुख्य आरक्षी चालक जगन्नाथ मिश्र आदि को सम्मानित किया।

## 26वीं वाहिनी से रिटायर्ड हुए कर्मी

गोरखपुर। 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर में अपनी सेवाएं देने के बाद बृहस्पतिवार को मुख्य आरक्षी मोतीचंद्र गुप्ता, मुख्य आरक्षी सत्येंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी मरचु प्रसाद ,मुख्य आरक्षी रामचंद्र सिंह, कुक राम लगन सेवानिवृत्त हो गए। ब्यूरो

# हत्या के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार भेजे गए जेल

**गोरखपुर।** पट्टीदार की हत्या करने में वांछित चल रहे पिता-पुत्र को चिलुआताल पुलिस ने महुआतर के पास से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में थे। इसी बीच आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर जेल भिजवा दिया। आरोपियों पर एसएसपी ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान देवीपुर के लक्ष्मणपुर टोला निवासी संजय निषाद और रामसांवर के रूप में हुई।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। बताया कि दोनों पर पट्टीदार की हत्या का आरोप है। इस मामले में दोनों ही लंबे समय से फरार चल रहे थे। उनके ऊपर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। चिलुआताल इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा और उनकी टीम ने दोनों को महुआतर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि पुलिस के डर से वह फरार चल रहे थे। ब्यूरो

# किशोरी को अगवा कर महिला ने किया अप्राकृतिक दुष्कर्म

## पिपराइच इलाके से लापता किशोरी मध्य प्रदेश के ग्वालियर से मिली

अमर उजाला ब्यूरो

**पिपराइच।** इलाके से अपहृत किशोरी को मध्य प्रदेश के ग्वालियर से बृहस्पतिवार को बरामद कर लिया गया। इस मामले में पिपराइच पुलिस ने ग्वालियर की महिला माधुरी रजावत को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि महिला ने किशोरी को अगवा करके उससे अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पकड़ी गई आरोपी महिला की पहचान ग्वालियर के जनकगंज क्षेत्र के शिवनगर घोषीपुरवा निवासी माधुरी रजावत के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, कुशीनगर की मूल निवासी किशोरी अपने ननिहाल गोरखपुर के पिपराइच इलाके में रहती है। सोशल मीडिया की मदद से उसकी दोस्ती माधुरी रजावत से हुई थी। माधुरी 18 जून को गोरखपुर आई और जल्द ही अमीर बनाने का लालच देकर किशोरी को लेकर ग्वालियर चली गई।

### सोशल मीडिया के जरिए हुई थी दोस्ती, महिला को पुलिस ने भेजा जेल




ग्वालियर पहुंचने के बाद महिला ने किशोरी को प्रताड़ित किया। साथ ही उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। आरोप है कि महिला ने किशोरी को कई और दोस्तों के पास भी भेजा था। किशोरी ने जब गोरखपुर भेजने की बात कही तो महिला ने दस हजार रुपये की मांग कर दी। किशोरी ने किसी तरह फोन के माध्यम से अपने घरवालों से संपर्क किया। मोबाइल नंबर आने के बाद किशोरी के घरवालों ने पिपराइच थाने में अपहरण का केस दर्ज कराया। पुलिस ने मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लिया और किशोरी को ढूंढते हुए ग्वालियर पहुंच गई।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि पुलिस आरोपी महिला को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आई थी। पुलिस ने केस दर्ज करके महिला को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। किशोरी को बरामद कर लिया गया है।

# युवक की हत्या कर शव छिपाने के आरोपियों को आजीवन कारावास

अमर उजाला ब्यूरो

## कोर्ट ने पंद्रह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

गोरखपुर। हत्या कर शव छिपाने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम धोबौली निवासी संजय सिंह व संतकबीर नगर जिले के खलीलाबाद थाना क्षेत्र के मंझरिया गंगा निवासी अनिल सिंह को आजीवन कारावास एवं 15 हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को नौ माह कारावास अलग से भुगतना होगा।

जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुन्नू ने 17 मार्च 2011 दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा था कि उसका लड़का रमजान अपनी पत्नी को कुछ दिन पहले संजय सिंह के घर धोबौली पहुंचा कर आया था। 11 मार्च 2011 को संजय सिंह की बहन की शादी थी, जिसमे रमजान भी गया था। दूसरे दिन जब रमजान घर नहीं आया तो पुन्नू ने उसके मोबाइल पर फोन किया। फोन बंद था। पुन्नू अपने लड़के की तलाश करता हुआ संजय सिंह के घर पहुंचा तो वहां न तो रमजान मिला और न ही संजय सिंह। 17 मार्च 2011 को ग्राम विगही में गेहूं के खेत में रमजान की लाश मिली। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रमजान ने अंतरजातीय विवाह किया था और उसकी पत्नी अनिल सिंह की बहन और संजय सिंह की मौसेरी बहन थी। इसी रंजिश के चलते अभियुक्तों ने रमजान की हत्या कर लाश छिपा दी थी।




एडीजी अखिल कुमार व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस बैंड बजवाकर ऐश्प्रा समूह के निदेशक अतुल सराफ व अनूप सराफ का सम्मान किया। संवाद

# छह चौराहों पर सीसी टीवी कैमरे लगवाएगा ऐश्प्रा समूह

## एडीजी जोन ने अतुल सराफ व अनूप सराफ को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर के छह चौराहे व गलियों में ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स की ओर से सीसी टीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। इसकी एडीजी अखिल कुमार व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने तारीफ की है। साथ ही पुलिस टीम के साथ पार्क रोड स्थित ऐश्प्रा शोरूम गए और पुलिस बैंड बजवाकर ऐश्प्रा समूह के निदेशक अतुल सराफ व अनूप सराफ को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया।

ऐश्प्रा समूह के निदेशकों ने बताया कि ऐश्प्रा तिराहा (पार्क रोड), गांधी गली, हिंदी बाजार में अपने पुराने शोरूम की सड़क पर, वीर बहादुर सिंह चौराहा, आंबेडकर चौक व विजय चौक को गोद लिया है।

इन चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाएगा। इससे शहर की सुरक्षा और बेहतर हो सकेगी। कोई भी घटना होगी तो उसकी तह तक पुलिस पहुंच सकेगी।

सीसीटीवी कैमरे से अच्छी फोटो मिल जाएगी। एडीजी जोन ने पहल को सराहा और कहा कि इससे कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# निर्धारित रूट पर ही चलेंगे ई-रिक्शा

## संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी ने कहा कि ई-रिक्शा के लिए शहर में जो रूट निर्धारित किए गए हैं उन्हीं पर ई-रिक्शा का संचालन कराया जाए। मंडलायुक्त बृहस्पतिवार को मंडलायुक्त सभागार में आयोजित संभागीय परिवहन प्राधिकरण और मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मंडलायुक्त ने कहा कि सिविल एयरपोर्ट से प्रीपेड टैक्सी चलवाए जाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन इस दिशा में अबतक कोई कार्य नहीं हो सका। उन्होंने निर्देश दिया कि जीडीए सचिव, पुलिस अधीक्षक यातायात, उप नगर आयुक्त और संभागीय परिवहन अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा टेंडर जारी कर आगे की कार्रवाई की जाए। मंडलायुक्त ने ऑटो के लिए चार व बसों के 16 चिह्नित स्थानों पर स्टैंड विकसित किए जाने के निर्देश दिए। सीएनजी स्टेशन की खराब सर्विस पर उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द कार्यशैली में सुधार लाएं, वरना कार्रवाई होगी। डीजल व एलपीजी से चलने वाले ऑटो में रेट्रो फिटमेंट के लिए दो आवेदकों को प्राधिकार पत्र जारी किए जाने व दो आवेदकों के प्राधिकार पत्र नवीनीकृत किए जाने का निर्णय लिया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि ओवरलोड चलने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके साथ ही बैठक में स्कूलों में डीजल बसों को परमिट नहीं देने के आदेश को आगे बढ़ा दिया गया। स्कूलों में इलेक्ट्रिक बसें ही संचालित होंगी।



कमिश्नर सभागार में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक के दौरान कमिश्नर रवि कुमार एनजी ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित किया। संवाद

मंडलायुक्त ने सड़क के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े किए गए वाहनों के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संभाग के सभी एआरटीओ को निर्देश दिया कि वह सड़क के किनारे खड़े वाहनों विशेषकर भारी वाहनों को सीज करें। बैठक में अजय कांत सैनी अपर आयुक्त, अशोक कुमार सिंह, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) वाराणसी, डॉ. एमपी सिंह पुलिस अधीक्षक यातायात, अनीता सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### फरेंदा से महराजगंज मार्ग पर बढ़ेंगी बसें

*फरेंदा से महाराजगंज और नौतनवां से महाराजगंज मार्ग पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की कम बसों के संचालन से लोगों को दिक्कत हो रही है। ऐसे में तीन दिन के अंदर छह अतिरिक्त बसों का संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया है। महाराजगंज के एकसड़वा स्थान से ऑटो रिक्शा के परमिट जारी किए जाने का निर्णय लिया गया। ट्रांसपोर्ट नगर से व्यवसाय संचालित कर रही फार्वडिंग एजेंसियों को गीडा में तत्काल शिफ्ट कराए जाने और चिह्नित 50 ब्लैक स्पॉट पर जल्द सुधार वाले कार्य किए जाने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए।*

# बार व बेंच सहयोग से करें मुकदमों का त्वरित निस्तारण : मुख्य न्यायाधीश

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बार एसोसिएशन की वेबसाइट लांच की

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। लंबित मुकदमों की संख्या भी अधिक है। बार व बेंच के सहयोग से मुकदमों का निस्तारण त्वरित गति से किया जाए। इससे आम जनमानस में न्याय के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। तकनीकी के इस्तेमाल से समस्याओं के समाधान में सहूलियत हो रही है।

यह कहना है इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल का। वह बृहस्पतिवार को गोरखपुर आए और सभागार में बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट की वेबसाइट को लांच किया। मुख्य न्यायाधीश कहा कि इस बार का इतिहास बहुत पुराना है। बार से निकलने वाले अधिवक्ता सम्मानित पदों पर गए हैं। बार एसोसिएशन ने अपनी वेबसाइट लांच की है। यह काम अच्छा है। इससे पहले बार एसोसिएशन की तरफ से मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया गया।

इस मौके पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश/ प्रसाशनिक न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा, रजिस्ट्रार जनरल आशीष गर्ग, जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी, प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय व मंत्री धीरेंद्र द्विवेदी मौजूद रहे।



बार एसोसिएशन की वेबसाइट लांच करते मुख्य न्यायाधीश । अमर उजाला

### बार एसोसिएशन ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

*बार एसोसिएशन ने मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भी दिया। इसमें न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पदों को जल्द भरने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इसके अलावा वाणिज्यिक न्यायालय को दीवानी न्यायालय परिसर में स्थानांतरित किए जाने, गगहा और खजनी के फौजदारी मामलों की जो पत्रावलियां बाह्य न्यायालय बांसगांव में स्थानांतरित हो गई हैं, उसे वापस मंगाया जाने, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के पांच न्यायालयों में पत्रावलियां समान रूप से वितरित किए जाने की मांग भी शामिल रही।*

### 'गीता प्रेस में सब कुछ सुंदर और दर्शनीय'

**गोरखपुर।** मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने बृहस्पतिवार को गीता प्रेस का भ्रमण किया। उन्होंने लीला चित्र मंदिर व प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां देखकर प्रशंसा उनकी प्रशंसा की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यहां सब कुछ सुंदर व दर्शनीय है। गीता प्रेस के प्रबंधक लालमणि तिवारी ने उन्हें लीला चित्र मंदिर का भ्रमण कराया। ट्रस्टी देवीदयाल अग्रवाल ने उन्हें गीता पर टीका 'तत्व विवेचनी' व कल्याण का विशेषांक 'ईश्वर कृपानुभूति अंक' भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला जज तेज प्रताप तिवारी, एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई मौजूद रहे। संवाद

# मुख्य न्यायाधीश ने देखा लाइट एंड साउंड शो

**गोरखपुर।** मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने बृहस्पतिवार देर शाम रामगढ़ताल किनारे बैठकर लाइट एंड साउंड शो देखा। 30 मिनट के लाइट एंड साउंड शो में गोरखपुर की गौरव गाथा दिखाई गई।

मुख्य न्यायाधीश शाम 7:50 बजे रामगढ़ताल के किनारे नौकायन केंद्र पहुंचे। मुख्य न्यायाधीश के आगमन के दृष्टिगत नौकायन क्षेत्र को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। शो की समाप्ति के बाद बोटिंग की भी व्यवस्था थी, लेकिन मुख्य न्यायाधीश नौकायन व सजाई गई नावों की भव्यता निहारने के बाद आराम करने के लिए एनेक्सी भवन रवाना हो गए। इस मौके पर डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा, जीडीए सचिव उदय प्रताप सिंह, एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



रामगढ़ताल नौकायन केंद्र पर लाइट एंड साउंड शो देखते मुख्य न्यायाधीश। संवाद

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-07-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 1-7-22

# प्रदर्शन कर विहिप ने सौंपा ज्ञापन

सलेमपुर। उदयपुर की घटना को लेकर बृहस्पतिवार को विहिप के कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को सम्बोधित पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को सौंपा। विहिप के प्रांत सेवा प्रमुख संतोष दुबे ने कहा कि उदयपुर में दिन दहाड़े हिंदू युवक को इस्लामिक जिहादियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने पर दुकान में घुस कर कन्हैया की हत्या कर दी गई। मृतक को सात दिनों जान मारने की धमकी दी जा रही थी। उसके बावजूद पुलिस प्रशासन सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराया। सभा के अंत में राष्ट्रपति को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी को सौंपा। गहलोत सरकार को बर्खास्त करने, हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने व मृतक के परिवार वालों को एक करोड़ रुपये देने का आदेश करने की मांग की है। प्रदर्शन में जिला संयोजक मनीष बजरंगी, परमवीर रौनियार, अमरजीत, सत्येंद्र वर्मा, रामदास, वकील कुशवाहा, राम मनोहर, ओमप्रकाश, सुमित कुशवाहा, अरुण शर्मा, राजेश मिश्र, विकास घनगर, तेजस्व श्रीवास्तव, प्रदीप पांडेय, राम छबीला शर्मा, अवधेश, सोनू गुप्ता, छेदी जायसवाल, दीपक शर्मा, मनोज कुशवाहा, श्याम कुमार मद्धेशिया, विकास कुमार के अलावे भाजपा के कन्हैया जायसवाल, त्रिपुणायक विश्वकर्मा, अनिल ठाकुर मौजूद रहे।



फोटो : एसएनबी

खोरीबारी प्रतिनिधि के अनुसार राजस्थान के उदयपुर में हुई निर्मम हत्या की जितनी निंदा किया जाय कम है। ऐसा घृणित घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त हैं ऐसे लोगों को फांसी की सजा देना जरूरी है। उक्त बातें दरबारे मौला भटनी शरीफ के सज्जादा नशीन एवं सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमजद खान तमन्ना ने एक भेंटवार्ता के माध्यम से कही। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग को उन्हीं के मजहब के मुताबिक सजा देना जरूरी है क्योंकि ऐसे ही घृणित आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त लोगों जल्दी ही फांसी दे देनी चाहिए। जो ऐसे आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त दोषियों के लिए एक सबक होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री गहलोत को इस घटना की गहराई से जांच करानी चाहिए ताकि इसके पीछे की आतंकवादी सोच का पर्दाफाश हो।

राष्ट्रीय सहारा दि० 1-7-22

# डीएम व एसपी ने अमवाखास बंधे का किया निरीक्षण

बरवापट्टी(एसएनबी)। गंडक नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को अमवाखास बांध का निरीक्षण किया। बंधे के किमी 7.900 से लेकर किमी 8.600 तक नाबार्ड परियोजनाओं के चल रहे कार्य का डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल ने निरीक्षण करने के बाद अन्य कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। आज उक्त बंधे के निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने समय पूर्व परियोजनाओं के कार्य पूर्ण न होने को लेकर नाराजगी जताई तथा सिचाई विभाग के एक्सईएन को शीघ्र अधूरे कार्यों के पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बांध के सभी संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बनी रहनी चाहिए। यदि किसी भी स्थान पर नदी दबाव बनाती है तो तत्काल उस स्थान पर कार्य कराया जाए। शासन के मंशा के अनुरूप धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने एसडीएम तमकुहीराज व्यास नरायण उमराव को निर्देशित किया कि किमी 3.100 खैरटिया गांव के सामने बने रिंग बांध के नोज पर सीधे नारायणी नदी का दबाव होने के चलते लग रहे परको पाइन का विरोध कुछ किसानों द्वारा किया जा रहा है जिसको देखकर लगवाया जाय और कोई व्यवधान उत्पन्न न किया जाए। इस दौरान एक्सईन महेश कुमार सिंह, एसडीओ रमेश यादव, जेई मनोज त्रिपाठी, पीआरओ राघवेंद्र सिंह, एसआई अभिषेक यादव, ग्राम प्रधान असर्फी यादव सहित स्थानीय लेखपाल सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।



राष्ट्रीय सहारा दि० 1-7-22

# दो अदद चाकू के साथ दो गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। गौरीबाजार पुलिस ने दो व्यक्तियों को अलग-अलग स्थानों से एक-एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। गौरीबाजार के थानाध्यक्ष मय फोर्स क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर अमरनाथ यादव पुत्र रामसेवक यादव निवासी सिरसिया नं. 3 थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया को सिरसिया नं. 3 मोड़ के पास से तथा छोटेलाल निषाद पुत्र रामदौड़ निषाद निवासी करमाजीतपुर थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया को नौगावां मोड़ से एक-एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में गौरीबाजार पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि० - 1-7-22

B

# जमीन के विवाद में फावड़े से प्रहार कर वृद्ध की हत्या

देवरिया (एसएनबी)। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के मेहड़ा पुरवा गांव में वृहस्पतिवार की दोपहर जमीनी विवाद में फावड़े से प्रहार कर एक वृद्ध की हत्या कर दी गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी।

सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के मेहड़ा पुरवा गांव निवासी नगीना यादव (60 वर्ष) पुत्र स्व. रामजी यादव का एक व्यक्ति से करीब एक साल से जमीनी विवाद चल रहा था। वृहस्पतिवार की सुबह निर्माण कार्य कराने को लेकर दोनों पक्ष भिड़ गये। कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। इसी बीच किसी ने नगीना यादव के सिर पर फावड़ा से प्रहार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पूछे जाने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। यह है घटना की वजह : बताते हैं कि मेहड़ा पुरवा गांव निवासी छोटंकी यादव के दो बेटों रामजी यादव व लालजी यादव के बीच पैतृक चक का बंटवारा बहुत पहले हुआ है। पहले इस चक के एक तरफ सड़क थी। बंटवारे के आधार पर दोनों भाई चक को जोत-बो रहे थे।



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करने पहुंचे सीओ सिटी।

अब चक के दूसरे तरफ भी सड़क निकल गयी है। ऐसे में लालजी यादव के बेटों को यह लग रहा था कि पुराने बंटवारे से रामजी यादव की जमीन अब कीमती हो गयी है। क्योंकि उनकी जमीन के तो तरफ सड़क हो गयी है। ऐसे में लालजी यादव के लड़के नए सिरे से बंटवारा चाहते थे। इसे लेकर करीब एक साल से दोनों पक्षों में विवाद चला आ रहा था। इसी को लेकर आज दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए जिसमें नगीना यादव की आज हत्या हो गयी।

राष्ट्रीय सहारा दि. 1-7-22

# तटबंधों की सुरक्षा व मरम्मत जरूरी : डीएम



देवरिया (एसएनबी)। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ रुद्रपुर तहसील अन्तर्गत गायघाट तटबंधों के निर्माण कार्यों का जहां निरीक्षण कार्य प्रगति को देखा, वहीं जनता आदर्श इंटर कालेज गौनरिया में चौपाल लगा कर बाढ़, बाढ़ प्रबंधन, जल जमाव सहित अन्य समस्याओं की लोगों से जानकारी प्राप्त की तथा समस्याओं के समाधान के संबंध में लोगों से भी सुझाव लिये। उन्होंने सभी समस्याओं/सुझावों के प्रति एसडीएम रुद्रपुर संजीव उपाध्याय, अधिशासी अभियंता बाढ़ एन के जाटिया एवं खण्ड विकास अधिकारी रुद्रपुर को उत्तरदायी बनाते हुए उसका हर संभव समाधान कराये जाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी श्री सिंह गायघाट तटबंध पर बाढ़ नियंत्रण विभाग से चल रहे कटानरोधी कार्यों का जायजा लेने के दौरान उपस्थित ग्राम वासियों से भी कार्यों के संबंध पूछताछ किये। ग्रामवासियों द्वारा इन कटानरोधी कार्यों को शीघ्रता से कराये जाने व गांव को कटान से बचाये जाने की बात रखी गयी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता बाढ़ को निर्देश दिया कि कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराये, हर हाल में कटान को रोकें। अधिशासी अभियंता एवं ठेकेदार द्वारा यह आश्वस्त किया गया कि हर हाल में कटान से तटबंध व गांव को बचाने का कार्य किया जायेगा। जिलाधिकारी इसके उपरान्त जनता आदर्श इंटर कालेज गौनरिया में उपस्थित क्षेत्रवासियों से बाढ़ प्रबंधन आदि से जुड़े समस्याओं व सुझावों को दिये जाने को कहा। इसी क्रम में ग्राम सोनबरसा निवासी रविन्द्र यादव ने बारिश के पानी से जलजमाव होने से आवागमन में कठिनाई की समस्या रखी तथा सुझाव दिया कि मोटरपम्प की व्यवस्था तथा पुलिया को ऊंचा कर दिया जाये तो इससे इसका समाधान होगा। अधिशासी अभियंता बाढ़ द्वारा बताया गया कि गायघाट व पटखौलिया के लिये मोटरपम्प का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति उपरान्त इसकी स्थापना करायी जायेगी। ग्राम केवटलिया निवासी सदानंद सिंह ने मौजा पटखौलिया को बचाने के लिये बंधा व रेगुलेटर लगाये जाने की बात रखी। मदनपुर ग्राम प्रधान अली आजम ने मदनपुर से नकईल मार्ग पर पुलिया बनाये जाने को कहा। अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी कमल किशोर ने दो दिन में पुलिया का मरम्मत कार्य कराये जाने को कहा। ग्राम गौनरिया के विशाल राव ने जल निकासी की समस्या के दृष्टिगत पुलिया के बैठ जाने तथा नाला अतिक्रमण होने से जलजमाव की स्थिति रखा। मदनपुर केवटलिया बांध पर रिसाव की स्थिति में मिट्टी की व्यवस्था रखे जाने एवं गायघाट के प्रधान गुड्डू यादव द्वारा नकईल मदनपुर मार्ग पर पुलिया बनाये जाने की मांग रखी गयी। जिलाधिकारी श्री सिंह ने जिला पंचायतराज अधिकारी उपरोक्त समस्याओं के सन्दर्भ में निर्देशित किया कि पुलियों एवं नालों की साफ सफाई सुनिश्चित करायें इससे संक्रामक रोग के नियंत्रण में भी लाभ मिलेगा व जल निकासी की भी व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि एमपी-3 मानक की पुलिया ही डाली जाये जिससे आवागमन के समय पुलिया क्षतिग्रस्त नहीं होगी। मदनपुर से पौहरिया शर्मा ने जलजमाव की समस्या उठाई गयी जिस पर जिलाधिकारी अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी को निर्देश दिया कि इस पर तत्कालिक रूप से मिट्टी की भराई करा दें। ग्राम भरोलिया निवासी नीरज चौबे द्वारा जल जमाव की बात रखी गयी। जिलाधिकारी ने जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि आये सभी सुझावों/समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करते हुए जनसुविधाओं को विकसित करेंगे ताकि आमजन को बरसात व बाढ़ के समय कोई दिक्कत न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जुड़े अधिकारी हर संभव समस्याओं का समाधान करेंगे। पंचायत सचिव, लेखपाल सहित सभी ग्राम स्तरीय अधिकारी जन समस्याओं का प्राथमिक तौर पर जानकारी रखेंगे और उसका समाधान भी सुनिश्चित करेंगे। यदि उच्च स्तर पर समस्यायें आयेंगी और उसकी जानकारी संबंधित ग्राम स्तरीय अधिकारियों/कर्मियों को नहीं होगी तो उसके लिये उन्हें उत्तरदायी माना जायेगा और कार्यवाही भी की जायेगी।

हिन्दुस्तान दि. 1-7-22

# उदयपुर की घटना के विरोध में बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन


गुरुवार को सुभाष चौक पर प्रदर्शन करते बजरंग दल के कार्यकर्ता।

देवरिया, निज संवाददाता। बजरंग दल ने उदयपुर की घटना के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सुभाष चौक पर उपजिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में इस्लामिक स्टेट के आतंकियों के समूल नाश करने की मांग की गई। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान पवन जायसवाल, तथागत पांडेय, तारकेश्वर शाही, प्रभात, जगदीश मिश्र, रामजीत, नंदकिशोर सिंह, सौरभ दुबे, अंकुर सिंह आदि मौजूद रहे। गुरुवार को देवरिया पुलिस मुस्तैद रही। हिन्दू संगठनों ने अलग अलग स्थानों पर हत्याकांड के विरोध हो रहा है। इसी क्रम में सलेमपुर में उदयपुर की घटना को लेकर विहिप व अन्य हिन्दूवादी संगठनों ने गुरुवार को नगर के गांधी चौक पर धरना देकर आक्रोश जताया।

हिन्दुस्तान दि० 1-7-22

# पूर्व प्रधान समेत दो का हुआ चालान

खुखुन्दू। पूर्व प्रधान समेत दो लोगों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि नशे में पूर्व प्रधान द्वारा 112 पर फोन कर सूचना दी जा रही थी कि उदयपुर में जैसे घटना हुई है।

पुलिस करीब 2 घंटे परेशान होने के बाद प्रधान के घर पहुंची और प्रधान को थाने लाई तथा शांति भंग में चालान कर दिया। मझवलिया में भूमि विवाद को लेकर अवधबिहारी को पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है।

हिन्दुस्तान दि- 1-7-22

# हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास

देवरिया, विधि संवाददाता। पत्नी की हत्या आरोपी पति को एडीजे कोर्ट ने गुरुवार को आजीवन कारावास और पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। आरोपी पति ने अपनी पत्नी की चाकूओं से गोद कर हत्या कर दिया था। मृतका की मां ने भलुअनी थाने में अपने दमाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

- पति ने चाकुओं से गोद कर पत्नी की कर दी थी हत्या
- एडीजे कोर्ट ने गुरुवार को आरोपी को सुनाई सजा

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आशुतोष कुमार सिंह के अनुसार भलुअनी थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी सिराजुल पुत्र हफीज का निकाह गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के पौहरिया गांव की रहने वाली सलमा के साथ हुआ था। सिराजुल का पत्नी के साथ बराबर विवाद होता रहता था। 21 अक्तूबर 2018 की सुबह आठ बजे सिराजुल ने अपनी पत्नी सलमा की चाकूओं से गोद कर हत्या कर दिया। मृतका सलमा की मां जाहिरा खातून ने घटना में भलुअनी थाने में अपने दमाद सिराजुल के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराई।

पुलिस हत्याकांज की जांच कर आरोपी पति के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। जिसकी सुनवाई एडीजे इन्दिरा सिंह की अदालत में हुई। पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्य और गवाहों के आधार पर जज ने आरोपी को हत्या का दोषी पाया। जज ने आरोपी पति को आजीवन कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

हिन्दुस्तान दि- 1-7-22

# बाढ़ प्रभावित इलाकों का जाना हाल

## चौपाल

मदनपुर, हिन्दुस्तान संवाद। अनंत आदर्श इंटर कालेज गनियारी परिसर में जिलाधिकारी व एसपी ने चौपाल लगाया। जहां ग्रामीणों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के बारे में जानकारी लेते हुए सुझाव मांगा। उन्होंने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर व गायघाट बंधे का निरीक्षण भी किया।



गुरुवार को गायघाट बंधे पर अधिकारियों को निर्देश देते डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह।

डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा गुरुवार की दोपहर में मदनपुर पहुंचे। कार्यक्रम नियत होने के कारण विभागीय अधिकारी पहले से मौजूद थे। इंटर कालेज में आयोजित चौपाल में बाढ़ प्रबंधन, जलजमाव सहित अन्य समस्याओं पर अधिकारियों ने चर्चा किया। केवटलिया निवासी सदानंद सिंह ने पटवनिया गांव को जलजमाव से बचाने के लिए बंधा व रेगुलेटर लगाने, भरोहिया के नीरज चौबे व सोनबह के रवींद्र यादव, गुड्डु यादव आदि ने पौहरिया मार्ग पर जलजमाव, मदनपुर-केवटलिया बांध पर रिसाव, गायघाट व पटवनिया गांव में सड़कों पर बाढ़ के पानी के जमाव आदि की शिकायत किया। डीएम ने समस्याग्रस्त इलाकों में मोटर पंप लगाने के साथ पुल-पुलिया, नाला आदि की सफाई कराने का निर्देश दिया। एसपी संकल्प शर्मा ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने की बात करते हुए बेहतर सुविधा के लिए बीट पुलिसिंग के बारे में बताया।

दैनिक जागरण दि० 1-7-22

# नदियों के जलस्तर में कमी, बाढ़ चौकियां सतर्क

## तटवर्ती ग्रामीणों की बढ़ी चिंता, वर्षा थमने से नदियों के जलस्तर में कमी होने से अफसर भी राहत में





[illegible]

दैनिक जागरण दि० 1-7-22

# पत्नी की हत्या में युवक को आजीवन कारावास

- भलुअनी के रहने वाले युवक ने चार वर्ष पूर्व कर दी थी पत्नी की हत्या
- अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला

**विधि संवाददाता, देवरिया:** पत्नी को चाकू घोंप कर मौत के घाट उतारने के मामले में चार वर्ष बाद गुरुवार को न्यायालय का फैसला आ गया। अपर सत्र न्यायाधीश इंदिरा सिंह की अदालत ने आरोपित पति को दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया है।



सहायक शासकीय अधिवक्ता आशुतोष सिंह ने बताया कि 21 अक्टूबर 2018 की सुबह भलुअनी का रहने वाला सिराजुल अपनी पत्नी की चाकू घोंप कर हत्या कर दी। मृतका की मां की तहरीर पर भलुअनी पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया। उभयपक्ष के तर्कों व साक्ष्यों के अवलोकन के बाद अदालत ने आरोपित सिराजुल को पत्नी की हत्या में दोषी पाया है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

दैनिक जागरण दि० -1-7-22

# मनबढ़ों ने दुकानदार पर ताना पिस्टल, दो को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा

**जासं, भटनी**: मनबढ़ों ने रुपये नहीं देने पर गुरुवार की शाम दुकानदार पर पिस्टल तान दिया। यह देख मौके पर खलबली मच गई। पुलिस ने दौड़ाकर दो मनबढ़ों को पकड़ लिया। हालांकि देर शाम तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी थी। भटनी उपनगर के वार्ड संख्या तीन के रहने वाले नौशाद चांदपार पेट्रोल पंप के समीप मुर्गा की दुकान चलाते हैं।

शाम को दुकान पर तीन युवक आए और मुर्गा की खरीदारी किए। जब दुकानदार ने रुपया मांगा तो मनबढ़ों ने नौशाद पर पिस्टल तान दिया। यह देख वह सहम गए, इस बीच भीड़ व पुलिस भी आ गई। जिसके बाद मनबढ़ भागने लगे। पुलिस ने कोइलाड़ के समीप से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

अमर उजाला दि०-1-7-22

# गायघाट बंधे की डीएम ने की जांच



मदनपुर के गायघाट बंधे का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते डीएम।

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज/मदनपुर।** क्षेत्र के अनंत आदर्श इंटर कालेज गनियारी में बृहस्पतिवार को डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा ने चौपाल लगाई। जहां बाढ़ प्रबंधन, जलभराव आदि के बारे में ग्रामीणों से जानकारी लेते हुए सुझाव मांगा। उन्होंने गायघाट तटबंध और नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया।

दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा लाव-लश्कर के साथ मदनपुर पहुंचे। अधिकारियों ने गायघाट में राप्ती नदी पर कराए जा रहे कटान रोधी कार्यों का जायजा लिया। ग्रामीणों से बांध के हालात के बारे में भी पूछा और अधिशासी अभियंता एनके जाडिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अनंत आदर्श इंटर कालेज में आयोजित चौपाल में बाढ़ प्रबंधन, जलभराव आदि पर चर्चा करते हुए लोगों से सुझाव मांगा। केवटलिया के सदानंद सिंह ने पटवनिया को बचाने के लिए बांध बनवाने और रेग्युलेटर लगवाने को कहा। जबकि सोनबह के रवींद्र यादव ने बरसात के मौसम में जलभराव के कारण

## मदनपुर में डीएम ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों से ली जानकारी

आवागमन की दिक्कत बताई। डीएम ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों में मातहतों से मोटर पंप लगवाने के साथ पुलियों और नाला को साफ करवाने का निर्देश दिया। वहीं एसपी ने कहा कि लोगों की सहूलियत के लिए बीट पुलिसिंग की व्यवस्था की गई है।

विभाग से संबंधित कोई भी शिकायत की जा सकती है। इसके बाद अधिकारियों का काफिला मदनपुर न्यू पीएचसी पर पहुंचा। जहां करीब तीन एकड़ में बने अस्पताल में अव्यवस्था देख डीएम ने चिंता जताई।

ग्राम प्रधान डब्लू शेख ने बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक के तैनाती की मांग की। डीएम ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, डीपीआरओ अविनाश सिंह, सीओ रुद्रपुर जिलाजीत, सीवीओ डॉ.पीएन सिंह, जेई नागेंद्र सिंह, ओंकार पांडेय आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि० 7-7-22

# रेलकर्मी को मारा थप्पड़, केस दर्ज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**लार रोड।** स्थानीय कस्बे के दक्षिणी ढाले से लेकर हनुमान मंदिर तक सड़क की मरम्मत की मंगलवार को जांच करने पहुंचे रेल कर्मियों से एक व्यक्ति उलझ गया। रेलकर्मी पर एक व्यक्ति ने थप्पड़ चला दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो और रेल कर्मी की शिकायत पर भटनी आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लार रोड़ रेलवे स्टेशन जाने वाला मार्ग कई वर्षों से जर्जर था। रेलवे ने दक्षिणी ढाले से लेकर हनुमान मंदिर तक सड़क की मरम्मत कराई जा रही है। लोगों की शिकायत थी कि सड़क मरम्मत की गुणवत्ता ठीक नहीं है। इसकी जांच करने रेलवे की टीम मंगलवार को लार रोड पहुंची। बातचीत के दौरान एक व्यक्ति ने जूनियर सेक्शन इंजीनियर के साथ बदसलूकी करते हुए थप्पड़ उड़ा दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। रेलकर्मी संजीव कुमार की तहरीर पर भटनी आरपीएफ ने जितेंद्र पांडेय निवासी भेवली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर आरपीएफ प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया की मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छानबीन की जा रही है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-07-2022

# पांच साल में बरामद 52 लाख की शराब नष्ट

पडरौना। जिले की कसया पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर गुरूवार को आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2017 से 2022 तक कुल 791 मुकदमों में बरामद अंग्रेजी शराब, देशी शराब, कच्ची शराब, बीयर आदि कुल 52 .2 लाख के अवैध शराब को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश की गई।

# पति को दस साल सश्रम कारावास

पडरौना। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर एक मदनमोहन ने तीन साल पुराने एक विवाहित की मौत के मामले में आरोपी पति को दस साल तथा उसके भौजाई को पांच साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपी 50 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। इसकी 80 फीसदी धनराशि मृतक के पिता को देने का निर्देश दिया है।

केके पांडेय अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर एक ने बताया कि मृतक के पिता श्रीकिशुन सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट पिपरपाती थाना श्यामदेउरवा महराजगंज ने पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि बेटी मुनीता की शादी 30 जनवरी 2019 को अभय प्रताप सिंह के साथ किया था। उन दोनों के उकसाने पर बेटी ने 5 जून को महुआ कारखाना स्टोशन के समीप ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पति अभय प्रताप सिंह उर्फ जितेंद्र पुत्र बांकेलाल सिंह निवासी छपिया टोला रामनगर थाना अहिरौली बाजार को 10 साल का सश्रम कारावास व 50 हजार का जुर्माना तथा उसकी भौजाई चित्ररेखा सिंह पत्नी मनोज सिंह को पांच साल की सजा व पांच हजार जुर्माना लगाया है।

# बुलडोजर चला प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

## कार्रवाई

**हाटा, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय नगर के केन यूनियन चौराहे पर दक्षिण तरफ पटरी पर हुये अतिक्रमण के चलते नागरिकों को जाम से होने वाली परेशानी को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटवा दिया।

गुरुवार को दोपहर में एसडीएम हाटा वरुण कुमार पांडेय के नेतृत्व में नगरपालिका के अधीशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह के साथ राजस्व कर्मचारियों, नगरपालिका कर्मियों ने केन यूनियन चौराहे से आगे उसके गेट तक सड़क के दक्षिण किनारे किये गये अतिक्रमण को बुलडोजर चलवाकर साफ कराया।

इस दौरान दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि दोबारा यहां अतिक्रमण नहीं होना चाहिए अन्यथा कार्रवाई तय है सडीएम ने कहा कि यह अभियान तब तक चलेगा कि जब तक पूरे नगर के सड़क के किनारे से अतिक्रमण न हट जाय।

# युवक की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

पडरौना, निज संवाददाता। अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर दो श्याममोहन जायसवाल ने छह साल पूर्व एक युवक की हत्या के मामले में गांव के ही एक युवक को दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में दूसरे आरोपी का मुकदमा किशोर न्याय बोर्ड में चल रहा है। कोर्ट ने आरोपी पर 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

केके पांडेय अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर दो के मुताबिक मृतक अभिनंदन उर्फ चंदन उम्र 16 वर्ष के पिता मदन कुशवाहा निवासी छितौनी थाना हनुमानगंज ने पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि 10 अक्तूबर 2016 को शाम करीब छह बजे बेटा अभिनंदन दशहरा के दिन साइकिल से घर से निकला। पूछने पर बताया कि अभी आ रहा हूं। दशहरा मेला के चलते रात को घर नहीं लौटा तो परेशान होकर खोजबीन शुरू की। अज्ञात लोगों ने बेटे की धारदार हथियार से मार कर उसकी हत्या कर दी। लाश गन्ने की खेत में मौके पर पड़ी रही। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने 11 अक्तूबर को सुबह दस बजे अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्जकर जांच में जुट गई। विवेचना के दौरान पुलिस को यह तथ्य प्रकाश में आया कि लड़के की हत्या गांव के अभियुक्त मनमोहन उर्फ मोहन मद्धेशिया ने अपने साथी विशाल भारती के साथ मिलकर साजिश के तहत उसे फोन करके मोबाइल के एवज में बकाया दो हजार देने के लिए बुलाया था और दोनों ने मिलकर केला काटने वाले बखुआ से मनमोहन ने वार कर हत्या कर दी।

### 23 सौ के मोबाइल के लिए कर दी हत्या

अधिवक्ता ने बताया कि युवक की हत्या मात्र 23 सौ रुपये के लिए हुई थी। अभिनंदन उर्फ चंदन ने मनमोहन से 23 सौ रुपये में मोबाइल खरीदा था। तीन सौ रूपये बकाया था और दो हजार रुपये दिया था। खरीदने के कुछ दिन बाद मोबाइल के खराब होने पर अभिनंदन ने मनमोहन को मोबाइल वापस कर अपना दो हजार रूपये मांगने लगा। उस रूपये के लिए मनमोहन ने अपने दोस्त के साथ मिलकर उसकी हत्या कर गन्ने के खेत में लाश का छिपा दिया।

# हत्या के दोषियों को उम्रकैद के साथ 50 हजार जुर्माना

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। विशेष न्यायाधीश एससी एसटी की अदालत ने हत्या व लाश गायब करने के मामले में दोष सिद्ध पाए गए दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास व 50,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनायी है। मामला 1996 का विशुनपुरा थाना क्षेत्र में हुई हत्या के बाद शव गायब का था।

जगन्नाथ पुत्र रामाज्ञा प्रसाद निवासी कीरत पट्टी थाना विशुनपुरा ने 1996 में विशुनपुरा थाने में अपने एक अज्ञात शव मिलने की सुचना दर्ज करायी थी। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की तो पता चला कि मृतक लखनऊ का निवासी था। पुलिस उसके परिजनों तक पहुंची तो उसके पिता ने मामले में अभियुक्त राधेश्याम निवासी बसहिया टोला बनवीरपुर (सिधुआ) थाना कोतवाली पडरौना व जय प्रकाश निवासी लाला टोला सेमरहना छावनी थाना कोतवाली पडरौना का नाम लिया। दोनों के विरुद्ध हत्या कर शव गायब करने तथा एससी एसटी एक्ट का केस दर्ज कर विवेचना शुरू की। लंबी विवेचना के बाद दोनों को दोषी करार देते हुए पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी। अदालत में ट्रायल के दौरान पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में दोषी अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस व मात्रनिटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। जिसके फलस्वरुप अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य पाकर दोनों को हत्या व लाश गायब करने में दोष सिद्ध पाया। अभियुक्त राधेश्याम तथा जय प्रकाश को आजीवन कारावास व 50000 रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया। अभियुक्तगणों को सजा दिलाने में विवेचक पुलिस उपाधिक्षक रघुनाथ प्रसाद मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा नरेन्द्र प्रताप राय, एडीजीसी महेंद्र प्रताप गोविन्द राव व पैरोकार राजेश कुमार यादव का विशेष योगदान रहा।

# वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पटहेरवा। एसपी धवल जायसवाल के द्वारा जिले में चल रहे वांक्षित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान में पटहेरवा पुलिस के द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गुरुवार को पटहेरिया चौराहे से उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह कहीं भागने की फिराक में था।

एसओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त फिरोज पुत्र सेराज अहमद निवासी करमैनी बाजार थाने का वांछित अभियुक्त था, जिसे पुलिस बहुत दिनों से तलाश रही थी। सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त पटहेरिया चौराहे से कहीं भागने की फिराक में है। इस पटहेरिया चौराहे से गिरफ्तार कर लिया गया।

# हत्या का आरोपी पूर्व प्रधान गिरफ्तार

जटहा बाजार। ग्राम हिरनही में विगत वर्ष हुए एक युवक की हत्या में नामज़द पूर्व प्रधान व उसके भाई सहित चार लोगों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हिरनही के शारदा प्रसाद के 22 वर्षीय पुत्र शैलेंद्र की हत्या कर शव को पूर्व प्रधान के घर के सामने एक गन्ना के खेत के पास फेंका था। मृतक के पिता शारदा ने गांव के पूर्व प्रधान अतहर ऊर्फ नंहे, अजहर ऊर्फ गोलू अंसारी पुत्रगण अब्दुल रहीम, रियाज़ अहमद पुत्र निजामुद्दीन व गुफरान पुत्र नूरमुहम्मद सहित छह लोगों पर नामज़द तहरीर दी थी। केस विवेचना में आरोप सिद्ध होने के बाद से फरार चल रहे थे।

# पीएसी जवानों के साथ पुलिस ने किया पैदल मार्च

कुबेरस्थान। उदयपुर कांड को लेकर जगह जगह हो रहे विरोध प्रदर्शन को देखते हुए शांति व्यवस्था बरकरार रखने के उद्देश्य से गुरुवार को कुबेरस्थान पुलिस ने पीएसी के जवानों के साथ स्थानीय कस्बे में पैदल मार्च किया। उदयपुर कांड को लेकर देश प्रदेश में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। भिन्न भिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता अपने अपने तरीके से विरोध जताने में जुटे हुए हैं। इसी बीच पुलिस प्रशासन भी शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के उद्देश्य से मुस्तैद दिख रही है। गुरुवार को एसआई दीनानाथ यादव के नेतृत्व में पीएसी बल के जवानों ने कुबेरस्थान कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की।

# सीओ ने की सीसीटीवी की जांच

**पडरौना।** सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह द्वारा साहबगंज उत्तरी गंजी राम मंदिर मेन रोड तिलक चौक तक स्वर्णकार व्यापारी ज्वेलर्स तमाम प्रमुख एजेंसियों एवं प्रमुख दुकानों का सीसीटीवी लगे होने का निरीक्षण किया। उनके साथ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री एवं जिला अध्यक्ष सचिन चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष अनुराग खेतान, नगर अध्यक्ष अक्षय स्वर्णकार, जिला मंत्री विनम्र कसौधन, सतीश जिंदल सहित प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेहद अहम सीसीटीवी कैमरा होता है व्यापार मंडल ने पहले ही अपने अपने पदाधिकारियों के दुकानों के बाहर कैमरे लगवा चुके हैं, जिसे देख सीओ सदर ने सराहना की एवं और लोगों को लगवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि व्यापारियों का हित एवं उनकी सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है इस मौके पर सिटी इंचार्ज अजय पटेल पुलिस फोर्स के साथ उपस्थित रहे।



गुरुवार को नगर में दुकानों की जांच करते सीओ सदर कुंदन सिंह।

### तटबंधों का डीएम&एसपी ने किया निरीक्षण, संवेदनशील बिंदुओं पर निगरानी के दिए निर्देश, रिंग बांध के नोज पर बढ़ता जा रहा दबाव

# संवेदनशील तटबंधों का काम अधूरा, लगाई क्लास

**निरीक्षण**

- निरीक्षण के दौरान विभाग के अधिकारी व कर्मी भी मौजूद रहे
- डीएम और एसपी ने विभाग के एक्सईएन को दिए कई निर्देश



गुरुवार को अमवा खास तटबंध का निरीक्षण करते डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल। • हिन्दुस्तान

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र में बह रही बड़ी गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर और तटबंधों पर बने दबाव की जानकारी पर गुरुवार को डीएम और एसपी ने अमवा खास व एपी तटबंध का औचक निरीक्षण किया। दोनों तटबंधों पर कार्य पूरा नहीं होने पर डीएम ने संबंधित अधिकारी को फटकार लगाई और शीघ्र काम पूरा कराने के निर्देश दिये। वहीं, अमवा खास तटबंध के रिंग बांध के नोज पर दबाव बढ़ने के बाद डीएम ने संवेदनशील बिंदुओं पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। तटबंधों के निरीक्षण के दौरान बाढ़ खंड के अधिकारी भी मौजूद रहे।

बरवापट्टी संवाद के अनुसार बड़ी गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर को देख जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। गुरुवार को अमवाखास बांध के किमी 7.900 से लेकर किमी 8.600 तक हो रहे नाबार्ड परियोजनाओं के कार्य का डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल ने औचक निरीक्षण किया। इसमें समय पूर्व परियोजनाओं के कार्य पूर्ण न होने को लेकर डीएम ने नाराजगी जताई और विभाग के एक्सईएन को शीघ्र ही अधूरे कार्यो को पूरा कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बांध के सभी संवेदनशील बिंदुओं पर निगरानी रहनी चाहिए। इसके लिए बाढ़ चौकी की तत्काल व्यवस्था की जाय। यदि किसी भी प्वाइंट पर नदी दबाव बनाती है तो तत्काल प्रभाव से उस पर कार्य कराया जाय।

शासन के मंशा के अनुरूप किसी प्रकार की धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने एसडीएम तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव को निर्देशित किया कि किमी 3.100 खैरटिया गांव के सामने बने रिंग बांध के नोज पर नदी का दबाव है। यहां परकूपाइन का कुछ किसान विरोध कर रहे हैं। ऐसे में किसानों से बातचीत कर उसका हल निकाले। इस दौरान एक्सईएन महेश कुमार सिंह, एसडीओ रमेश यादव, जेई मनोज त्रिपाठी, पीआरओ राघवेंद्र सिंह, एसआई अभिषेक यादव, ग्राम प्रधान अशर्फी यादव, लेखपाल हीरालाल आदि मौजूद रहे।

सिसवा नाहर संवाद के अनुसार गंडक बैराज से नदी में पानी छोड़ने के बाद एपी तटबंध के संवेदनशील बिंदुओं पर नदी का दबाव बढ़ गया है। इसको लेकर गुरुवार को बंधे का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल ने विभागीय कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया। अफसरों ने तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के नरवाजोत, पिपराघाट, अहिरौलीदान संवेदनशील बिंदुओं का निरीक्षण किया। वहीं, मौके पर मौजूद विभागीय अभियंताओं से बाढ़ से निपटने के लिए तैयारियों से संबंधित जानकारी ली।

## जलस्तर में कमी, स्पर से टकराकर बह रही गंडक

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। नेपाल की पहाड़ियों पर बारिश थमने के बाद बड़ी गंडक नदी के डिस्चार्ज में लगातार कमी दर्ज की जा रही है।

गुरुवार की सुबह वाल्मीकि गंडक बैराज पर नदी का डिस्चार्ज 2 लाख 60 हजार क्यूसेक से घटकर 2 लाख 14 हजार क्यूसेक पर आ गया। इससे नदी के जलस्तर में भारी गिरावट होने लगी है। यह देख रेतावासियो ने राहत की सांस ली है। वहीं, नदी छितौनी बांध के भैंसहा गेज पर चेतावनी बिंदु से 40 सेमी ऊपर बह रही है।

नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में तीन दिनों से भारी बारिश होने के चलते गंडक नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि हुई है। इससे गंडक बैराज पर नदी का डिस्चार्ज बुधवार को 2 लाख 60 हजार के करीब पहुंच गया। यही पानी बड़ी गंडक नदी में छोड़े जाने से खड्डा रेताक्षेत्र के हरिहरपुर, मरिचहवा, शिवपुर, बसंतपुर, नारायनपुर, विंध्याचलपुर, बाल गोविंद छपरा समेत आदि गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया तो वहीं नदी सीधे भैंसहा के सामने स्पर-सी से टकराने लगी।

इसकी जानकारी होने पर बाढ़ खंड के एसडीओ मनोरंजन कुमार अपने मातहतों के साथ छितौनी बांध पर पहुंच स्थिति का जायजा लेते हुए हनुमागंज गांव के समीप हो रहे पिचिंग कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया। गुरुवार की सुबह नदी के डिस्चार्ज में गिरावट होने से नदी धीरे-धीरे शांत हो रही है। छितौनी बांध के भैंसहा गेज पर नदी चेतावनी बिंदु 95 के सापेक्ष 40 सेमी ऊपर बह रही है। देर रात तक भैंसहा गेज पर जलस्तर में और कमी होने की संभावना है।

# हत्या के मामले में पूर्व प्रधान सहित चार गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, मंसाछापर :** युवक की हत्या मामले में संलिप्त पाए जाने पर जटहाबाजार गुरुवार को चार को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी को पुलिस न्यायालय ले गई, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

जटहाबाजार के हिरनही गांव के रहने वाले 22 वर्षीय शैलेंद्र का शव गांव के बाहर गन्ने के खेत में 26 मई 2022 को मिला था। मृतक के पिता ने पूर्व प्रधान सहित छह लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी थी।

घटना के बाद से ही आरोपित फरार थे। विवेचना के दौरान पूर्व प्रधान अतहर उर्फ नन्हें, अजहर उर्फ गोलू अंसारी, रियाज अहमद व गुरफान की हत्या में संलिप्तता पाई गई। पुलिस इन चारों की तलाश में थी। सूचना मिली कि चारों आरोपित घर में मौजूद हैं।

छापेमारी कर उनको गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र राम ने बताया कि पूर्व प्रधान अतहर उर्फ नन्हें और उसके भाई अजहर उर्फ गोलू अंसारी सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम में दारोगा राजनयन यादव, कां. रोहित रंजन, प्रेम नारायण यादव, रोहित यादव, राकेश यादव प्रथम शामिल रहे।



जटहा बाजार थाना परिसर में हत्यारोपितों के साथ पुलिस टीम ● जागरण

- गन्ने के खेत में मिला था युवक शैलेंद्र का शव
- अपने ही घरों में मिले सभी चारो आरोपित

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार महिला गिरी, मृत्यु

**हाटा :** नगर में गोरखपुर तिराहे पर गुरुवार दोपहर अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार महिला गिर कर लहूलुहान हो गईं। लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया।

ढाढ़ा निवासी 63 वर्षीय बृजवासी विश्वकर्मा रिश्तेदार संग बाइक से हाटा आ रहीं थीं। नगर में गोरखपुर तिराहे के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे बृजवासी गिर गईं।

## पोखरा से मिट्टी खनन की एसडीएम से शिकायत

**लक्ष्मीगंज :** नेबुआ नौरंगिया विकास खंड के हरपुर माफी गांव के ग्रामीणों से पोखरा से मिट्टी खनन कराकर उसे बेचने का आरोप लगाते हुए एसडीएम सदर महात्मा सिंह को शिकायती पत्र सौंपा है। उनका कहना है कि पट्टाधारक अनावश्यक रूप से पोखरे खनन करा रहा है।

# महिला की आत्महत्या के मामले में पति समेत दो को कारावास

**जासं.पडरौना:** अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम मदन मोहन की अदालत ने गुरुवार को महिला के आत्महत्या मामले में पति अभय प्रताप सिंह उर्फ जितेंद्र को 10 वर्ष व 50 हजार तथा भाभी चित्ररेखा को पांच वर्ष तथा पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा न करने पर अभियुक्तों को क्रमशः एक वर्ष तथा तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सरकारी अधिवक्ता केके पांडेय ने बताया कि वादी श्रीकिसुन सिंह ने पांच जून 2019 को अहिरौली बाजार थाने में तहरीर देकर बताया कि 30 जनवरी 2019 को अपनी पुत्री मुनीता की शादी की। ससुराल जाने के बाद पति व उसकी भाभी चित्ररेखा उत्पीड़न करने लगे। दोनों के बीच अवैध संबंध था। दोनों के उत्पीड़न से तंग आकर मुनीता ने ट्रेन के आगे आकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। दोनों पक्षों को सुनने तथा उपलब्ध साक्ष्य व पत्रावली को देखते हुए विद्वान न्यायाधीश ने यह सजा सुनाई।

# परियोजनाओं का कार्य अधूरा, पूरा करने के निर्देश

## डीएम व एसपी ने किया अमवाखास बंधे का निरीक्षण, कहा, संवेदनशील प्वाइंट पर बरतें विशेष सावधानी

**जागरण संवाददाता, बरवापट्टी :** नारायणी नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। अमवाखास बांध के लक्ष्मीपुर के किमी 7.900 से लेकर किमी 8.600 तक हो रहे कार्यों का डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया।

समय पूर्व परियोजनाओं का कार्य पूर्ण न होने को लेकर डीएम ने नाराजगी जताई। सिंचाई विभाग के एक्सईएन को शीघ्र ही अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि बांध के सभी संवेदनशील प्वाइंटों पर हर समय निगरानी रहनी चाहिए। यदि किसी भी प्वाइंट पर नदी दबाव बनाती है तो तत्काल उस पर कार्य कराया जाए।

उन्होंने एसडीएम तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव को निर्देशित किया कि किमी 3.100 खैरटिया गांव के सामने बने रिंग बांध के नोज पर सीधे नारायणी नदी का दबाव होने के चलते यहां खतरा बढ़ा है। नदी व बंधे की स्थिति पर नजर रखने की जरूरत है।

एक्सईन महेश कुमार सिंह, एसडीओ रमेश यादव, जेई मनोज त्रिपाठी,पीआरओ राघवेंद्र सिंह, एसआई अभिषेक यादव, प्रधान अशर्फी यादव आदि मौजूद रहे।



अमवाखास बांध का निरीक्षण करते बाएं से दूसरे डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल● जागरण



भैंसहा घाट पर उफनाई नारायणी● जागरण

# डिस्चार्ज में कमी से जलस्तर में गिरावट

**जागरण संवाददाता, खड्डा :** नेपाल के पहाड़ी इलाकों में गुरुवार को वर्षा कम होने के बाद बाल्मीकिनगर बैराज से नारायणी नदी के डिस्चार्ज में कमी आई है। भैसहा गेज पर नदी का जलस्तर लाल निशान से 65 सेमी नीचे दर्ज किया गया है। बुधवार की तुलना में गुरुवार को डिस्चार्ज में 78 हजार क्यूसेक की कमी आई है। जिससे नदी के जलस्तर में 35 सेमी की गिरावट आई है। नदी का जलस्तर घटने से नदी उस पार दियारा क्षेत्र में बसे गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है।

नदी में बुधवार की सुबह से पानी के डिस्चार्ज में वृद्धि होने लगी। सुबह आठ बजे एक लाख 42 हजार एक सौ, 12 बजे एक लाख 86 हजार दो सौ, दो बजे दो लाख 12 हजार दो सौ, शाम चार बजे दो लाख 27 हजार, शाम छह बजे दो लाख 67 हजार क्यूसेक रहा। रात आठ बजे डिस्चार्ज दो लाख 60 हजार आठ सौ क्यूसेक हो गया। इसके बाद से ही लगातार डिस्चार्ज में कमी हो रही है। गुरुवार की सुबह सात बजे नदी में डिस्चार्ज दो लाख 27 हजार क्यूसेक, दिन में एक बजे दो लाख छह हजार चार सौ क्यूसेक, शाम तीन बजे एक लाख 91 हजार दो सौ क्यूसेक और चार बजे एक लाख 89 हजार क्यूसेक रहा। इससे जलस्तर में गिरावट आई है। शाम चार बजे भैसहा गेज पर नदी का जलस्तर लाल निशान से 65 सेमी नीचे 95.35 मीटर रहा। जलस्तर में गिरावट के बाद दियारा के महदेवा, सालिकपुर, शिवपुर, हरिहरपुर, मरिचहवा, नारायणपुर, शाहपुर आदि गांवों राहत महसूस कर रहे हैं। एसडीएम भावना सिंह ने नायब तहसीलदार रवि यादव के साथ नदी उस पार के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। बाढ़ को देखते हुए तहसील प्रशासन ने जिलापूर्ति अधिकारी से पत्राचार कर नदी उस पार के ग्रामीणों को दो महीने का अतिरिक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने को कहा है। कार्डधारकों के लिए मिट्टी तेल का भी प्रबंध कराने के लिए कहा है।

### बाढ़ को लेकर पुलिस भी हुई सतर्क

**जासं, पनियहवा:** खड्डा के गांव महदेवा व सालिकपुर गांव में बाढ़ की संभावना को देखते हुए एसएचओ धनवीर सिंह पुलिस टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किए। ग्रामीणों से वार्ता की और मदद करने का आश्वासन भी दिया। बाढ़ आने पर सुरक्षित गांव से बाहर निकालने के साथ राहत शिविर से मदद की जाएगी। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि महदेवा नथुनी कुशवाहा, प्रधान सालिकपुर रामभज्जू चौहान आदि मौजूद रहे।


SHRI RA
PARAMEDICA
BAREILLY | U
JOIN THE 12
Traini
WITHO
IN
Post Grad
- Physiothera
- Optometry
- Laboratory
- Radio Imagi
- Operation T
Under Gra
- Operation T
- Physiothera
- Radiology In
- Optometry

# चौकी प्रभारी को किया सम्मानित



**पडरौना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पडरौना की तरफ से पडरौना सिटी चौकी इंचार्ज अजय पटेल को सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री व जिला अध्यक्ष सचिन चौरसिया, जिला महामंत्री आशीष खेतान, जिला कोषाध्यक्ष अनुराग खेतान, संगठन मंत्री अभय अग्रवाल, जिला मंत्री विनम्र कसौधन, नगर कोषाध्यक्ष बिट्टू सोनी स्वर्णकार ने अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न देकर चौकी प्रभारी को सम्मानित किया। चौकी प्रभारी अजय पटेल ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा एवं उनकी समस्याओं का समाधान पुलिस का कर्तव्य है। संवाद



अमवाखास बंधे का निरीक्षण करते डीएम एस.राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल। संवाद

# जुमे की नमाज की ड्रोन से होगी निगरानी

**पडरौना।** शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कड़े इंतजार किए गए हैं। ड्रोन कैमरे से निगरानी कराई जाएगी। शहर और ग्रामीणों क्षेत्र की सभी मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम, एसपी, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। 76 मजिस्ट्रेटों की भी ड्यूटी लगाई गई है। एसपी धवल जायसवाल ने बृहस्पतिवार को जुमे की नमाज को लेकर सभी थानेदारों को निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि सूचना देने के लिए हेल्प लाइन नंबर 05564-260590 जारी किया गया है। संवाद

# लूट का आरोपी गिरफ्तार

पटहेरवा। एक सप्ताह पूर्व पंजाब नेशनल बैंक की पटहेरवा शाखा से रुपये निकाल घर जा रही महिला से 25 हजार रुपये लूटने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाक्षेत्र के रजवटिया गांव की प्रभावती देवी ने पटहेरवा पुलिस को तहरीर में बताया था कि वह एक सप्ताह पूर्व मंगलवार दोपहर तीन बजे पटहेरवा स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में रुपये निकालने गई थी। रुपये निकाल कर वह घर लौट रही थी। टेंपो में बैठाकर तीन लोगों ने रुपये लूट लिए थे। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि लूट के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी : एसओ

खड्डा। आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए बृहस्पतिवार को खड्डा थानाक्षेत्र के कोहरगड्डी गांव में धर्मगुरुओं की बैठक हुई। इसमें दोनों समुदायों के लोगों से मिल जुलकर रहने की अपील की गई। खड्डा थानाक्षेत्र के अति संवेदनशील गांव कोहरगड्डी में एसओ धनवीर सिंह की अगुवाई में यह बैठक हुई। एसओ ने कहा कि अराजकता फैलाने वालों के बारे में पुलिस को तत्काल सूचना दें। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-07-2022

# दहेज हत्या में वांछित तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**पनियरा ( महराजगंज ) (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ  द्वारा अपराधियों के गिरफ्तारियों केलिए चलाये जा रहे आपरेशन बज्र के तहत भादंवि की धारा 498ए,304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट के मामलेमें थाना पनियरा  में वांछित तीसरे आरोपी रामपुर ट ोला रानीपुर  निवासी विजय कुमार  को  पुलिस ने बृहस्पतिवार को मुजूरी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपी की नव विवाहिता की विगत दिनों घर में ही संदेहास्पद परिस्थितियों मे शव मिला था। उस मामले मे मृतका के मायके वालों की तहरीर पर मृतका के पति, सास, ससुर व देवर  सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थानाध्यक्ष पनियरा सत्य प्रकाश सिंह ने बताया की इस मामले मे शेष आरोपियों की सुरागकाशी मे पुलिस टीम लगी रहीं की जरिये मुखवीर सूचना मिली की एक वांछित आरोपी मुजुरी से कहीं जाने के फिराक मे है।  इस सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए  आरोपी विजय कुमार को  गिरफ्तार कर लिया ।  इसी क्रम में पनियरा पुलिस ने क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 8 लोगों का  151,107,116 सी आर पी सी के तहत चालान किया है।

# पुलिसकर्मियों को दी विदाई

**महराजगंज (एसएनबी)।** पुलिस कार्यालि केतथागत सभागार में गुरूवार को जनपद से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से 5 उपनिरीक्षक, 1 मुख्य आरक्षी व एक उर्दू अनुवादक समेत कुल 7 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए । इस अवसर पर पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को माला व अंग वस्त्र पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट की। सेवानिवृत्त अधिकारियों/ कर्मचारियों में एसआई सीताराम यादव,उप निरीक्षक रामदेव यादव, एसआई ओमप्रकाश यादव,एसआई लालचन्द भारती,उप निरीक्षक यशवंत सिंह, मुख्य आरक्षी चोकट यादव व उर्दू अनुवादक एजाज हुसैन हैं। इस दौरान सीओ सदर, क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार (प्रशिक्षणाधीन) व प्रतिसार निरीक्षक श्री मनोज कुमार आदि मौजूद रहें तथा सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को आगामी जीवन केलिए शुभकामनाएं दी ।

# सोशल मीडिया के प्लेटफार्मों पर न भरें आनलाइन लोन के फार्म

पनियरा ( एसएनबी)। सावधान : कहीं आप साइबर अपराधियों के बिछाये गये जाल में फंसकर ठगी के शिकार न हो जायें।इसलिए भूल कर भी सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर आ रहे लुभावने प्रचार को देखकर आनलाइन लोन के फार्म ने भरें।इस तरह की ठगी के शिकार पनियरा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया वरना वह ठगी का शिकार हो सकता है। हलांकि जब वह व्यक्ति उसके दिये गये लिंक पर पैसे देने से इंकार कर दिया तो साइबर अपराधी ने 3448501363173 नम्बर से वाटसेप काल कर झुंझलाकर गंदी-गंदी गाली व धमकी देने लगा।पीड़ित पढ़ा लिखा व जानकार था तो उसने तुरन्त साइबार क्राइम के हेल्पलाइन नम्बर 1030 पर काल कर सूचना दर्ज कराया। उधर से यह भी बताया गया कि उसके बताये नम्बर या लिंक पर किसी तरह का पेमेंट ना करें। पीड़ित द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार उसने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर एक एप मनी का प्रचार देखा कि तुरन्त लोन पायें कोई इक्स्ट्रा चार्ज नहीं। यह देखकर

**साइबर अपराधी फंसा कर बना सकते हैं ठगी का शिकार**

उसने उस पर आनलाइन लोन का फार्म भरा जिसमे स्टेपवाइज आधार कार्ड,पैन कार्ड , ड्राइविंग लाइसेंस आदि मांगता गया। दो पहचान वालों का नम्बर। यह सभी स्टेप भरने के बाद सेल्फी का विकल्प आ गया। सेल्फी सहित सारे डाकूमेंट अपलोड करने के तुरन्त बाद मैसेज आ गया कि आपका लोन स्वीकृत हो गया। लेकिन हफ्ता भर बीतने के बाद भी दिये गये खाते में पैसा नहीं आया बल्कि बृहस्पतिवार को प्लस 48501363173 वाटसेप नम्बर से वही सेल्फी वाली फोटो व दिये गये रिफरेंस नम्बर आया तो उस पर चैट के माध्यम से पूछा गया तो उसने कहा कि - मनी से। पैसा भेजो। इधर से जब यह लिखा गया कि पैसा आप भेजोगे या मैं तो उसने तुरन्त वाटसेप काल कर कहने लगा कि अगर लोन का पैसा चाहिए तो तत्काल लिंक भेज रहा हूं,उस पर 2518 ₹ तुरन्त भेजो जब इधर से कहा गया कि लोन में सब कुछ अर्जेस्ट कर प्रासेसिंग फी काट कर ही लोन एकाउण्ट में पैसा भेजने की बात कही गयी थी। तो वह झल्लाकर गंदी-गंदी गालिया देने लगा और तरह-तरह की धमकी भी देने लगा। इसके मद्देनजर भूल से भी सोशल मीडिया के प्रचार एप पर आनलाइन लोन फार्म न भरें बैंक पर ही जाकर भरें।

# बैंकों में चला जांच अभियान

श्यामदेउरवां। एसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर गुरुवार को श्यामदेउरवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा अलार्म को चेक किया गया।

बैंकों के बाहर घूम रहे लोगों से पूछताछ की गई तथा बिना वजह मौजूद न रहने की हिदायत दी। इस अभियान के तहत भारतीय स्टेट बैंक, बडौदा यूपी बैंक, नगर सहकारी बैंक श्यामदेउरवा, पंजाब नेशनल बैंक परतावल में पहुंचकर लोगों से पूछताछ की गई।

# कार्रवाई में हीलाहवाली पर एसओ को एसपी ने कसा

## जन सुनवाई

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जन सुनवाई में दो फरियादियों की शिकायत पर एसपी डॉ. कौस्तुभ ने कोल्हुई व चौक थाना के एसओ को केस दर्ज करने में हीलाहवाही पर टाइट किया। फौरन कार्रवाई का निर्देश दिया।

एसओ चौक ने शनिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर एसपी ने कहा कि अभी दो बज रहे हैं। चौक क्षेत्र का एक लड़का अपनी मां के साथ फरियाद लेकर एसपी के पास पहुंचा था। बताया कि उसके चाचा विवाद कर रहे हैं। पैतृक भूमि पर ही

> जन सुनवाई में आने वाली शिकायतों को पांच श्रेणी में बांट कर कार्रवाई कराई जा रही है। एक्सल सीट पर शिकायत का पूरा ब्योरा दर्ज कराया जा रहा है। जो चौकी इंचार्ज, हल्का दरोगा या आरक्षी हीलाहवाही कर रहे हैं, उनकी ड्यूटी पुलिस कार्यालय में आठ-दस दिन के लिए लगाई जा रही है। **-डॉ. कौस्तुभ**, एसपी

नहीं जाने दे रहे हैं। कोल्हुई क्षेत्र के एक फरियादी ने बताया कि उसकी नाबालिग लड़की को दूसरे जिले का एक युवक बहलाकर भगा ले गया है। इस पर एसपी ने एसओ को फोन कर फौरन केस दर्ज करने का निर्देश दिया।



# आबकारी एक्ट का वारंटी पकड़ा गया

**ढूढीबारी।** ढूढीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमुई निवासी वारंटी राजकिशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली के एसआई राजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि आबकारी एक्ट का यह वारंटी कहीं भागने की फिराक में है। इस सूचना पर उसे गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया।

# दहेज हत्या में वांछित गिरफ्तार

**पनियरा।** पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित रामपुर के रानी टोला निवासी विजय कुमार को मुजुरी चौराहे से गिरफ्तार कर चालान किया है। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि उक्त व्यक्ति धारा 498 ए, 304 बी आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित था। उसे मुजुरी चौराहे से गिरफ्तार किया गया है।

# अपहरण का फरार आरोपी दबोचा गया

**झनझनपुर।** चौक क्षेत्र की एक किशोरी के अपहरण के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि आरोपी हरपाल सहानी को पिपरिहा चौराहे से गिरफ्तार किया गया। साथ ही किशोरी को भी बरामद कर लिया गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार

**श्यामदेउवा:** दुष्कर्म के आरोपित गौतम गुप्ता को पुलिस ने बरगदवां चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त निरीक्षक ध्यान सिंह चौहान ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से घर में घुसकर युवक ने दुष्कर्म किया था। मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही थी।

# बैंकों में पुलिस ने चलाया अभियान

**श्यामदेउरवा:** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशानुसार गुरुवार को श्यामदेउरवा पुलिस ने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले विभिन्न बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया। जिसके तहत भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक पर मुख्य रूप से लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया और अलार्म को भी परखा गया। बैंकों के बाहर मौजूद संदिग्धों से पूछताछ की गई और बिना वजह मौजूद न रहने की हिदायत दी। उपनिरीक्षक मनीष तिवारी मौजूद रहे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 253 वाहनों का चालान

**महराजगंज:** पुलिस ने गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों से यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में 253 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा नौ वाहन चालकों से 8500 रुपये का जुर्माना भी वसूला। (जासं)

## पांच लीटर कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज:** निचलौल पुलिस ने गुरुवार को डोमा खास गांव से देव कुमार के पास से पांच लीटर कच्ची बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। (जासं)

## दहेज हत्या में आरोपित गिरफ्तार

**मुजुरी:** पनियरा थाने की पुलिस ने गुरुवार को दहेज हत्या के मामले में रामपुर रानी टोला निवासी वांछित आरोपित विजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

# बिना फिटनेस बच्चों को ढो रहे वाहन

## मानक से अधिक बच्चों को बैठाते स्कूल के वाहन, हमेशा बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** स्कूली वाहनों के फिटनेस को लेकर शासन भले ही सख्त है, लेकिन अभी भी जनपद में ऐसे तमाम स्कूलों के वाहन हैं, जो मानक विहीन होते हुए सड़कों पर चल रहे हैं। इतना ही नहीं अधिक पैसा कमाने के चक्कर में सवारी बस की तरह बच्चों को मानक से अधिक बैठाते हैं। खिड़की खुली होने के कारण बच्चे सिर निकालकर झांकते रहते हैं, इससे उनकी जान को खतरा बना रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में ही नहीं, शहर के बड़े-बड़े स्कूलों की भी यही स्थिति है। वर्तमान में अभी भी 270 वाहन बिना फिटनेस बच्चों को ढो रहे हैं।

जिले में 713 स्कूल वाहन पंजीकृत हैं। करीब-करीब सभी अंग्रेजी मीडियम के स्कूलों में बच्चों के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है। इनमें कुछ स्कूलों के वाहन तो मानक के हिसाब से हैं, लेकिन अधिकतर स्कूल संचालक छात्र-छात्राओं के आवागमन के लिए पुराने वाहनों को लगाए हुए हैं। इन वाहनों में किसी के पर्दे नहीं हैं, तो बच्चों की सुरक्षा के लिए दरवाजे खिड़की के पास जाली नहीं है। अधिकतर स्कूलों में वाहन मानक को ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं, जो किसी दिन बड़ी दुर्घटना की वजह बन सकती है।

### सुरक्षा में लापरवाही

- **पिछले दिनों फिटनेस के अभाव में निलंबित हुए थे 300 स्कूली वाहनों के पंजीकरण**
- **कई वाहनों में खिड़की सुरक्षित नहीं सिर निकालकर इधर-उधर देखते हैं बच्चे**



अनफिट स्कूल का वाहन • जागरण

### यह है मानक

- बच्चों को पकड़ने के लिए सीट के पीछे हैंडिल हो।
- खिड़की पर जाली लगी हो।
- बच्चों के बैग रखने की व्यवस्था हो।
- चालक और कंडक्टर वर्दी में हो।
- वाहन के आगे-पीछे स्कूल का नाम, चालक, कंडक्टर व स्कूल प्रबंधन का फोन नंबर होना चाहिए।
- वाहन का रंग पीला हो।
- चालक के साथ कंडक्टर हो।
- निर्धारित सीट के अनुसार बच्चे बैठें।
- फर्स्ट एड बाक्स और अग्निशमन यंत्र हो।
- पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर लिखा हो।

**"अभियान के तहत पिछले दिनों स्कूलों के 300 वाहनों का पंजीकरण निलंबित किया गया था। इसके बाद 30 वाहनों का उनके संचालकों ने फिटनेस बनवा लिया है। जल्द ही अन्य 270 संचालकों ने भी फिटनेस नहीं कराया तो उनके वाहनों का पंजीकरण रद कर दिया जाएगा।**

**आरसी भारतीय**, एआरटीओ

# तीन उपनिरीक्षकों समेत 14 पुलिसकर्मियों का तबादला

**जासं, महराजगंज:** पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने गुरुवार को सुबह पुलिस कार्यालय समेत विभिन्न स्थानों पर तैनात तीन उपनिरीक्षकों समेत 14 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र के बदलाव करते हुए नई तैनाती दी है। स्थानांतरित पुलिसकर्मियों में पुलिस कार्यालय के महिला सम्मान प्रकोष्ठ में तैनात उपनिरीक्षक श्याम सुंदर चौबे को बरगदवा थाना, पुलिस लाइन में तैनात कृष्णाकांत राय को पुलिस कार्यालय के महिला सम्मान प्रकोष्ठ व फरेंदा सेउपनिरीक्षक अरुण कुमार को जनसुनवाई पुलिस कार्यालय में नई तैनाती दी गई है। इसके अलावा आरक्षी नीलम सिंह को पुलिस कार्यालय से महिला थाना, पुष्पांजलि सिंह को परसामलिक से पुलिस कार्यालय, मुजम्मिल मलिक को यूपी 112 से पुलिस कार्यालय के रिट सेल प्रधान लिपिक शाखा, उपेंद्र कुशवाहा को पुलिस कार्यालय से यूपी 112, अंकिता पाठक को फरेंदा थाना से सिंदुरिया भेजा गया है। हृदयराम यादव को थाना पनियरा से स्वाट टीम, अमरजीत सिंह को थाना कोठीभार से सिंदुरिया, अंकित यादव को निचलौल सिविल से सीसीटीएनएस निचलौल, अंजूलता भारती को थाना पनियरा से श्यामदेउरवा, गोपाल यादव को सदर कोतवाली से पुलिस लाइन और विनीत कुमार को कोतवाली से एसओजी के लिए स्थानांतरित किया गया है।

## सेवानिवृत कर्मियों की विदाई

**महराजगंज:** पुलिस कार्यालय के तथागत सभागार में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने सेवानिवृत उपनिरीक्षक सीताराम यादव, रामदेव यादव, ओमप्रकाश यादव, लालचंद भारती व यशवंत सिंह के अलावा मुख्य आरक्षी चोकट यादव तथा उर्दू अनुवादक एजाज हुसैन को माला पहनाकर सम्मान किया और उपहार देकर विदाई दी।

# अपहरण का फरार आरोपित गिरफ्तार

**जासं, महराजगंज:** चौक थाने की पुलिस ने गुरुवार को युवती के अपहरण मामले में वांछित ओबरी निवासी हरपाल साहनी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि युवती भी बरामद कर ली गई है।

# वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जासं, महराजगंज:** ठूठीबारी पुलिस ने गुरुवार को आबकारी एक्ट में वांछित जमुई कला गांव निवासी राजकिशोर को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया। आरोपित के विरुद्ध पुलिस में कई मामले दर्ज हैं। थानाध्यक्ष संजय दुबे ने बताया कि जमुई कला गांव से गिरफ्तार किया गया है।

# कलेक्ट्रेट पुलिस चौकी में शिफ्ट होगा सीओ कार्यालय

**जासं, महराजगंज :** सदर सर्किल के अन्य थानों समेत कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था की बेहतर निगरानी के लिए सीओ सदर का कार्यालय कलक्ट्रेट पुलिस चौकी में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए एसपी डॉ. कौस्तुभ ने दिशा निर्देश निर्देश जारी कर दिया है।

कलेक्ट्रेट पुलिस चौकी में सीओ के चैम्बर व कार्यालय स्टाफ के बैठने का इंतजाम किया जाएगा। पुलिस कार्यालय में सीओ सदर का कार्यालय दूसरे तल पर है। सीओ कार्यालय में फरियाद लेकर पहुंचने वाले अधिकांश फरियादी सीधे एसपी के चैम्बर में पहुंच जाते हैं। कलेक्ट्रेट चौकी में वहां की प्रभारी भी बैठेंगी। सीओ भी वहां से विभागीय काम करेंगे।

# इमारत ढहने से नौतनवां के आठ लोगों की मौत

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नौतनवां।** मुंबई के कुर्ला में चार मंजिला इमारत गिरने से नौतनवां तहसील क्षेत्र के आठ युवक दब कर मर गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने मुंबई पहुंच गए हैं।

इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के मुताबिक नौतनवां तहसील क्षेत्र के सेमरहवा, हनुमानगढ़िया, कजरी और धोतिअहवा गांव के लोग मुंबई के कुर्ला में नायक नगर में एक चार मंजिला इमारत में किराए के कमरा में रहकर मजदूरी करते हैं। बीते सोमवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे अचानक इमारत गिरने से सेमरहवा गांव के पूर्व प्रधान का बेटा अनूप राजभर (19) तथा छोटा भाई सिकंदर राजभर (20) की मौत हो गई। हनुमानगढ़िया गांव के कुशहर प्रजापति (26) तथा उनके छोटे भाई श्यामू प्रजापति (20), अनूप गौड़ (21), कजरी गांव के अरविन्द कुमार (20), धोतिअहवा गांव के सोनू (22), अनिल यादव (24) की इमारत के मलबे में दबकर मौत हो गई, जबकि मनीष यादव (23) गंभीर रूप से घायल हैं।

जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने के लिए मुंबई पहुंच गए हैं। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि सूचना मिली है। सेमरहवा गांव के पूर्व प्रधान मनोज राजभर से बात हुई है। अभी शव गांव में नहीं पहुंचा है।

# शांतिभंग में पांच लोगों का चालान

**ठूठीबारी।** कोतवाली पुलिस ने जमीन के विवाद में पांच लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। भगवानपुर से छांगुर, राधेश्याम, संतोष, जितेंद्र, हीरालाल साहनी का शांतिभंग में चालान किया गया है। यह जानकारी कोतवाल संजय दूबे ने दी। संवाद

# वांछित गिरफ्तार

**पनियरा।** पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित विजय कुमार निवासी रामपुर रानी टोला को मुजुरी चौराहा से गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने दी। संवाद

# वारंटी को जेल भेजा

**ठूठीबारी।** ग्राम सभा जमुई निवासी वारंटी राजकिशोर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है। कोतवाली के एसआई राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया गया था। वह फरार चल रहा था। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी जेल भेजा गया

परतावल। दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को बरगदवां चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। निरीक्षक ध्यान सिंह चौहान ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से घर में घुसकर युवक ने दुष्कर्म किया था। मामले में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर बरगदवां चौराहे से आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

# शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मांगा

## उदयपुर की घटना के मद्देनजर नौतनवां में पीस कमेटी की बैठक हुई

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौतनवां।** राजस्थान के उदयपुर में हुई घटना एवं जुमे की नमाज के दृष्टिगत बृहस्पतिवार दोपहर सीओ अनुज कुमार सिंह ने नौतनवां थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक कर लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाकर एकजुटता के साथ रहने की अपील की।

सीओ अनुज कुमार सिंह ने कहा कि अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें, शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें। अनावश्यक बातों को लेकर आपसी व्यवहार और सौहार्द को कत्तई खराब न करें। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि आपसी भाईचारा व एकता के साथ सभी लोग रहें। किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। इस दौरान निरीक्षक रामाश्रय यादव, देवेंद्र सिंह, हरि किशोर मिश्र, श्याम बहादुर सिंह, ऋषिराम थापा, यमलाल लम्साल, मौलाना तबरेज अहमद, मैनुद्दीन, इब्राहिम, कासिम अली, रामचंद्र पुजारी, तौहीद, आनंद शुक्ला, सुधीर कुमार आदि रहे।



नौतनवां थाने में पीस कमेटी की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देते सीओ अनुज कुमार सिंह। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-07-2022

# कोरोना संक्रमित महिला का हुआ ऑपरेशन

- बनहा-कप्तानगंज की महिला की मेडिकल कॉलेज में हुई सर्जरी
- प्रयागराज में पढ़ाई कर रहा कुदरहा का छात्र मिला कोराना संक्रमित

बस्ती, निज संवाददाता। कप्तानगंज ब्लॉक के बनहा-ओझागंज की 41 वर्षीय कोविड पॉजिटिव महिला की मेडिकल कॉलेज अम्बेडकरनगर में सर्जरी की गई। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव होने की सूचना घर वालों को नहीं थी। आरटीपीसीआर जांच 29 जून को मेडिकल कॉलेज अम्बेडकर नगर में हुई थी। 30 जून की सुबह उसका ऑपरेशन किया गया। जिले में कुल पांच नए मरीज मिले हैं। एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 25 हो गई है।

शहर के नरहरिया-बनरही की 22 वर्षीय महिला ने एएनसी से पूर्व जिला महिला अस्पताल में एंटीजन टेस्ट कराया था। महिला में कोविड के लक्षण थे। वह पॉजिटिव मिली है। मरवटिया-कुदरहा का व प्रयागराज में पढ़ाई कर रहा छात्र पॉजिटिव मिला है। प्रयागराज से बस्ती आते समय अयोध्या रेलवे स्टेशन पर आरटीपीसीआर जांच हुई थी। पॉजिटिव मिला है। जिला महिला अस्पताल में दो अन्य महिलाएं एंटीजन जांच में कोरोना पॉजिटिव मिली हैं।

मिक्की हाउस बंधा तिराहा, नयाघाट अयोध्या की 29 महिला ने एंटीजन जांच कराई तोपॉजिटिव मिली। आईडीएसपी के नोडल ऑफिसर डॉ. सीएल कन्नौजिया ने बताया जो मरीज जिले में हैं, सभी को होम क्वारंटीन कराए दवा दी जाएगी।

# सोशल मीडिया पर निगहबानी

बस्ती। यूपी के कुछ जिलों में पत्थरबाजी व अब राजस्थान के उदयपुर में एक व्यक्ति की निर्मम हत्या को देखते हुए पुलिस बेहद चौकन्ना है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ व आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर साइबर सेल कड़ी नजर रख रहा है।

गुरुवार को एक एडवाइजरी जारी की गई है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया समाज में किसी तरह से अशांति पैदा करने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। जुमे की नमाज को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

कहा अगर कोई समस्या है तो सक्षम स्तर से अनुमति ले ज्ञापन दे सकते हैं। थाना क्षेत्रों में पैदल गस्त और पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। सीओ और थानाध्यक्षों को ज्यादा से ज्यादा फील्ड में मौजूद रहने को कहा गया है।

# दो चोर गिरफ्तार

घघौवा (बस्ती)। छावनी पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार को थाना क्षेत्र के विक्रमजोत बाजार स्थित अंडरपास के करीब पटखापुर की तरफ से आने वाली सर्विस रोड पर मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। संदेह पर टीम ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। बाइक सवारों की पहचान परसरामपुर क्षेत्र के तल्हवापुर गांव निवासी हरिश्चंद्र व इसी थाने के अरजानीपुर सूरज के रूप में हुई। तलाशी में आरोपी हरिश्चंद्र के पास से 12 सौ रुपये नगद व सूरज के पास जोड़ी सफेद धातु की पायल बरामद हुआ।

# नौ किलो तीन सौ ग्राम गांजे के साथ दो लोग गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। कोतवाली व स्वॉट की संयुक्त टीम ने 9 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार संयुक्त टीम ने गुरुवार को अमहट पुल के पास से मो. जावेद निवासी थनवारपुर थाना नगर और सुनील निवासी संगहा चितहरगठिया थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया गया है।

पकड़ने वाली टीम में कोतवाल संजय, प्रभारी स्वाट संतोष, मनीष जायसवाल, राघवेन्द्र दुबे, शेषनाथ, गौरव, अजय यादव, सम्पूर्णानन्द, शिवकेश सिंह शामिल रहे।

# प्रदर्शन कर बजरंग दल व विहिप ने सौंपा ज्ञापन



कन्हैयालाल की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता।

बस्ती, निज संवाददाता। राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या पर गुरुवार को विहिंप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। कार्यकर्ताओं ने यह ज्ञापन एसडीएम सदर शैलेष दूबे को सौंपा।

कहा नूपुर शर्मा के एक बयान का समर्थन करने पर कन्हैया लाल को दो मुस्लिम जिहादियों ने उसकी दुकान में घुसकर हत्या कर दी और वीडियो बनाते हुए देश की संप्रभुता को चुनौती दिया। जिसका विहिंप व बजरंग दल विरोध कर रहा है। मांग किया है कि राजस्थान की गहलोत सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

प्रांत उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, कार्याध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया, नीरज कसौधन, संजय अग्रहरी, रविंद्र कश्यप, दीपक पांडेय, शिव कुमार चौरसिया, परशुराम चौधरी मौजूद रहे।

# झांसा देकर 16 हजार की टप्पेबाजी में केस

बस्ती। नगर थाना क्षेत्र के तिलकपुर के पास बाइक सवार एक टप्पेबाज ने बैंक से पैसा निकाल कर लौट रहे एक बुजुर्ग को झांसा में फंसाकर सोलह हजार रुपये की टप्पेबाजी कर ली थी। थानाध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। बढ़नी ब्रह्मचारी पुरवा निवासी गिरधारी सोमवार 27 जून को मरहा गोटवा स्थित बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा से पैसा निकालने आए थे। उन्होंने 16 हजार रुपया निकाला दोपहर करीब एक बजे जब वह फोरलेन पर तिलकपुर के पास पहुंचे थे।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर केस

बस्ती। कलवारी थाने पर तहरीर देकर एक विवाहिता ने बताया है कि उसकी शादी हरैंया थाना क्षेत्र के उठवा उपाध्याय निवासी गिरजेश गोस्वामी के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग की गई। पूरा न कर पाने पर मारपीट कर अपशब्द कहा गया। जान से मारने की धमकी भी दी गई। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति गिरजेश, ससुर शिवजी गोस्वामी, जेठ दुर्गेश, जेठानी अन्जू व सास सुमित्रा के खिलाफ आईपीसी 498ए, 323, 504, 506 व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सीएम पर टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

## कार्रवाई

कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस ने सोशल मीडिया पर सीएम योगी पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आरोपी युवक को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि शराब के नशे में उसने गलती से वीडियो वायरल किया था। उसके खिलाफ दुबौला चौकी इंचार्ज ने मुकदमा दर्ज कराया था।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के दुबौला चौकी क्षेत्र अंतर्गत पतिला गांव निवासी रवि कुमार ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई कप्तानगंज पुलिस ने आनन-फानन में आरोपी के विरुद्ध चौकी इंचार्ज दुबौला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गई थी।

# सेवानिवृत्त होने पर इंस्पेक्टर को दी विदाई

रुधौली। रुधौली थाने पर तैनात रहे इंस्पेक्टर अवधेश राय के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को भावभीनी विदाई दी गई।

# डॉक्टरों के सेवाभाव से कारोना में बची कई मरीजों की जान

# इलाज में पॉजिटिव हुए फिर भी नहीं टूटा हौसला

## डॉक्टर्स डे

**सोनूपार, हिन्दुस्तान संवाद।** इलाज के दौरान कोरोना पॉजिटिव होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग व अस्पतालों से जुड़े चिकित्सकों में मरीजों की सेवा का हौसला बरकरार रहा। निगेटिव होने के साथ ही काम पर लौटे और सेवा में जुट गए। इसी सेवाभाव की बदौलत काफी कोविड मरीजों की जान कोविड की दूसरी व तीसरी लहर में बचाई जा सकी है।

मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, स्वास्थ्य विभाग में तैनात 40 से ज्यादा चिकित्सक कोविड की चपेट में आए। वार्ड में तैनात, आईडीएसपी सेल, आरआरटी के इमरजेंसी में मरीजों के इलाज के दौरान चिकित्सक संक्रमित हुए। दूसरी लहर में कोविड वार्डो में तैनात चिकित्सक परिवार से हफ्तों दूर रहे, केवल फोन पर ही परिवार से हाल-चाल लेते रहे। चिकित्सकों की इस महान सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।



मई में पॉजिटिव हो गए थे। यह हमारे जीवन का सबसे कठिन समय है। डॉक्टरों को तय करना भी मुश्किल था संक्रमितों को सुविधाएं मिलती रहें। डॉक्टर्स और हेल्थकेयर स्टॉफ के योगदान को देखते हुए उनका सम्मान हर दिन होना चाहिए, न सिर्फ केवल विशेष दिन पर हो।

**– प्रोफेसर प्रवीण गौतम,** सांस एवं अस्थमा रोग विशेषज्ञ, मेडिकल कॉलेज



जून में पॉजिटिव हुआ था। डॉक्टरों को भगवान का दर्जा मिलता है। डॉक्टर ही लोगों को बीमारियों से बचाते हैं, यही वजह है हर साल पहली जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। कोविड बीती एक सदी की अभूतपूर्व घटना रही है। सबसे बुरा असर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों पर पड़ा।

**– पुरुषोत्तम लाल,** असिस्टेंट प्रोफेसर, बाल रोग विशेषज्ञ, मेडिकल कॉलेज



मेडिकल कॉलेज बनने में कुछ समय हुए थे कि देश में कोरोना महामारी आ गई। कम संसाधनों में अच्छा करने का प्रयास शुरू हुआ। पहली लहर में कामयाबी मिली, दूसरी लहर में पॉजिटिव हुए लोग अपने आप का बचाव नहीं पाए। मरीजों की सेवा में दो बार पॉजिटिव हुए। दूसरी लहर इलाज करते समय आठ मई को पाजटिव हो गए।

**– डॉ. पुंज प्रकाश मिश्रा,** एमडी फिजीशियन, कैली अस्पताल



कोविड के पहले और दूसरे वेव में मरीजों को 24 घंटा देखने व सलाह देने में पूरा समय बीत जाता था। परिवार से दूर रहकर जिम्मेदारियों का निर्वाह किया। खुद की चिंता नहीं थी। सोंचता था किसी तरह मरीज की जान बचाई जाए। आज लोगों में लापरवाही बढ़ी है। लोगों को जान लेना चाहिए कोरोना समाप्त नहीं हुआ है और न ही उसकी भयावहता ही कम हुई है। **–बीएल कन्नौजिया,** असिस्टेंट प्रो. मेडिकल कॉलेज

# रुपये लेते लेखपाल का वीडियो वायरल, जांच शुरू

**आरोप**

**बस्ती, निज संवाददाता।** रुपया लेते सदर तहसील के एक लेखपाल का वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम सदर शैलेष दूबे ने विभागीय कार्रवाई के लिए जांच बैठा दिया है। नायब तहसीलदार सदर को जांच अधिकारी बनाया गया है। सदर तहसील के सेल्हरा में तैनात लेखपाल राम निहोर पर आरोप है कि वह नाम ट्रांसफरेबल जमीन को खतौनी में ट्रांसफरेबल कराने के लिए पट्टाधारकों से घूस ले रहे थे।

### अंक्रमणीय होती है सरकारी जमीन, बेचने का नहीं होता अधिकार

ग्राम पंचायत में कुछ न कुछ जमीन बंजर, गड़ही, तालाब आदि की होती है। यह सरकारी जमीन आवश्यकता पड़ने पर भूमिहीनों को पट्टा किया जाता है। जमीन लाभार्थी को भूमिहीन होने के चलते मिलती है, इसलिए वह अगले पांच वर्ष तक इस जमीन को नहीं बेच सकते हैं। पांच साल बाद पट्टाधारक क्षेत्रीय एसडीएम के न्यायालय में वाद दायर कर जमीन को संक्रमणीय करने का अनुरोध करता है। इस अनुरोध पर एसडीएम क्षेत्रीय लेखपाल से रिपोर्ट मांगते हैं। रिपोर्ट के साथ पट्टे की कापी भी लगाई जाती है।

बस्ती सदर तहसील के सेल्हरा के कुछ कास्तकारों को पट्टी की जमीन मिली है। बंजर की सरकारी जमीन को कृषि पट्टा के लिए कास्तकारों को इस शर्त पर मिलती है कि वह अगले पांच वर्ष तक इस जमीन को बेच नहीं सकते हैं। यह केवल उनके नाम पर रहेगी और किसी दूसरे के नाम नहीं हो सकती है। क्षेत्रीय लेखपाल रामनिहोर पर आरोप है कि इसी पट्टे की जमीन को ट्रांसफरेबल कराने के लिए वह सेल्हरा के कास्तकारों से पांच से 10 हजार रुपया घूस ले रहे हैं। इसका किसी ने वीडियो बना लिया था। वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने इसे एसडीएम सदर शैलेष दूबे के पास भेजा। नायब तहसीलदार सदर केके मिश्र को जांच अधिकारी नामित किया गया है। एसडीएम सदर ने कहा कि जांच मे जो भी तथ्य सामने आएगा, उसके आधार पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वह 30 जून हो ही सेवानिवृत्त हो गए हैं, इसलिए निलंबित नहीं किया जा सकता है।

# कार्यभार संग तय हो जाता है रिटायरमेंट

**बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद।** सरकारी सेवा में आने के साथ ही सेवानिवृत्ति की तिथि निर्धारित हो जाती है। सेवानिवृत्त के बाद कर्मचारी कुछ अच्छे उद्देश्य के साथ नया जीवन प्रारंभ करें। अपने अनुभव का लाभ नई पीढ़ी को दें। यह बातें डीएम प्रियंका निरंजन ने गुरुवार को क्लक्ट्रेट सभागार में कही। वह प्रशासनिक अधिकारी रामकुमार पाल, अभिलेखागार अशोक यादव व रामचेत के सेवानिवृत्त पर आयोजित विदाई समारोह को संबोधित कर रही थीं।

एसपी आशीष श्रीवास्तव, एडीएम अभय कुमार मिश्र, सीआरओ नीता यादव, एसडीएम गिरीश झा, सुधांशु, एसएओ संचित मोहन तिवारी आदि ने अपना विचार रखा। कार्यक्रम का आयोजन कलक्ट्रेट मिनिस्टीरियल एसोएसिशन ने किया। संयोजन व संचालन अशोक मिश्र व सहयोग फैजान अहमद, रामकुमार, जितेन्द्र श्रीवास्तव, सुनील कुमार, शिवांश मिश्र, शिव कुमार, मो. मुजतबा, ओंकार पांडेय आदि मौजूद रहे।



कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत्तकर्मियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते अधिकारी-कर्मचारी। ● हिन्दुस्तान

### पशुपालन के मौजूनाथ व डीआरडीए ज्ञानेन्द्र हुए रिटायर

चिकित्साधिकारी बस्ती के कार्यालय के अन्वेशक कम संगणक के पद पर तैनात मौजनाथ सिंह एवं संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव उपाध्याय के सेवानिवृत्त होने पर विकास भवन सभा कक्ष में पशुपालन विभाग के अधिकारिओं एवं कर्मचारियों ने विदाई दी। अधिकारी एवं कर्मचारी को माला पहनाकर शाल, रामायण, आदि भेंट किया गया। कर कार्यक्रम का संयोजन राम अधार पाल ने किया। डॉ. रविन्द्र नाथ, सीवीओ डॉ. एके तिवारी, डॉ. अरूण तिवारी, डॉ. विजय श्रीवास्तव, रामदयाल श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, हरीराम पाण्डेय, शनि शुक्ल आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के कार्यालय सहायक ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए। साथियों ने उन्हें उपहार देकर विदाई दी।

# जिला जज ने संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

- निरीक्षण के बाद डीएम ने शिक्षकों की व्यवस्था करने का दिया आश्वासन
- बुधवार और गुरुवार को यहां आकर बच्चों से मिल सकते हैं अभिभावक

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : पचपेड़िया रोड स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का जिला जज विनोद कुमार व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निरीक्षण किया। यहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निर्देश दिया कि यहां संरक्षित सभी किशोरों को गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं नाश्ता समय से उपलब्ध कराया जाए।

प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से चिकित्सक यहां आ कर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण कर उनका समुचित इलाज करें। यहां के अधीक्षक द्वारा बताया गया कि पहले बेसिक शिक्षा से दो अध्यापक इनको पढ़ाने के लिए आते थे लेकिन इस समय वह नहीं आते हैं। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। अधीक्षक ने बताया कि बस्ती और सिद्धार्थनगर के 41-41, संत कबीरनगर के 24, गोरखपुर तथा मेरठ के दो-दो बच्चे हैं। कुल 110 बच्चे हैं।

प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को उनके अभिभावक इनसे यहां आकर मिल सकते हैं। सुबह और शाम नाश्ता, दोपहर एवं रात को भोजन दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान सीजेएम आलोक वर्मा, अधीक्षक अविनाश पटेल, विशाल चौरसिया, अनुदेशक पवन कुमार बरनवाल, केयर टेकर संतोष कुमार, जितेंद्र कुमार, दुर्गेश कुमार, अमरेंद्र चौधरी मौजूद रहे।

# पति समेत पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**गायघाट, बस्ती:** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कलवारी पुलिस ने पति सहित पांच ससुरालियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। विवाहिता क्षमा गोस्वामी पुत्र फूलचंद्र निवासी पियारेपुर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पति और ससुराल के अन्य लोगों ने दहेज की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया, जानमाल की धमकी भी दी। 10 मई को घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति गिरजेश गोस्वामी, ससुर शिवजी, जेठ दुर्गेश, अंजू व सास सुमित्रा निवासी अठवा उपाध्याय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। विवेचना उप निरीक्षक प्रताप नारायण को सौंप दी है। (जासं)

# सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**बस्ती :** इंटरनेट मीडिया पर मुख्यमंत्री के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने वाले एक युवक को कप्तानगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने आरोपित रवि कुमार निवासी पतिला थाना कप्तानगंज के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गुरुवार को दिन में 3 .15 बजे उसे गांव से गिरफ्तार कर लिया।

# रास्ते में रोककर मारने पीटने के आरोप में मुकदमा

**बस्ती :** नगर थाना क्षेत्र के भौसिंहपुर गांव निवासी महेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रमवापुर पाठक गांव के कुछ लोगों ने उनके भतीजे को रास्ते में रोक कर मारा पीटा। मामले का उलाहना देने जब उनके भाई कमलेश मौर्य विपक्षियों के घर गए तो आरोपितों ने उन्हें भी अपशब्द कहते हुए मारा पीटा और जान माल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लल्लू पाठक, विशाल पाठक व शिवम पाठक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# पति समेत पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**गायघाट, बस्ती :** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कलवारी पुलिस ने पति सहित पांच ससुरालियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। विवाहिता क्षमा गोस्वामी पुत्र फूलचंद्र निवासी पियारेपुर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पति और ससुराल के अन्य लोगों ने दहेज की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया, जानमाल की धमकी भी दी। 10 मई को घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति गिरजेश गोस्वामी, ससुर शिवजी, जेठ दुर्गेश, अंजू व सास सुमित्रा निवासी अठवा उपाध्याय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। विवेचना उप निरीक्षक प्रताप नारायण को सौंप दी है। (जासं)

# किसी धर्म पर विवादित टिप्पणी न करें : द्विवेदी

**जासं,बस्ती** : राजस्थान के उदयपुर की घटना निंदनीय है। इस घटना से सभी दल के नेताओं को सबक लेनी चाहिए। किसी भी धर्म पर विवादित टिप्पणी न करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। ये बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पीसीसी सदस्य प्रेमशंकर द्विवेदी ने कही।

कहा कि हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इसाई सभी को यहां रहने का संवैधानिक हक है। यहीं देश को वैश्विक पहचान दिलाती है। इस पहचान को बदलने की साजिश कभी सकारात्मक नतीजे लेकर नही आएगी। कन्हैयालाल हत्याकांड में हत्यारों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए जिससे कोई दोबारा ऐसा दुस्साहस न कर सकें। इसके साथ ही जाति धर्म के नाम पर नफरत फैलाकर समुदायों के बीच दीवार खड़ी करने की गलत मानसिकता पर रोक लगनी चाहिए।

# रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बस्ती :** कलवारी थाना क्षेत्र के धोबहट गांव में बुधवार को रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। गांव की फूलपती पत्नी भेजू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षी गण द्वारा अपशब्द कहते हुए उन्हें मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तीन सगे भाइयों देवराज, मनीष व अनीश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के मनीष की तहरीर पर प्रकाश, फूलपती, लखराजी व रितिक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर विवेचना एसआइ रविंद्रनाथ यादव को सौंप दी है।

# झांसा देकर 16 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में मुकदमा

**जासं, बस्ती :** तिलकपुर के पास बाइक सवार एक टप्पेबाज ने बैंक से रुपये निकाल लौट रहे एक बुजुर्ग को झांसा देकर 16 हजार की टप्पेबाजी कर ली थी।

नगर थाना क्षेत्र के बढ़नी ग्राम पंचायत के ब्रह्मचारी पुरवा निवासी बुजुर्ग गिरधारी 27 जून को गोटवा स्थित बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा से रुपये निकालने गए थे। 16 हजार रुपये निकाल वह साइकिल से घर के लिए निकले। दोपहर करीब एक बजे जब वे जैसे ही हाईवे पर तिलकपुर के पास पहुंचे, तभी बाइक सवार एक युवक पीछे से आया। उसने कहा कि बैंक से उनको ज्यादा पैसा मिल गया है। मैनेजर उन्हें बुला रहे हैं। उसने मोबाइल पर बात करते हुए कहा कि साहब वह मिल गए हैं। गिरधारी से रुपये ले लिया और बैंक आने की बात कहकर चला गया। गिरधारी बैंक में पहुंचे और मैनेजर से मिले तब जाकर पता चला कि उनके साथ ठगी हो गई है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# नकदी के साथ दो चोर गिरफ्तार

## छावनी पुलिस ने किया चोरी समेत दो घटनाओं का पर्दाफाश

**जासं,छावनी, बस्ती :** छावनी पुलिस ने गुरुवार को पूरे बदली गांव में 27 अप्रैल को हुई चोरी सहित दो घटनाओं के पर्दाफाश का दावा किया है। इनमें से एक परशुरामपुर थाना क्षेत्र की घटना है। चोरी के मामलों में दो आरोपितों को एक जोड़ी पायल व 2800 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया है।

थानाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि गुरुवार को विक्रमजोत बाजार स्थित अंडरपास के करीब पटखापुर की तरफ से आने वाली सर्विस रोड पर एक बाइक पर सवार दो लोगों को चेकिंग के दौरान रोकने की कोशिश की गई तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने दोनों को दौड़ा कर पकड़ लिया। बाइक सवारों की पहचान परशुरामपुर थाना क्षेत्र के तल्हवापुर गांव निवासी हरिश्चंद्र व अरजानीपुर निवासी सूरज के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पकड़े गए हरिश्चंद्र के पास से 1200 रुपये नकद व सूरज की जेब से एक जोड़ी चांदी की पायल व 1600 रुपये नकद बरामद हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपितों ने स्वीकार किया कि उनके गिरोह में तीन लोग हैं। तीसरे साथी का नाम साहब अली है। स्वीकार किया कि उन लोगों ने 27 अप्रैल को पूरे बदली गांव में एक मकान से 35 हजार रुपये नकद, एक करधन, पाजेब, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक माथबेंदी, नथुनी चुराया था। बताया कि 16 मई को परशुरामपुर थाना क्षेत्र के बेलारी भीटी चौराहा से एक मोबाइल की गुमटी का ताला तोड़कर 20 हजार रुपये नकदी व पुरानी कीपैड मोबाइल भी चोरी किया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा चौकी प्रभारी विक्रमजोत योगेंद्र कुमार, उप निरीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह , कांस्टेबल अरविंद यादव, राहुल सिंह, सूरज यादव, संदीप यादव शामिल रहे।



छावनी पुलिस द्वारा चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपित •जागरण

# न्यायालय ने छल के अपराध के आरोप में किया तलब

**जासं,बस्ती:** न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता त्रिपाठी ने कप्तानगंज थाना क्षेत्र मानपुर गांव के एक व्यक्ति को छल के अपराध में आरोपित मानते हुए तलब किया है। आरोपित को 28 जुलाई तक न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया है।

गांव के नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने अखिलेश्वर प्रसाद पांडेय एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें कहा कि गांव के अनिल त्रिपाठी सा जनवरी 2020 को घर पर आए। उस दौरान कहा कि पेट्रोलियम मंत्रालय में जुगाड़ है अनापत्ति प्रमाणपत्र आसानी से दिलवा देंगे। उन्होंने पेट्रोल पंप की स्थापना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपए विभिन्न तिथियों पर ले लिया। गुमराह करके सादे स्टांप पेपर पर यह कह कर हस्ताक्षर करा लिया कि टाइप करा कर विभाग में दाखिल कर देंगे। अनापत्ति प्रमाणपत्र दिलवा भी नहीं पाए रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दिए। न्यायालय ने छल व जान से मारने की धमकी देने में तलब किया है ।

# डीएम ने केंद्रों का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्था

## बेगम खैर गर्ल्स इंटर कालेज में सीसीटीवी बंद मिला, छह को होगी बीएड प्रवेश परीक्षा



बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्र बेगम खैर गर्ल्स इंटर कालेज का निरीक्षण करती डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव •जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** छह जुलाई को बीएड प्रवेश परीक्षा 19 केंद्रों पर होगी। इसमें कुल सात हजार 661 परीक्षार्थी शामिल होंगे। डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए गुरुवार को केंद्रों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने बेगम खैर गर्ल्स इंटर कालेज, शिवहर्ष स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा इंटर कालेज का निरीक्षण किया।

यहां उन्होंने कमरों में परीक्षार्थियों के बैठने, रोशनी, पंखे, फर्नीचर आदि का निरीक्षण किया। पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था को भी देखी। परीक्षा के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं को केंद्र परिसर में प्रवेश करते ही उनका मोबाइल, बैग, किताब-कापी आदि जमा करने की व्यवस्था को देखी। बेगम खैर गर्ल्स इंटर कालेज में मरम्मत एवं रंगाई-पोताई का कार्य चलने के कारण सीसीटीवी कैमरा बंद पाया गया। प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून ने बताया कि दो दिन में कार्य पूर्ण करके सीसीटीवी कैमरा चालू कर दिया जाएगा। बीएड प्रवेश परीक्षा को शुचितापूर्ण कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए है। इसके साथ ही 10 केंद्र प्रतिनिधि भी लगाए गए है।

## अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में महिला सफाईकर्मी करें तैनात

**जासं,बस्ती :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बुधवार की शाम महिला महाविद्यालय परिसर में स्थित राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। परिसर में झाड़ियां उगी हुई थी। जिसकी सफाई के लिए डीएम ने ईओ अखिलेश त्रिपाठी को निर्देशित किया। हास्टल की नियमित सफाई के लिए दो महिला सफाईकर्मी को तैनात करने के लिए भी कहा।

डीएम ने छात्राओं से बातचीत कर समस्याओं को जाना। कुछ छात्राओं ने बताया कि वर्षा के समय में कमरे में पानी आता है। हास्टल के अंदर सफाई ठीक पाई गई। छात्रावास के बाहर मुख्य गेट पर महिला महाविद्यालय के हास्टल का सेफ्टी टैंक है, जिसका गंदा पानी बाहर आकर जमा होता है।

वर्षा का पानी भी जमा होता है। डीएम ने ईओ से कहा कि जल निकासी के लिए नाली निर्माण का एस्टीमेट भी तैयार कराएं। निरीक्षण के दौरान समाज कल्याण अधिकारी श्री प्रकाश पांडेय, वार्डन प्रीति यादव एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# नौकरी के नाम पर रुपये लेकर हड़पने का आरोप

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** बिजली निगम में संविदा पर नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लेकर हड़प लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस आरोप में आंबेडकरनगर के एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि कागजात और रुपये वापस मांगने पर आरोपी जानमाल की धमकी देने लगा। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

दुबौलिया थाने के केवाड़ी मुस्तहकम निवासी पंकज कुमार ने नगर थाने पर तहरीर देकर बताया कि आंबेडकरनगर जिले के खुखूतारा निवासी पप्पू यादव ने उन्हें बिजली निगम में संविदा पर नौकरी लगाने का भरोसा दिलाया। इसके लिए 61 हजार रुपये अपने बैंक खाते में मंगवाया और कागजात भी लिया। काफी दिन बीतने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो वह रुपये व कागजात वापस मांगने लगे।

जिस पर पंकज कुमार अपशब्द व जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए उन्हें जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आईपीसी व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर केस

**बस्ती।** कलवारी थाने पर तहरीर देकर एक विवाहिता ने बताया है कि उसकी शादी हरैंया थाना क्षेत्र के उठवा उपाध्याय निवासी गिरजेश गोस्वामी के साथ हुई है।

आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग की गई। पूरा न कर पाने पर मारपीट कर अपशब्द कहा गया। जान से मारने की धमकी भी दी गई। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति गिरजेश, ससुर शिवजी गोस्वामी, जेठ दुर्गेश, जेठानी अन्जू व सास सुमित्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# छल के मामले में न्यायालय ने एक को किया तलब

**बस्ती।** न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता त्रिपाठी ने कप्तानगंज थाना क्षेत्र मानपुर गांव के एक व्यक्ति को छल के अपराध में आरोपित मानते हुए तलब किया है। आरोपी को 28 जुलाई तक न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गांव मानपुर निवासी नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने अखिलेश्वर प्रसाद पांडेय एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में मुकदमा का प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि मानपुर गांव निवासी अनिल त्रिपाठी सात जनवरी 2020 को घर पर आए। पेट्रोलियम मंत्रालय में जुगाड़ की बात कहते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र आसानी से दिलाने का आश्वासन दिया। इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये विभिन्न तिथियों में ले लिया और गुमराह करके सादे स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिया, परंतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलवाए नहीं। संवाद

# नौ किलो तीन सौ ग्राम गांजा संग दो गिरफ्तार

**बस्ती।** कोतवाली व स्वॉट की संयुक्त टीम ने नौ किलो 300 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार टीम ने बृहस्पतिवार को अमहट पुल के पास से मोहम्मद जावेद निवासी थन्हवारपुर थाना नगर और सुनील निवासी संगहा चितरगडिया थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया गया है। टीम में कोतवाल संजय कुमार, प्रभारी स्वाट संतोष कुमार, प्रभारी चौकी गांधीनगर मनीष कुमार जायसवाल, हेड कांस्टेबल राघवेन्द्र दुबे, कांस्टेबल शेषनाथ यादव, गौरव कुमार, अजय कुमार यादव, सम्पूर्णानन्द, शिवकेश कुमार सिंह शामिल रहे। संवाद

# तमंचा, कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**पैकोलिया।** अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ अभियान में पुलिस ने हलुआ चेतरा मार्ग पर पुलिया के पास एक युवक को कट्टा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक जितेन्द्र द्विवेदी हेड कांस्टेबल राजीव गौड़ , कांस्टेबल जीवन सिंह राजपूत, नवनीत यादव के साथ बृहस्पतिवार सुबह क्षेत्र भ्रमण पर थे। मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति हलुआ-चेतरा मार्ग पर पुलिया के पास बैठा है। वहां पहुंचकर उक्त युवक को पकड़कर तलाशी ली गई।

इस दौरान उसके पास 12 बोर कट्टा तथा एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रविकुमार उर्फ दीनानाथ निवासी वार्ड नंबर एक मरवटिया बाजार बभनान थाना पैकोलिया बताया। पकड़े गए युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया। संवाद

# नगर थाने में शांति सुरक्षा पर चर्चा

**नगर बाजार(बस्ती)।** नगर पुलिस ने उदयपुर की घटना के मद्देनजर नगर थाना के प्रांगण मे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया।

बैठक में थाना प्रभारी नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने शांति समिति के सदस्यों, समाज के प्रबुद्धजनों व धर्म गुरुओं से आह्वान किया कि वे शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्दपूर्ण व भाईचारे का माहौल बनाने में सहयोग करें। कहा कि जिला पुलिस व प्रशासन हर तरह से मुस्तैद है और जिले में धारा 144 भी लागू की गई है। लोगों से आह्वान किया कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। साथ ही इस घटना के विडियो या सूचनाएं सोशल मीडिया पर वायरल नहीं करें।

यदि किसी भी जगह साम्प्रदायिक माहौल को खराब करने के लिए कोई व्यक्ति घटना करता है या इसकी सूचना मिलती है तो वे तत्काल ही जिला व पुलिस प्रशासन को सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। संवाद

# 16 हजार लेकर चंपत हुए टप्पेबाज पर एफआईआर

**बस्ती।** बैंक से रुपये निकालकर लौटते समय नगर थाना क्षेत्र के तिलकपुर के पास हुई 16 हजार रुपये की टप्पेबाजी की घटना में पुलिस ने अज्ञात टप्पेबाज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। नगर थाना क्षेत्र के बढ़नी ब्रह्मचारी पुरवा निवासी गिरधारी सोमवार को मरहा गोटवा स्थित बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा से रुपये निकालने आए थे। 16 हजार रुपये निकालकर वह साइकिल से घर के लिए निकले। दोपहर करीब एक बजे फोरलेन पर तिलकपुर के पास बाइक से पहुंचे एक युवक ने गिरधारी को रोक लिया। बोला कि बैंक से आपको ज्यादा पैसा मिल गया है। बैंक मैनेजर आपको बुला रहे हैं। उसने मोबाइल पर बात करते हुए कहा कि साहब ये मिल गया है। इसके बाद गिरधारी से पैसा ले लिया और बैंक आने की बात कहकर चला गया। गिरधारी बैंक में पहुंचे और मैनेजर से मिले तो पता चला कि ऐसी कोई बात है ही नहीं।

काफी देर तक युवक को ढूंढते रहे लेकिन वह नहीं मिला। तब अहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हो गई। संवाद

# चोरी की दो घटनाओं का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**विक्रमजोत।** 27 अप्रैल की रात छावनी थाना क्षेत्र के पूरे बदली गांव में हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। चोरी के सामान के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के विक्रमजोत बाजार स्थित अंडरपास के करीब पटखापुर की तरफ से आने वाली सर्विस रोड पर मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग पुलिस बल को देखकर पीछे की तरफ भागने लगे। संदिग्ध व्यक्तियों को देख पुलिस बल नें दौड़ा कर दोनों लोगों को पकड़ लिया गया। मोटरसाइकिल सवारों की पहचान परशुरामपुर थाना क्षेत्र के तल्हवापुर गांव निवासी हरिश्चंद्र व इसी थाने के अरजानीपुर निवासी सूरज के

### परशुरामपुर के भीटी चौराहे व छावनी के पूरे बदली में हुई थीं चोरी

रूप में हुई। तलाशी के दौरान पकड़े गए व्यक्ति हरिश्चंद्र के पास से बारह सौ रूपये नगद व सूरज की जेब से एक जोड़ी सफेद धातु की पायल व सोलह सौ रूपये नगद बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ के दौरान लोगों ने बताया कि वह तीन साथी हैं और चोरी करने का काम करते हैं ।

तीसरे साथी का नाम साहब अली बताया। पूछताछ में पकड़े गए दोनों आरोपियों ने 27 अप्रैल को थाना क्षेत्र के गांव पूरे बदली में मकान के छत के रास्ते से अंदर जाकर पैंतीस हजार नगद , एक करधन , पाजेब ,एक जोड़ी पायल चांदी , एक माथबेंदी , नथुनी सोने की चोरी करने की बात कबूल की। बताया कि 16 मई को परशुरामपुर थाना क्षेत्र के बेलारी भीटी चौराहा से एक मोबाइल की गुमटी का ताला तोड़कर बीस हजार नगदी व पुरानी कीपैड मोबाइल भी चोरी किए थे।

दोनों ने बताया कि वह कुछ दिन बाद नेपाल जाकर दोनों जगह की चोरी का माल व मोबाइल बेच कर पैसा आपस में बराबर बांट लिए । जिसमें चोरी की पायल बची थी। पैसे की जरूरत पड़ने पर बस्ती किसी दुकान पर बेचने जा रहे थे। एसओ ने बताया कि संबंधित मुकदमें में दोनों को न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी के अलावा चौकी प्रभारी विक्रमजोत योगेंद्र कुमार , उप निरीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह , कांस्टेबल अरविंद यादव , राहुल सिंह , सूरज यादव , संदीप यादव शामिल रहे।

# डीएम ने बीएड परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया

## छह जुलाई को आयोजित होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले में छह जुलाई को आयोजित होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों का डीएम प्रियंका निरंजन ने जायजा लिया।

बृहस्पतिवार को डीएम ने एसपी आशीष श्रीवास्तव के साथ बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज, शिवहर्ष स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा इंटर कॉलेज का दौरा

### बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में रंगाई-पुताई का कार्य चलने के कारण सीसी टीवी कैमरा बंद मिला

किया जहां कमरों में परीक्षार्थियों के बैठने, रोशनी, पंखे, फर्नीचर आदि की जानकारी हासिल की।

पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था को भी देखा। परीक्षा के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं को केंद्र परिसर में प्रवेश करते ही उनका मोबाइल, बैंग, किताब-कापी आदि जमा करने की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य चलने के कारण सीसी टीबी कैमरा बंद पाया गया। प्रधानाचार्य मुस्लिमा खातून ने बताया कि दो दिन में कार्य पूर्ण करके सीसी टीबी कैमरा चालू कर दिया जाएगा।



बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर डीएम और एसपी ने बेगम खैर इंटर कॉलेज का किया निरीक्षण। संवाद

# उदयपुर की घटना को देखते हुए पुलिस सतर्क

## पुलिस के सोशल मीडिया सेल ने जारी की एडवाइजरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कानपुर, प्रयागराज आदि शहरों में पिछले दिनों हुई पत्थरबाजी के बाद राजस्थान के उदयपुर में सिलाई करने वाले की निर्मम हत्या को देखते हुए पुलिस हाई अलर्ट पर है। सभी छोटी-बड़ी राजनीतिक, धार्मिक व अन्य सामूहिक गतिविधियों पर कड़ी नजर है। खासकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ व आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। पुलिस के सोशल मीडिया सेल की तरफ से बृहस्पतिवार को एडवाइजरी जारी की गई है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि समाज में कटुता पैदा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर भी खास एहतियात बरती जा रही है। इससे पहले शासन स्तर से इस घटना की आड़ में किसी भी तरह का जुलूस निकालना प्रतिबंधित किया गया है।

संवेदनशील स्थानों पर पुलिस गश्त कर रही है। इसके साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल से कोई छेड़छाड़ न हो इसको सुनिश्चित कराया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर पुलिस का साइबर सेल नजर बनाकर रखे हुए है। कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की पूरी तैयारी है। एसपी ने कहा कि अगर किसी को कोई समस्या है तो वो वह सक्षम स्तर से अनुमति लेकर ज्ञापन दे सकते हैं। वहीं, राजनीतिक संगठनों से पुलिस ने अपील की है कि वह ऐसा कुछ न करे जिससे आपसी कटुता बढ़े।

एसपी ने बताया कि सभी थानाक्षेत्रों में पैदल गस्त और पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। सीओ और थानाध्यक्षों को ज्यादा से ज्यादा फील्ड में मौजूद रहने को कहा गया है। छोटी-छोटी सूचनाओं को बिना नजरअंदाज किए एक्शन लेने को कहा गया है।

### सोशल मीडिया पर भी पुलिस की निगरानी

- किसी भी धर्म, मजहब के प्रति गलत, अमर्यादित,आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। ऐसा करना कानूनी अपराध है। ऐसा करने वालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।
- सोशल मीडिया पर कोई भी मैसेज बिना जांचे फॉरवर्ड न करें, वह मैसेज एक अफवाह और गलत खबर हो सकती है। जिसके लिए ऐसा करने वाले के ऊपर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।
- कोई भी ऐसा वीडियो या फोटो फॉरवर्ड न करें, जिससे कि दो वर्गों या धर्म मजहब के बीच आपसी वैमनस्यता/ कटुता बढ़े।
- सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुए है। ऐसे लोगों पर नजर रखी जा रही है जो गलत टिप्पणी कर रहे हैं। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### जुमे पर एहतियात बरतने के निर्देश

### सोशल मीडिया पर साइबर सेल की पैनी नजर

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-07-2022

# व्हाटसएप पर भड़काऊ स्टेटस लगाने पर केस, आरोपी गिरफ्तार

**बांसी (एसएनबी)**। अपने व्हाट्सएप पेज पर भड़काऊ स्टेटस लगाने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार कर उसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। गत दिवस सायं 4 बजे एक युवक पर नगर के ही व्यक्ति ने आरोपी द्वारा लगाये गये स्टेटस की सूचना पुलिस को दिया, जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर न्यायालय भेज दिया। प्रतापनगर निवासी विजय दूबे ने पुलिस को उक्त आशय की सूचना देते हुए विधिक कार्रवाई की मांग किया। उन्होंने उक्त आशय की तहरीर में समाज में नफरत फैलाने का आरोप लगाते हुए बांसी कोतवाली व नगर क्षेत्र के अकबर नगर निवासी सलमान उर्फ परवेज खान के विरूद्ध विधिक कार्रवाई किये जाने की मांग की है। जिसके क्रम में पुलिस ने आईपीसी की धारा 505 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी उक्त सलमान को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।


# डीएम ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** जिला स्तरीय उद्योग बन्धुध्व्यापार मण्डल की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा पिछ्ले बैठक के कार्यवृत्ति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यापारियों के जो भी लोन के प्रकरण है, उन्हें निस्तारित कराया जाये तथा व्यापारियों को परेशान न करें। टोल प्लाजा शोहरतगढ़ पर क्रेन व एम्बुलेंस उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि कालानमक चावल के प्रोसेसिंग हेतु सीएफसी तैयार हो गया है। उपायुक्त उद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार सृजन योजना हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यापारियों को निर्देश दिया कि ऋण से संबधित आवेदन कर बैंको को उपलब्ध करा दे, जिससे बैंको द्वारा स्वीत कराया जा सके। व्यापारियों द्वारा बताया गया कि नौगढ़ में पार्किग की व्यवस्था न होने से समस्या हो रही है पार्किंग स्थल बनाने की मांग की गयी। जिलाधिकारी व्यापारियो को निर्देश देते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित कर दिया गया है। किसी के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोगधविक्री न किया जाये, पकड़े जाने पर जुर्माना वसूला जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, अधिशासी अभियन्ता विद्युत आदि उपस्थित रहे।

# हर व्यक्ति अब होगा पुलिस के तीसरी आंख की जद में

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** जिले में चिन्हित किये गए 5 और हाटस्पाट पर आधुनिक सुविधाओं से लैस नाईट विजन 20 सीसीटीवी लगा दिया गया है, जिससे जिले व शहर में आने जाने वाले हर व्यक्ति पर अब पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि जिले भर में कुल 106 हाट स्पाट चिन्हित किए गए थे, जिनमें से 52 लोकेशन पर 208 सीसी कैमरा लगाया जा चुका है। 5 और लोकेशन जिसमें शहर के भीमापार में, ऐसी स्थित पुराना रेलवे क्रासिंग, हुसैन गंज, तेतरी बुजुर्ग, मदनपुर तिराहा तथा उसका में डाकघर के पास प्रत्येक लोकेशन पर 4-4 आधुनिक सुविधाओं से लैस हाइटिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है, शेष 49 लोकेशन पर भी जल्द ही कैमरे लगाए जाएँगे। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद व शहर में प्रवेश करने वाले हर मार्ग पर पुलिस ने आधुनिक सुविधाओं से लैस सीसीटीवी लगा दिया गया है, इस सीसीटीवी के माध्यम से पुलिस के 10 अधिकारी अपने मोबाइल से भी कनेक्ट कर शहर के हर गतिविधियों को कही से भी बैठकर देख सकते है। सीसीटीवी के माध्यम से आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने व घटनाओं का त्वरित खुलासा करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सार्वजिनक स्थलों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसी टीवी लगवाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है।

**चिह्नित किये गए 106 हाट स्पाट में से 57 लोकेशन पर अब तक लगाया जा चुका है, आधुनिक सुविधा से लैस 228 सीसीटीवी कैमरे**



इसके अलावा जनपद के सभी ग्राम पंचायतों के गांव में प्रवेश करने वाले रास्ते पर भी सीसीटीवी लगवाने का पहल किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्रों में सभी पेट्रोल पंपो, सभी शराब की दुकानो, कोटेदारों के यहाँ, सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों, शापिंग माल व स्वर्ण व्यवसायी, सभ्रांत नागरिको सहित शहर में आने जाने वाले हर इंट्रेस व सार्वजिनक स्थानों पर सीसीटीवी लगाया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेरा यह प्रयास है कि जनपद का हर गांव, शहर कस्बा पूरी तरह से तीसरी आँख की जद में हो, इन सभी स्थानों पर सीसीटीवी के लग जाने से लोगों के आपराधिक घटनाओं व आये दिन हो रहे विवादों को रोकने में काफी मदद मिलेगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह अभिनव प्रयोग उन्होंने यूपी की राजधानी लखनऊ में किया था, सभी इंट्रेस, सार्वजिनक पैलेस व अत्यधिक आवागमन वाले स्थानों पर सीसीटीवी लगवाया था, जिसकी मदद से कई सनसनीखेज घटनाओ का खुलासा हुआ था।

# जुमे की नमाज पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा 1 जुलाई को जुमे की नमाज के दिन नव संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए है।

उक्त जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के 139 धर्मगुरु/ प्रभावशाली व्यक्तियों से समन्वय स्थापित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से संपूर्ण जनपद को तहसीलवार 5 जोनों में बांटा गया है, प्रत्येक जोन में एक उप-जिलाधिकारी तथा एक पुलिस उपाधीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त संपूर्ण जनपद को 21 सेक्टर में बांटा गया है, जिसमें प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी, मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी रहेंगे, जनपद में कुल 5 कि रिएक्शन टीमें बनाई गई हैं और प्रत्येक थानों पर 11-11 पुलिसकर्मियों की 1-1 इमरजेंसी स्ट्राइक टीम बनाई गई है, जिसमें एक फोटोग्राफर, एक सादा वस्त्रधारी पुलिसकर्मी, एक आंसू टियर गैस गन के साथ, एक रबर बुलेट के साथ एवं अन्य पांच पुलिसकर्मी लाठी पार्टी में रहेंगे तथा एक कमांडर एवं एक सब कमांडर उप-निरीक्षक पद के बनाए गए हैं। बताया कि जनपद में कुल 42 हाटस्पाट चिन्हित करके पुलिस पिकेट लगाई गई है और अतिसंवेदनशील पकेट को चिन्हित कर 7 कलस्टर पार्टियां बनाई गई हैं। क्लस्टर पार्टियों में वाहन के साथ-साथ चार-चार सशस्त्र पुलिस बल लगाई गई है, तहसील मुख्यालयों पर अगिशमन दस्ता को लगाया गया है। यूपी-112 की सिद्धार्थनगर टीम के 47 वाहनों को 24 घंटे सतत, सतर्क एवं भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया है, इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया के समस्त प्लेटफार्म्स पर एक विशेष टीम गठित कर 24 घण्टे निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त कस्बा लोटन में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के अवसर पर एक क्षेत्राधिकारी तीन थाना प्रभारी 15 उपनिरीक्षक व 60 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी सुरक्षा व्यवस्था में लगाई गई है।

**एसपी ने 139 धर्मगुरुओं/प्रभावशाली व्यक्तियों से समन्वय स्थापित किया**

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

चिल्हिया। गुरुवार को चिल्हिया पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित का थाना क्षेत्र का निवासी साबिर अली है। एसओ ने बताया कि 29 जून को पीड़िता की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही थी।

# सीसीटीवी कैमरा लगवाने को एमएलसी ने दिया धन

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने अपनी निधि से पुलिस विभाग को पांच स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए दो लाख रुपये दिया है। कैमरा उच्चकोटि का लगाया जाएगा।

एएसपी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से जिले में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग की मांग की गई है। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने अपनी निधि से दो लाख रुपये दिए हैं। इससे हुसैनगंज, भीमापार रेलवे क्रासिंग के पास, व उस्का के तेतरी बुजुर्ग चौराहा, मदनपुर तिराहा व डाक भवन के पास सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे।

# जुमे की नमाज को लेकर पांच जोन में बांटा गया जिला

- चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा, मस्जिदों के बाहर रहेगी फोर्स
- जिले में 42 हॉटस्पॉट चिह्नित कर लगाई गई पुलिस पिकेट

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जुमा की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने चाकचौबंद व्यवस्था की है जिससे किसी प्रकार की अशांति न होने पाए। पूरे जिले को पांच जोन में बांट कर सभी जोन में एसडीएम को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि जिले के 139 धर्मगुरु/प्रभावशाली व्यक्तियों से समन्वय स्थापित किया गया है। संपूर्ण जनपद को तहसीलवार पांच जोनों में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में एक उप-जिलाधिकारी व एक पुलिस उपाधीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त संपूर्ण जनपद को 21 सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी, मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी रहेंगे। पूरे जिले में पांच क्विक रिएक्शन टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक थानों पर 11-11 पुलिसकर्मियों की 1-1 इमरजेंसी स्ट्राइक टीम बनाई गई है जिसमें एक फोटोग्राफर, एक सादा वस्त्रधारी पुलिसकर्मी, एक आंसू टियर गैस गन के साथ, एक रबर बुलेट के साथ व अन्य पांच पुलिसकर्मी लाठी पार्टी में रहेंगे।

एक कमांडर व एक सबकमांडर उप-निरीक्षक को बनाया गया है। बताया कि जिले में 42 हॉटस्पॉट चिह्नित करके पुलिस पिकेट लगाई गई है। अतिसंवेदनशील पिकेट को चिन्हित कर सात कलस्टर पार्टियां बनाई गई हैं। क्लस्टर पार्टियों में वाहन के साथ-साथ चार-चार सशस्त्र पुलिस बल लगाई गई है।

तहसील मुख्यालयों पर अग्निशमन दस्ता को लगाया गया है। यूपी-112 की सिद्धार्थनगर टीम के 47 वाहनों को 24 घंटे सतत, सतर्क एवं भ्रमणशील रहने को निर्देशित किया गया है। सोशल मीडिया के समस्त प्लेटफार्म्स पर एक विशेष टीम गठित कर 24 घंटे निगरानी कराई जा रही है।

# आरोपित पर एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज

औराताल। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के एक गांव में चार दिन पहले शौच को जा रही एक विवाहिता के साथ एक व्यक्ति ने छेड़खानी की थी। विरोध पर महिला व उसके ससुर के साथ मारपीट भी किया था। पीड़िता के ससुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले की तफ्तीश सीओ डुमरियागंज कर रहे हैं।

# एसपी ने अलीगढ़वा का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। एसपी अमित कुमार आनन्द ने फोर्स के साथ गुरुवार को भारत-नेपाल सीमा के अलीगढ़वा बार्डर पर भ्रमण करके आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। एसएसबी जवानों से सर्तक व मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने को कहा।

बार्डर पर गश्त करने के बाद थाना कपिलवस्तु का निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने संतरी ड्यूटी, प्रशासनिक भवन, विवेचना कक्ष एवं सोलर पैनल उपकरणों का निरीक्षण किया।

थाना परिसर में घूमकर परिसर की समुचित साफ-सफाई के लिए थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह को निर्देश दिया। उन्होंने थाना पर विभिन्न अभिलेखों को देखा। अपूर्ण अभिलेखों को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने को भी कहा।

# अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो

## निर्देश

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार देर शाम ढेबरुआ थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों की जांच की। अपराध पर अंकुश व अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।

एसपी ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान संतरी ड्यूटी, मालखाना, सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण किया गया। थाना परिसर की साफ-सफाई के लिए थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा को दिशा-निर्देश दिया। थाने के विभिन्न अभिलेखों का भी निरीक्षण गहनता से किया। वाहन चोरी, लूट, नकबजनी, चोरी, महिलाओं से होने वाली छेड़छाड़/अपराध की घटनाओं पर रोकथाम एवं सघन चेकिंग के लिए सायंकाल नियमित एवं रूटीन फूट पेट्रोलिंग, रात में पैदल गश्त व पिकेट



ढेबरुआ थाना पर अभिलेखों का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनंद।

## एएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल मार्च

सिद्धार्थनगर। एएसपी सुरेश चंद्र रावत के नेतृत्व में सिद्धार्थनगर थाने की पुलिस ने शहर में पैदल मार्च किया। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने व शांति के साथ रहने की अपील की गई। गश्त के दौरान जनसामान्य से अपील की गई कि अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट को स्वयं सोशल मीडिया पर पोस्ट करने व लाइक, कमेंट, शेयर व फारवर्ड करने से बचें। किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई। इस अवसर पर सीओ सदर प्रदीप यादव, थाना प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह आदि मौजूद रहे।



डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक हुई।

# डीएम ने सुनीं व्यापारियों की समस्याएं

सिद्धार्थनगर। डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु/व्यापार मंडल की बैठक हुई। डीएम ने व्यापारियों की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया। डीएम ने अफसरों को निर्देशित किया कि व्यापारियों के जो भी लोन के मामले हैं उन्हें निस्तारित कराएं। व्यापारियों को परेशान न करें।



गुरुवार को पुलिस लाइंस सभागार में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को विदाई दी गई

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई

सिद्धार्थनगर। पुलिस लाइंस सभागार में गुरुवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने सेवानिवृत हुए सात पुलिस कर्मियों को विदाई दी। एसआई प्रेम कुमार सिंह, सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, सुरेन्द्र नाथ ओझा, कलामुल्लाह, दिनेश द्विवेदी, शिव कुमार प्रसाद व मुख्य आरक्षी चालक रमेश कुमार शुक्ल को विदाई देते हुए उनके कार्यकाल को याद किया गया।

---

### घटनाओं की सच्चाई पता करने में पुलिस के लिए काफी मददगार साबित हो रहा एप

# पुलिस का सी–प्लान निर्दोषों के लिए बना वरदान

**केस-एक :** लोटन थाना क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला एएसपी से मिलने पहुंची। उसने बताया कि उसके गांव का एक व्यक्ति उसकी बहू को लेकर फरार हो गया। साथ ही घर में रखे जेवर को साथ लेती गई। एएसपी ने सी प्लान की मदद से गांव के तीन लोगों से वार्ता की, सभी ने बताया कि महिला की बहू का उसी गांव के एक व्यक्ति के साथ उसके घर रह रही है। थाना प्रभारी ने भी इस बात की पुष्टि की। एएसपी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर बुजुर्ग महिला को घर भेज दिया।

**केस- दो :** खेसरहा थाना क्षेत्र की एक महिला ने एएसपी से शिकायत किया कि उसका पति शराब पीकर उसे मारता है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। एएसपी ने सी- प्लान की मदद से सत्यता का पता लगाया। जानकारी मिली की वह दूसरे व्यक्ति के साथ रहना चाहती है और पति को झूठे आरोप में फंसाना चाहती है। उन्होंने थानेदार से वार्ता कर दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराकर समस्या का हल कराने का निर्देश दिए।

सी-प्लान एक पुलिस के लिए काफी मददगार साबित हो रहा है। इसकी मदद से न सिर्फ निर्दोष बच जा रहे हैं, बल्कि पुलिस की कार्रवाई का भी पता चल जा रहा है।



**सुरेश चंद्र रावत**, एएसपी




तेज प्रकाश त्रिपाठी सिद्धार्थनगर

अपराधों को रोकने के लिए पुलिस का सी-प्लान काफी मददगार साबित हो रहा है। विभाग की इस एप से प्रत्येक ग्राम पंचायत से 13-13 लोगों को जोड़ा गया है। इसमें वर्तमान व पूर्व प्रधान के साथ गांव के संभ्रांत शामिल है। इसकी उपयोगिता को देखते हुए एएसपी ने अब जुड़े लोगों की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह निर्दोषों के लिए वरदान बन चुकी है। इसे विस्तार देते हुए गांव से जुड़े लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि लोगों को जोड़ा जाएगा। जिससे घटना- दुर्घटना होने पर सत्यता का पता चल सके।

अपराधों को रोकने के लिए पुलिस ने एक वर्ष पूर्व प्लान सी तैयार किया था। 2603 गावों के लोगों को जोड़ा गया था। इनकी मदद से तमाम मामलों को रोकने में सफलता मिली है। जनपद के 1136 ग्राम पंचायतों के 2603 गांवों के लोगों की प्लान सी एप पर डाटा पहले से तैयार किया जा चुका है।

**पहले प्लान में यह थे शामिल:** पहले सी प्लान में ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान, रनर अप प्रधान प्रत्याशी, ग्राम प्रहरी,बीट सिपाही तथा सात नागरिकों को जोड़ा गया था। अब प्लान में गांव की आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,एनजीओ, स्वयं सहायता समूह, लेखपाल, पंचायत सहायक, बीसी सखी को जोड़ा जाएगा। सभी का नाम- पता व मोबाइल नंबर एप पर अपलोड होगा।

# शांति सुरक्षा के लिए पांच जोन में बाटा गया जनपद

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: शुक्रवार को जुमे की नमाज तथा नव संवेदनशीलता को लेकर जिले में शांति व सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किया गया है। इसके लिए जिले का पांच जोन व 21 सेक्टर में बांटा गया है। नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जिले में शांति व सुरक्षा के लिए नया रोडमैप तैयार किया है। जिसके तहत एक जुलाई को होने वाली जुमे की नमाज व नव संवेदनशीलता को लेकर विशेष तैयारी की गई है। इसके लिए पुलिस प्रबंधन के साथ ही धर्मगुरूओं से भी वार्ता की गई है। जिले के 139 धर्म गुरूओं से वार्ता कर शांति व सुरक्षा के लिए तैयारी में सहयोग लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूरे जनपद को तहसीलवार पांच जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में एक उप-जिलाधिकारी तथा एक पुलिस उपाधीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है, इसके अतिरिक्त जिले को 21 सेक्टर में बांटा गया है, जिसमें प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी, मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी रहेंगे। इसके अलावा पांच क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) बनाई गई है। प्रत्येक थानों पर 11-11 पुलिसकर्मियों की एक-एक इमरजेंसी स्ट्राइक टीम बनाई गई है। जिसमें एक फोटोग्राफर, एक सादी वर्दी में पुलिसकर्मी, एक आंसू टियर गैस गन के साथ, एक रबर बुलेट के साथ, एवं अन्य पांच पुलिसकर्मी लाठी पार्टी का हिस्सा होंगे।

# संवेदनशील जगहों पर तैनात रहेगी पुलिस

## जुमे की नमाज के दौरान माहौल पर रखी जाएगी नजर, पुलिस ने धर्म गुरुओं से बनाया समन्वय

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** उदयपुर की घटना के बाद शुक्रवार को होने वाली नमाज के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। पुलिस ने जिले के 139 धर्मगुरुओं से संपर्क करके शांति व्यवस्था में सहयोग देने की अपील की है। जुमा की नमाज के दौरान संवेदनशील जगहों पर पुलिस तैनात रहेगी।

सुरक्षा के लिहाज से जिले को तहसीलवार पांच जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में एक उपजिलाधिकारी तथा एक पुलिस उपाधीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त संपूर्ण जनपद को 21 सेक्टर में बांटा गया है, जिसमें प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी, मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी रहेंगे। जनपद में कुल पांच क्विक रिएक्शन टीम बनाई गई हैं।

प्रत्येक थाने पर 11-11 पुलिसकर्मियों की एक-एक इमरजेंसी स्ट्राइक टीम बनाई गई है, जिसमें एक फोटोग्राफर, एक सादा कपड़े में पुलिसकर्मी, एक आंसू टियर गैस गन के साथ, एक रबर बुलेट के साथ तैनात रहेंगे।

जनपद में कुल 42 हॉट स्पाट चिह्नित करके पुलिस पिकेट लगाई गई है और अतिसंवेदनशील स्थल को चिह्नित कर सात कलस्टर पार्टियां बनाई गई हैं। क्लस्टर पार्टियों में वाहन के साथ-साथ चार-चार सशस्त्र पुलिस बल को लगाया गया है। तहसील मुख्यालयों पर अग्निशमन दस्ता को लगाया गया है। यूपी-112 की सिद्धार्थनगर टीम के 47 वाहनों को 24 घंटे सतत, सतर्क एवं भ्रमणशील रहने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया के समस्त प्लेटफार्म पर एक विशेष टीम गठित कर सतत निगरानी की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि जुमा की नमाज एवं भगवान जगन्नाथ यात्रा के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी।



शहर में शाम को गश्त करते एएसपी सुरेश चंद, सीओ प्रदीप यादव। विज्ञप्ति

### भगवान जगन्नाथ यात्रा आज

लोटन कस्बा में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा के दौरान एक क्षेत्राधिकारी, तीन थाना प्रभारी 15 उपनिरीक्षक व 60 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शोहरतगढ़।** चिल्हिया पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी साबिर अली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसको जेल भेज दिया गया। एसओ राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि 29 जून को पीड़ित की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। चिल्हिया-गौरा मोड़ के पास आरोपी खड़ा था। वह कहीं भागने के प्रयास में था। मौके पर पुलिस पहुंची और उसको पकड़ ली। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, शोहरतगढ़ : गुरुवार को चिल्हिया थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित का नाम थाना क्षेत्र के गोसाईंपुर निवासी साबिर अली है। एसओ राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि 29 जून को पीड़ित के तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी टीम में आरक्षी सच्चिदानंद व सुदामा यादव शामिल रहे।

# विद्यालय नौगढ़ में चोरी

जासं, बड़ीपुरः कम्पोजिट विद्यालय नौगढ़ व प्रावि सनई खुर्द में अज्ञात चोरों ने बुधवार रात ताला तोड़कर बर्तन राशन व गैस सिलेंडर चुरा लिया। घटना की जानकारी प्रधानाध्यापक को सुबह विद्यालय पर आने पर हुई। प्रधानाध्यापक जगदीश प्रसाद ने दिये तहरीर में बताया है कि किचन में लगे दो ताले को तोड़कर घटना को अंजाम दिया गया है। ढाई कुंतल राशन, बर्तन, गैस चूल्हा व सिलेंडर गायब है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि चोर 90 थालियां चोर उठा ले गए है।

# थाने के निरीक्षण के साथ एसपी ने लिया सीमा का जायजा

सिद्धार्थनगर : नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने गुरूवार को सीमाई क्षेत्र के थानों का औचक निरीक्षण किया। सीमा क्षेत्र का भी जायजा लिया। अभिलेखों का रख-रखाव ठीक नहीं मिलने पर संबंधित को फटकार लगाते हुए इसके रख-रखाव को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये।

एसपी ने सबसे पहले कोतवाली कपिलवस्तु पहुंचे। उन्होंने संतरी ड्यूटी, प्रशासनिक भवन, थाना कार्यालय का निरीक्षण किया। एसपी ने थाने से सटे भारत नेपाल सीमा पर भ्रमण करते हुए यहां पर किए गए सुरक्षा उपायों के बारे में भी जानकारी ली। नेपाल से लगी जिले की सीमा क्षेत्र में तस्करी रोकने के लिए कठोर कदम उठाने को कहा। मोहाना थाने के निरीक्षण के दौरान एसपी ने विभिन्न अभिलेखों को अद्यतन नहीं पाए जाने पर फटकार लगाई। फरियादियों की सुनवाई त्वरित एवं न्यायसंगत होने के सबंध में निर्देश देते हुए कहा कि थाने पर आने वाला कोई भी फरियादी निराश होकर वापस नहीं जाना चाहिए। उन्होंने भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस बल के साथ गश्त किया। सशस्त्र सीमा बल के जवानों को सदैव मुश्तैदी के साथ सतर्क ड्यूटी करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-07-2022

# हत्योपियों को 10 वर्ष का कारावास

संतकबीरनगर (एसएनबी)। न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम द्वारा थाना मेंहदावल पर पंजीकृत मु.अ.सं. 712/2007 धारा 307/34 भादवि में दोषसिद्ध अभियुक्त भीम सिंह पुत्र बलराम सिंह, राजू उर्फ रियाज पुत्र मो. अकरम हुसैन निवासी सगरा थाना सोनहा जनपद बस्ती को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास व 30- 30 हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश पारित किया है। अर्थदण्ड न अदा कर पाने पर प्रत्येक को 03 - 03 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनायी है। दिनांक 23.09.2007 को वादी तराबी की नमाज पढ़कर अपन घर लौट रहा था कि उक्त अभियुक्तगण द्वारा मोटर साइकिल से पहुंचकर उसे जान से मारने की नीयत से सीने पर लक्ष्य करके फायर कर दिया गया था, परन्तु गोली वादी के दाहिने हाथ के बाजू में लगने के कारण वह घायल हो गया था। जिस पर वादी द्वारा थाना मेंहदावल पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना तत्कालीन उ.नि. जगन्नाथ मौर्य थाना मेंहदावल द्वारा संपादित की गयी थी।

# पीस कमेटी की बैठक

**शनिचरा (एसएनबी)।** बीते दिनों राजस्थान के उदयपुर में घटी हृदयविदारक घटना एवं जुमे की नमाज को लेकर गुरूवार को धनघटा थाने पर पीस कमेटी की बैठक तहसीलदार धनघटा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी ने कहा कि कुछ अराजकतत्व क्षेत्र का अमन-चैन बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में इनकी जानकारी प्रशासन तक पहुंचाने तक पहुंचाने में आप का सहयोग अपेक्षित है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि क्षेत्रका माहौल शान्तिपूर्ण बनाए रखने के लिए पुसिल प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संभ्रान्त लोगों ने भी अपना विचार रखा।



बैठक को संबोधित करते तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी।

उपस्थित लोगों से क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों की गतिविधियों की जानकारी लिया और शान्ति बनाए रखने के लिए लोगों से सुझाव भी मांगा। इस अवसर पर राजेन्द्र राय, रामअशीष मौर्य, अमरनाथ यादव, हीरालाल यादव, ओम राय, जयराम, अवधेश सिंह, तुफैल अहमद, गुलाम हैदर, गुलामनबी, शिवम विश्वकर्मा, रामनेवास, राधेश्याम, पीर अली, वेद प्रकाश, नागेन्द्र दूबे,आशा, देवेन्द्र प्रभारी निरीक्षक अपराध चन्दन कुमार, बीरबहादुर यादव, उ.नि. शैलेन्द्र, विजय प्रताप सिंह, दीवान गिरीशलाल, मुकेश, पवन, रामरतन, उमेश,प्रवीण तिवारी,फखरूद्दीन आदि सहित थाने पर तैनात तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# एसपी ने भ्रमण कर दुकानदारों से की बातचीत

**मेंहदावल (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने गुरुवार को मेंहदावल कस्बें में पैदल मार्च कर जहां लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया वहीं कस्बे के दुकानों पर पहुंचकर दुकानदारों से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। दुकानदारों से दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगाने व साफ-सफाई रखने का सख्त लहजे में निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक इस अभियान से हड़कंप मचा रहा। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु व आम जन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील किया।

पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने कहा कि वर्तमान परिश्य व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था तथा सौहार्द पूर्ण माहौल बनाये रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गुरुवार को कस्बा मेंहदावल में गश्त/भ्रमण किया गया। पैदल गश्त के दौरान दुकानदारों, व्यापारी बन्धुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों से मुला...त कर वार्ता की गयी व लोगों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। आमजन को आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने तथा जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी अपील की गयी। एसपी सोनम कुमार द्वारा बताया गया कि जनपद पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, अफवाह एवं भ्रामक व झूठे संदेश फैलाने सहित शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों तथा अराजक तत्वों/उपद्रवियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। अवैध स्टैण्ड व अवैध अतिक्रमण हटवाने हेतु प्रभारी निरीक्षक, मेंहदावल को निर्देशित किया गया। इस दौरान एसडीएम योगेश्वर सिंह, सीओ अंवरीश भदौरिया, संजीव यादव, रत्नेश सिंह, अमित सिंह, नवतेश सिंह, अभिनाश यादव, आलोक मणि, नूरुद्दीन, रमेश , गामा यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।



दुकानदारों से बातचीत व पैदल मार्च करते पुलिस अधीक्षक। फोटो : एसएनबी

# युवती की पिटाई के आरोप में मां-बेटा नामजद

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के बकौली कला गांव में मोबाइल चोरी को लेकर की गई युवती की पिटाई के आरोप में गुरूवार को धनघटा पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ नामजद मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बकौली कला गांव निवासी झिनकान पुत्र हीरालाल की बेटी खुशबू का मोबाइल बीते दिनों गायब हो गया था जिसे वह बीते मंगलवार की देर शाम अपनी चाची शान्ति देवी पत्नी राधेश्याम के हाथ में देख लिया तो मोबाइल मांगा जिसपर नाराज होकर उक्त शान्ति देवी अपने बेटे के साथ मिलकर खुशबू को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर जब तक पहुंचे ग्रामीण बीचबचाव कराते तब तक मां-बेटा खुशबू को जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना को लेकर खुशबू के पिता झिनकान की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर शान्ति देवी समेत उसके बेटे के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504,506,336 के तहत मुकदमा दर्ज कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा ने बताया कि जल्द ही हमलावर मां-बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

**धनघटा थाना क्षेत्र के बकौली कला गांव की है घटना**

# युवती के अपहरण के आरोप में दो नामजद

**धनघटा (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में अपहृता की मां की तहरीर पर गुरूवार को महुली पुलिस ने दो लोगों के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर अपहृता समेत नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर पुरानी बाजार निवासी सरवरी खातून पत्नी सदरूल ने बताया कि गांव निवासी दो युवक पंकज पुत्र सत्यप्रकाश तथा अमन पुत्र चन्द्र प्रकाश बीते दिनों उसकी 19 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर घर से बाहर बुला लिए और बेटी का अपहरण कर उसे कहीं गुप्त स्थान पर बंधक बनाकर रखे हुए हैं। प्रार्थना पत्र में बताया कि सभी संबंधित ठिकानों, नात-रिस्तेदारों के घर बेटी की तलाश में उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन बेटी का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 363 व 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर अपहृता की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जल्द ही अपहृता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्त में लेते हुए कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

**महुली थाना क्षेत्र का है मामला**

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

संतकबीरनगर (एसएनबी)। युवती का अपहरण करके लात-मुक्का व बेल्ट से मार पीटकर दुष्कर्म करने के मामले में मॉनीटरिंग सेल की प्रभावी कार्रवाई एवं सम्यक पैरवी से न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) ने आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 51 हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश दिया है। साथ ही अर्थदण्ड न अदा कर पाने पर 1 वर्ष के अतिरिक्त कठोर कारावास से दण्डित करनें का आदेश दिया है।

मानीटरिंग सेल की प्रभावी कार्रवाई एवं सम्यक पैरवी के फलस्वरूप आज विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) ने थाना दुधारा पर पंजीकृत धारा 363, 323, 506, 376 भादवि व 3(1)11 एससी/एसटी एक्ट में दोषसिद्ध अभियुक्त कादिम अली पुत्र शौकत अली निवासी तिलजा थाना दुधारा जनपद-संतकबीरनगर को अन्तर्गत धारा 376 भादवि व 3(1)11 एससी/एसटी एक्ट के अपराध में 10 वर्ष के कठोर कारावास व 51 हजार ₹ के अर्थ दण्ड से दण्डित करने की सजा सुनाई है। अर्थ दण्ड न अदा कर पाने पर 1 वर्ष के अतिरिक्त कठोर कारावास का आदेश दिया है।

# नशीली गोली के साथ 2 गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** थाना कोतवाली खलीलाबाद के पुलिस चौकी गोला बाजार ने 750 अदद नशीली गोली (अल्प्राजोल) के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी चौकी गोलाबाजार उ.नि. हरिनरायण दीक्षित ने बताया कि आरोपी अनुराग चन्द्रा पुत्र पुनीत चन्द्रा निवासी गरथवलिया थाना कोतवाली खलीलाबाद हाल पता अपूर्वा हॉस्पिटल बरदहिया तथा अभिषेक जयसवाल पुत्र राजू जयसवाल निवासी छोटी सरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद को मोती तिराहा से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 750 अदद नशीली गोली (अल्प्राजोल) बरामद किया गया है।

# दो युवकों के खिलाफ युवती भगाने का मुकदमा

- नाथनगर के रहने वाले है दोनों आरोपी
- युवती को बहलाकर भगाने का आरोप

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने दो युवकों पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि नाथनगर निवासी पकंज पुत्र सत्यप्रकाश अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर उसकी 19 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर में पंकज पुत्र सत्यप्रकाश, अमन पुत्र चन्द्र प्रकाश के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# शांतिभंग में 10 अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इसमें दुधारा पुलिस ने चार, धनघटा पुलिस ने चार व बेलहरकला पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया।

# 22 वाहनों का हुआ चालान

संतकबीरनगर। यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए जिले में चल रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को 22 वाहनों का पुलिस ने चालान किया। इनसे 13 हजार रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया गया। इसके अलावा लोगों के नियमों के प्रति जागरुक भी किया गया।

# उदयपुर की घटना को लेकर पुलिस एलर्ट, फ्लैग मार्च

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। उदयपुर की घटना और आगामी त्यौहारों को लेकर जिले की पुलिस पूरी तरह से एलर्ट मोड पर है। जगह-जगह शांति कमेटी की बैठक करने के साथ ही फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है।

गुरुवार को एसपी सोनम कुमार ने मेंहदावल कस्बे में फ्लैग मार्च करते हुए सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। इसके अलावा उन्होंने लोगों से सीधा संवाद भी किया। कई दुकानों पर पहुंचकर उनसे बात की। महिलाओं और वृद्धजनों से भी संवाद स्थापित करते हुए आपसी भाईचार के बीच त्यौहार मनाने की अपील किया। एसपी सोनम कुमार ने पैदल गश्त के दौरान दुकानदारों, व्यापारी बन्धुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों से मुलाकात कर वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस आम जन के साथ है। सभी की सुरक्षा के साथ ही त्वरित न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता है। अराजक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखें। अफवाहों पर ध्यान बिल्कुल भी न दें। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने हर कोई सहयोग करे। एसपी ने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर निगरानी कर रही है। अफवाह एवं भ्रामक व झूठे संदेश फैलाने सहित शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। सभी लोग इससे बचें, अन्यथा कार्रवाई की जद में आएंगे। एसपी ने फ्लैग मार्च के दौरान मेंहदावल पुलिस को अवैध स्टैंड और अतिक्रमण को तत्काल हटवाने का निर्देश दिया।



गुरुवार को मेंहदावल में फ्लैग मार्च करते एसपी सोनम कुमार और एसडीएम। • हिन्दुस्तान

# दबिश के दौरान तीन वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में तीन वारंटी को गिरफ्तार किया गया। इसमें दुधारा पुलिस ने वारण्टी रामानन्द पुत्र बदरी, निवासी नौवाडीह को गिरफ्तार किया। वहीं बखिरा पुलिस ने हरिलाल पुत्र रामदेव निवासी मलौली, बखिरा को गिरफ्तार किया। बेलहरकला पुलिस ने वारण्टी बब्लू उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र चन्द्रशेखर निवासी लोहरसन को गिरफ्तार किया।

# नशीली दवा के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देश पर गुरुवार को जिले में नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों को नशीली दवा के साथ गिरफ्तार किया।

गोला चौकी प्रभारी हृदयनाथ दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए जांच की जा रही थी। इस दौरान शहर के मोती तिराहे पर दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम अनुराग चन्द्रा निवासी गरथवलिया हाल पता अपूर्वा हास्पिटल बरदहिया व अभिषेक जायसवाल निवासी छोटी सरौली कोतवाली खलीलाबाद बताया। तलाशी के दौरान उनके पास से नशीली दवा मिली। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस दवा दुकानदार के बारे में पता लगा रही है।

# अपहृत किशोरी बरामद

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली अपहृत किशोरी को पुलिस ने गुरुवार को नंदौर चौराहे के पास से बरामद किया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। किशोरी की मां की सूचना पर दारोगा विवेकानंद तिवारी, सिपाही रंजन कुमार और नेहा सिंह ने लड़की को बरामद किया।

# सेवानिवृत्त नौ पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन में दी गई विदाई



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को विदाई देते सीओ राजीव कुमार ● जागरण

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को नौ पुलिसकर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। विदाई समारोह में सीओ राजीव कुमार ने कहा कि पुलिस विभाग में बगैर किसी विभागीय दंड के नौकरी की अवधि पूरी करना बड़ी चुनौती होती है। सेवानिवृत हो रहे पुलिसकर्मियों ने जीवन का बहुमूल्य समय विभाग को दिया है। उम्मीद है कि इसके बाद भी वह समाज के लिए बेहतर करेंगे। सीओ ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की सेवाओं के लिए उनकी सराहना की।

सीओ ने सेवानिवृत्त हो रहे उप निरीक्षक रामनाथ यादव, रामप्यारे शुक्ल, नथुनी प्रसाद यादव, रामसूरत यादव, रविप्रकाश तिवारी, संतराम, रामाज्ञा प्रसाद, मुख्य आरक्षी केशभान यादव, रामदास को माला पहनाकर विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट किया गया। सभी को सम्मानपूर्वक विभागीय वाहन में बिठाकर विदा किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा समेत अनेक पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस तैयार तत्काल दें सूचना

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : खलीलाबाद के मगहर पुलिस चौकी पर शांति समिति की बैठक में लोगों से मिल-जुलकर रहने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस तैयार है। यदि कहीं कोई दिक्कत महसूस हो तो पुलिस को तत्काल सूचना दें।कोतवाली प्रभारी विजय नरायन प्रसाद ने कहा कि कबीर की धरती अमन चैन पसंद करती है। इस धरती की गरिमा को ध्यान में रखते हुए हम सभी का कर्तव्य बनता है कि किसी भी तरह के अफवाहों के पीछे मत जाएं। इस असवर पर चौकी प्रभारी बलराम पांडेय, नुरुज्जमा अंसारी, अवधेश सिंह, त्रिलोकीनाथ वर्मा, अतुल श्रीवास्तव, मुन्ना अंसारी, विककी खान, फैज, तनवीर अहमद आदि मौजूद रहे।

# प्रेम व सौहार्द से रहें पुलिस आपके साथ



मेंहदावल कस्बे में पैदल मार्च करते पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ● जागरण

**जासं, मेंहदावल** : पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने मेंहदावल कस्बे में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कस्बे में पैदल मार्च करके लोगों से प्रेम व सौहार्द के साथ रहने की अपील की। लोगों को सुरक्षा देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पुलिस का साथ दीजिए, हम हर वक्त आपके साथ रहेंगे।

पुलिस अधीक्षक, एसडीएम योगेश्वर सिंह, प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह ने मेंहदावल थाने से पैदल गश्त शुरू किया। इस दौरान ठाकुरद्वारा, अस्पताल तिराहा, रोडवेज तिराहा, चौक बाजार आदि स्थानों पर पुलिस पहुंची। एसपी ने रास्ते में रुककर दुकानदारों से बातचीत की। लोगों से समस्या पूछी। कहा कि इंटरनेट मीडिया पर पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट पर टिप्पणी करने व शेयर करने से लोगों को बचना चाहिए। अफवाह फैलाने वाले लोगों से पुलिस सख्ती से पेश आएगी। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस प्रशासन की तत्काल मदद लेनी चाहिए। जनपद में धारा 144 लागू होने की जानकारी देते हुए कहा कि एक स्थान पर ज्यादा लोग न जुटें।

# दुष्कर्म के आरोपित को दस साल की कठोर सजा

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) दिनेश प्रताप सिंह ने अनुसूचित जाति की लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपित को दस साल के कठोर कारावास तथा 51 हजार रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है।



विशेष लोक अभियोजक आशीष पांडेय ने बताया कि दुधारा थानाक्षेत्र के तिलजा गांव निवासी कादिम अली ने 12 अक्टूबर 2008 को एक गांव की अनुसूचित जाति की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी भी दी थी।

मामले में मुकामी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। न्यायालय ने अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत आरोपित को दोषी करार दिया। जुर्माना न अदा करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जुर्माने की धनराशि से 26 हजार रुपये पीड़िता को बतौर प्रतिकर अदा करना होगा।

# नशीली गोली के साथ दो युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को 750 अदद नशीली गोली के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया।

कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए युवकों की पहचान अनुराग चंद्रा निवासी गरथबलिया और अभिषेक जायसवाल निवासी छोटी सरौली कोतवाली के रूप में हुई।

पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। ब्यूरो

# एसपी ने मातहतों के साथ मेंहदावल में किया मार्च



मेंहदावल कस्बे में शांति व्यवस्था के लिए मार्च करते एसपी। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार ने बृहस्पतिवार को पुलिस कर्मियों के साथ मेंहदावल में मार्च किया। इस दौरान उन्होंने संभ्रांतजनों और व्यापारियों से संवाद भी किया। लोगों ने आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

आगामी त्योहार एवं उदयपुर की घटना को लेकर पुलिस चौकन्नी है। पुलिस लोगों से संवाद स्थापित कर रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखने और लोगों में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाए जाने की दिशा में पुलिस प्रयास कर रही है। भीड़भाड़ वाली जगहों और कस्बों, चौराहों पर पुलिस की मौजूदगी दिख रही है। उसी के मद्देनजर एसपी सोनम कुमार ने बृहस्पतिवार को मेंहदावल पहुंचे और पुलिस कर्मियों के साथ कस्बे का भ्रमण किया। गश्त के दौरान उन्होंने दुकानदारों, व्यापारियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों से मुलाकात कर संवाद स्थापित किया। लोगों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। आमजन को आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने व अफवाह पर ध्यान न देने की बात कहीं। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। एसपी ने कहा कि जनपद पुलिस के जरिए सोशल मीडिया पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। अफवाह एवं भ्रामक व झूठे संदेश फैलाने सहित शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों तथा अराजकतत्वों व उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध स्टैंड व अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिए एसओ जयवर्धन सिंह को निर्देश दिए।

## यह धरा शांति व एकता का संदेश देती है : एसओ

बखिरा। बृहस्पतिवार को बखिरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें राजस्थान में हुई घटना पर चर्चा हुई। ऐसी घटनाओं से बचने की भी सलाह दी गई। बैठक में थानाध्यक्ष के साथ एसपीओ व क्षेत्र के संभ्रांत लोग रहे। एसओ अनिल सिंह ने कहा कि राजस्थान जैसी घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली है। यह घटना निहायत ही घृणित व निंदनीय है। समाज में ऐसे लोगों के लिए कोई भी स्थान नहीं होना चाहिए। मानव समाज ऐसी घृणित घटनाओं की अनुमति नहीं देता है। संतों व महापुरुषों के इस पावन देश की धरा समूचे विश्व को शांति व सद्भाव का संदेश देती है। शांति व आपसी एकता हमारी पहचान है। इसी मूलमंत्र को हम सभी को अपनाना चाहिए। लोगों को भी अपने भीतर व अपने आसपास के लोगों को भी शांति व एकता से रहने का पैगाम देना चाहिए। आगामी दिनों में बकरीद का पर्व भी आने वाला है। इसे हम सभी को पूर्व की भांति आपसी भाईचारे के साथ मिलकर मनाना चाहिए। एसपीओ चंद्रप्रकाश सिंह ने कहा कि त्योहार हमें मिल-जुलकर रहने की शिक्षा देते हैं। राजस्थान की घटना ने हम सबको झकझोर कर रख दिया है। यह निहायत ही घृणित मानसिकता को दर्शाता है। इस अवसर पर नूरुल्लाह मंसूरी, रियाज अहमद, दीनानाथ चौधरी, बब्बू खान, मोहम्मद मोबीन, राम प्रसाद, मोहम्मद शकील, दरगाही, चन्द्रप्रकाश सिंह, महबूब पठान, पंचराम यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# युवती को भगाने के आरोप में दो पर केस दर्ज

**धनघटा।** बृहस्पतिवार को महुली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने दो युवकों पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित मां का आरोप है कि आरोपी युवक अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर उसकी 19 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। मां ने बेटी के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई। एसओ रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

**मां ने बेटी संग अनहोनी की आशंका जताई**

# दुष्कर्म के दोषी को दस साल का कारावास

**संतकबीरनगर।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही 51,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की अदायगी न करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि 12 अक्तूबर 2008 को पीड़ित किशोरी नित्य क्रिया के लिए सड़क की तरफ गई थी, जहां पर आरोपी पहले ही घात लगाए थे। आरोपी ने किशोरी का अपहरण कर लिया तथा विरोध करने पर लात व मुक्का, बेल्ट से मारापीटा। आरोपी ने युवती से दुष्कर्म किया। पीड़ित मां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसकी विवेचना तत्कालीन सीओ खलीलाबाद प्रमेशंकर द्विवेदी ने की। विवेचक ने आरोपपत्र कोर्ट में प्रेषित किया। मॉनीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। कोर्ट ने दोषी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 51,000 रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया। अर्थदंड न अदा करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। ब्यूरो

# हत्या के प्रयास के दो दोषियों को दस-दस साल की सजा

**संतकबीरनगर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने हत्या के प्रयास मामले में दो दोषियों को दस-दस साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही 30,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की अदायगी न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि 23 सितंबर 2007 को पीड़ित तराबी की नमाज पढ़कर अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान अभियुक्तगण बाइक से पहुंचकर उसे जान से मारने की नीयत से सीने पर लक्ष्य करके फायर कर दिए। संयोग से गोली पीड़ित के दाहिने हाथ के बाजू में लगी और वह घायल हो गया था। इस मामले में आरोपी भीम सिंह, राजू उर्फ रियाज निवासी सगरा थाना सोनहा जनपद बस्ती के खिलाफ मेंहदावल पुलिस ने केस दर्ज किया। तत्कालीन एसआई जगन्नाथ मौर्य थाना मेंहदावल ने विवेचना कर आरोपपत्र कोर्ट में प्रेषित किया। मॉनीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। कोर्ट ने दोनों दोषियों को दस-दस साल की सजा और 30-30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। संवाद

# सेवानिवृत्त सात दरोगाओं समेत नौ पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई



पुलिसकर्मियों को सीओ ने स्मृति चिह्न देकर विदाई दी। संवाद

**संतकबीरनगर।** पुलिस लाइंस सभागार में बृहस्पतिवार को कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत्त हुए सात दरोगाओं समेत नौ पुलिस कर्मियों को विदाई दी गई। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंटकर उनके सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

सीओ लाइंस राजीव कुमार यादव ने बताया कि एसआई रामनाथ यादव, एसआई रामप्यारे शुक्ल, एसआई नथुनी प्रसाद यादव, एसआई रामसूरत यादव, एसआई रविप्रकाश तिवारी, एसआई संतराम, एसआई रामझास प्रसाद, हेड कांस्टेबल केशभान यादव और राम दास सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी सिर्फ सेवा से सेवानिवृत्त होते हैं, लेकिन वे जीवन भर अपराध और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में पुलिस के मददगार रहते हैं। यही उम्मीद है कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी अपने परिवार के साथ समाज हित में काम करते रहेंगे। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा आदि उपस्थित रहे। ब्यूरो

# अग्निपथ के विरोध में जाम लगाने के आरोपी को भेजा गया जेल

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। अग्निपथ के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग को नेदुला के पास जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में दर्ज मुक़दमे के एक आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी जेल भेज दिया।

कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज वीरेंद्र यादव ने बताया कि 20 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग को नेदुला के पास कुछ लोगों ने अग्निपथ के विरोध में जाम कर दिया था। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। इस मामले में चौकी इंचार्ज नवीनमंडी रजनीश राय की तहरीर पर तीन नामजद समेत 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। उसी मामले के आरोपी आदित्यनाथ चौरसिया को बड़गों के पास से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि अब तक इस मामले के छह आरोपी जेल भेज जा चुके हैं। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि शेष आरोपियों की तलाश जा रही है।

सीसीटीवी फुटेज और वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य की पहचान की जा रही है। वर्तमान में जिले में धारा 144 प्रभावी है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-07-2022

# भूमि विवाद पर भिड़े दो पक्ष, केस दर्ज

**मारपीट**

**धानेपुर, संवाददाता।** भूमि विवाद को लेकर बखरवा गांव में गुरुवार की सुबह दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हुए हैं। दोनो पक्षों की ओर से आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए धानेपुर पुलिस से शिकायत की गई है। जिस पर पुलिस ने क्रास रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के बखरवा गांव में गुरुवार की सुबह विवादित भूमि पर मिट्टी पटाई कराने को लेकर के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गया जिसमें एक पक्ष के रविंद्र नाथ ,कृष्ण गोपाल व माया देवी को चोटें आई है जबकि दूसरे पक्ष के काली प्रसाद , राकेश कुमार, जयप्रकाश व रीता देवी को चोटें आई हैं।

रवींद्र नाथ शुक्ल का आरोप है कि गांव निवासी विपक्षी गण विवादित भूमि पर मिट्टी पटाई करा रहे थे।विवादित भूमि पर मिट्टी पटाई का विरोध करने पर विपक्षियों ने लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे उनके पक्ष के तीन लोगों को चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष के काली प्रसाद का आरोप है कि वह अपने निजी भूमि पर मिट्टी पटाई करा रहे थे। जिस पर विपक्षी बेवजह रोकने लगे कारण पूछने पर हमला कर दिया। जिससे उनके पक्ष के चार लोग चोटिल हुए हैं तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि बखरवा गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई। सात लोग घायल हुए हैं। सभी का डाक्टरी परीक्षण कराया गया है। दोनों ओर से मिली तहरीर के मुताबिक क्रास रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया कि दोनो ओर से तीन तीन लोगों को नामजद किया गया है। विधिक कारवाई की जा रही है।

# ट्रैक्टर चालक ने ही महिला का हंसिया से काटा था गला

**खुलासा**

उमरी बेगमगंज, संवाददाता। खेत में चारा काटने गई महिला का ट्रैक्टर ड्राइवर ने ही उसी की हंसिया से गला काट लिया था। पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। चालक की निशानदेही पर आलाकत्ल हंसिया भी बरामद की गई है।

सेमरी कलां स्थित पांडे पुरवा में 24 जून को महिला उत्तिमा पत्नी रामकुमार की लाश खेत से बरामद की गई थी। पुलिस ने हत्या का मुकदमा भी दर्ज किया था। तभी से पुलिस हत्यारोपियों के सुरागरसी में जुटी हुई थी। गुरुवार को हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने सिघौटी गांव निवासी राम लोटन पुत्र गुल्ले को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मुकेश पांडे ने बताया कि अभियुक्त राम लोटन स्थानीय उमाकांत मिश्रा के यहां ट्रैक्टर ड्राइवर का काम करता था और उनके खेतों में जाकर फसल की देखरेख भी करता था। वहीं पर उत्तिमा अक्सर घास काटने के लिए आया करती थी।

घटना के दिन भी उत्तिमा वहीं पास में ही घास काट रही थी जिसे देख कर उसकी नियत डोल गई और वह दुष्कर्म के इरादे से हमलावर हो गया। दोनों के बीच जोर जबरदस्ती के दौरान गला रेत दिया।

## शुरू से एसओजी की रडार पर था राम लोटन

इस सनसनीखेज वारदात में पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने एसओजी व डाग स्क्वायड सहित एएसपी शिवराज को घटना का अनावरण करने के लिए विशेष निर्देश दिया था। शक के आधार पर क्षेत्र के कई संदिग्धों को घटना के दिन से उठाकर पूछताछ की गई जिसमें राम लोटन से भी पूछताछ हुई। पूछताछ में वह अक्सर बयान बदलता रहा जिससे पुलिस का शक पुख्ता होता चला गया।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने पर गिरफ्तार

रुपईडीह। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार किया है।

क्षेत्राधिकारी करनैलगंज मुन्ना उपाध्याय ने बताया कि कौड़िया थाना क्षेत्र के एक युवक ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करते हुए माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया था। जिस पर उसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की गई।

# दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

वजीरगंज। शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस ने आरोपी शिवनारायण पुत्र साधु शरण व राजेश पुत्र राममिलन ग्राम पंचायत रुपीपुर के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए कार्रवाई की गई है।

# मादक पदार्थ तस्कर को दो वर्ष की सजा

गोण्डा। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट द्वितीय ने मादक पदार्थ के तस्कर को दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी दीपक उर्फ सिक्का निवासी टेढ़ी बाजार, राजा मोहल्ला को गिरफ्तार किया था।

बचाव व अभियोजन पक्ष की दलीले सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी को दो वर्ष के कारावास औश्र 12 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं मादक पदार्थ के साथ पकड़े गए कौड़िया तेलिया कोट के पवन कुमार पासवान को एक वर्ष दो माह की सजा सुनाई है।

# दहेज हत्या में पति को दस वर्ष के कारावास की सजा

## कोर्ट का फैसला

- परसपुर थानाक्षेत्र के सूबेदारपुरवा में हुई थी घटना
- कोर्ट ने दोषी पर 25 हजार का जुर्माना भी ठोंका

गोण्डा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश दीनानाथ ने दहेज हत्या के दोषी पति को दस वर्ष की कैद और पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ओम प्रकाश शुक्ला व अभिनव चतुर्वेदी के अनुसार थाना परसपुर के सुबेदार पुरवा मौजा डेहरास गांव निवासी शिव बहादुर के विरुद्ध वादी ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी पुत्री रिंकी की शादी आरोपी के साथ की थी। शिव बहादुर ने दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने पर उसकी पुत्री को मार डाला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की जांचोपरांत आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनीं। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात हत्यारोपी शिवबहादुर को दोषी करार देते हुए दस वर्ष की कैद व पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# गैंगरेप व हत्या में तीन को उम्रकैद

## इंसाफ

गोण्डा, विधि संवाददाता। विशेष न्यायाधीश (पास्को एक्ट) चंद्र मोहन चतुर्वेदी ने गैंगरेप के बाद नाबालिग लड़की की हत्या करने के जुर्म में तीन दोषियों को गुरुवार को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष अभियोजक पास्को एक्ट अशोक कुमार सिंह के अनुसार घटना 4/5 फरवरी 2022 की है। थाना नवाबगंज के अंतर्गत हरिहरपुर पंडित हाता के अजय कोरी, संजय कोरी व महेश यादव के विरुद्ध घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक शौच करने गई नाबालिग किशोरी के साथ तीनों ने दरिंदगी की। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुनने और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के बाद तीनों आरोपियों को दुराचार करने का दोषी करार दिया। कोर्ट ने तीनों को आजीवन कारावास की सजा व 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदायगी न करने पर आरोपियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जिले के कई अदालतों में एक ही दिन कई फैसलों में सजा सुनाए जाने को लेकर कचहरी परिसर में काफी गहमा-गहमी भी गुरुवार को देखने को मिली।

## गैंगस्टर को दो वर्ष की सजा सुनाई गई

गोण्डा। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर) की अदालत ने गैंगस्टर आरोपी को दो वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष अभियोजक (गैंगस्टर) दान बहादुर सिंह के अनुसार थाना तरबगंज के अंतर्गत पूरे डाल नियावा निवासी संदीप तिवारी के विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे सुनवाई विशेष अदालत में हुई। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों व बहस को सुनने तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के बाद आरोपी को गैंगस्टर अपराध का दोषी करार देते हुए दो वर्ष की कैद व पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# गैंगरेप और धर्म परिवर्तन कराने में चार पर मुकदमा

- युवती को मुंबई ले गया था दूसरे समुदाय का युवक
- करनैलगंज स्टेशन पर युवती को छोड़कर भागा

परसपुर, संवाददाता। थाना क्षेत्र की युवती का धर्म परिवर्तन और उसके साथ गैंगरेप के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी संतोष कुमार मिश्र के हस्तक्षेप पर पुलिस ने केस दर्ज किया।

पीड़िता के पिता ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी बेटी बीते 14 जून की शाम को घर से बाहर शौच के लिए गई थी। इस दौरान दूसरे समुदाय के युवक ने उसे दवा सुंघाकर बेहोश कर दिया और उसे मुम्बई ले गया। वहां युवती को होश आने पर हाफिज बुलाकर धर्म परिवर्तन करवाकर उसका निकाह करवाया। युवती ने जब इसका विरोध किया तो उसकी जमकर पिटाई की। आरोप है कि बाद में युवती को विभिन्न स्थानों पर ले जाकर अन्य साथियों से रेप करवाया। इसके बाद आरोपी बीते 21 जून को युवती को करनैलगंज रेलवे स्टेशन छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद पिता ने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। इंस्पेक्टर समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि ग्राम सकरौर पठान पुरवा निवासी जावेद पुत्र तैज्जमुल, बहादुर पुत्र तफज्जुल उर्फ फज्जी, महमूद पुत्र खानू व इबरार पुत्र खल्लू के विरुद्ध मारपीट, गैंगरेप सहित कई धाराओं केस दर्ज किया है।

# नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

करनैलगंज। नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त कन्हैया पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम टिकौली के को गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

# लापता युवक के घर लौटने पर परिजनों में हर्ष

करनैलगंज। ग्राम गोनवा निवासी राजेश मिश्रा मंगलवार की शाम से अचानक लापता हो गए थे। परेशान परिजनों ने जगह-जगह तलाश की। अंत में थकहार कर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दिया था। लेकिन बुधवार की शाम को जब लापता युवक राजेश मिश्रा सकुशल घर वापस लौटे तो परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# महिला की हत्या मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

संसू, उमरी बेगमगंज (गोंडा) : सेमरीकला पांडेय पुरवा निवासी महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। बीते 24 जून को सुबह करीब नौ बजे निवासिनी उत्तिमा खेत में पशु के लिए चारा लाने गई थी लेकिन, वह लौटकर घर वापस नहीं आई। स्वजनों ने आसपास के खेतों में ढूंढना शुरू किया तो उसका शव मक्के के खेत में क्षत विक्षत अवस्था में मिला था। पति की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा किया गया। थानाध्यक्ष मुकेश पांडेय ने कहा कि विवेचना में नाम आने पर गुरूवार को पुलिस ने सिधौटी निवासी राम लौटन को शिवागंज पुलिया के पास से गिरफ्तार किया हैं।

# आठ पुलिस कर्मी हुए सेवानिवृत्त

संसू, गोंडा : जिले में तैनात आठ पुलिस उपनिरीक्षक सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने वस्त्र व धार्मिक पुस्तक देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त होने वालों में उप निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र, अनिल कुमार धवल, शिव शंकर सिंह, हरेराम सिंह, इंद्रजीत यादव, उमाशंकर वर्मा, ऋषिकेशमणि त्रिपाठी, इंद्रमणि त्रिपाठी शामिल हैं। एसपी ने सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किया।

# आखिरकार दोषियों को मिली सजा बलिदानी के घर खुशी का माहौल

संसू, गोंडा : जुलाई 2007 को चित्रकूट में घात लगाकर एसटीएफ के छह जवानों और एक मुखबिर की हत्या के मामले में विशेष न्यायाधीश ने डकैत ठोकिया गिरोह के 13 सदस्यों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

15 साल बाद दोषितों को सजा मिलने की खबर लगते ही बलिदानी ईश्वर देव सिंह के घर खुशी की लहर दौड़ गई है।

वजीरगंज थाना के नयपुर गांव के रहने वाले ईश्वर देव सिंह स्पेशल टास्क फोर्स (एटीएफ) में आरक्षी (चालक) पद पर तैनात थे।

जुलाई 2007 की भोर मानिकपुर के झलमल जंगल में एसटीएफ ने दस्यु ददुआ को मार गिराया था। इसके बाद अन्य मुठभेड़ हुई। एसटीएफ की टीम चित्रकूट लौट रही थी। ठोकिया गिरोह ने रास्ते में एसटीएफ को घेर लिया था और उनके वाहनों पर ताबड़तोड़ गोलीबारी थी। इसमें छह जवान मौके पर बलिदान हो गए थे।

बलिदान होने वालों में वजीरगंज के नयपुर निवासी ईश्वर देव सिंह भी शामिल थे। इसके बाद उनके घर में मातम छा गया। ईश्वर देव सिंह के दो बेटे विनोद सिंह,अशोक सिंह व एक बेटी गुड़िया है।

अशोक इस समय सुल्तानपुर में निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। अशोक सिंह ने कहा कि आरोपितों को सजा मिलने से उनके घर में खुशी की लहर है।

# मछली का शिकार करते पांच धरे

करनैलगंज। सरयू घाट पर नदी में मछली मारने पर एसडीएम ने अगस्त माह तक पूर्णतया प्रतिबंध लगाया है। अवैध तरीके से मछली का शिकार कर रहे 5 लोगों को एसडीएम ने पकड़कर पुलिस को सौंपा है। मौके पर मछली मारने की आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक फिश रोप मशीन भी बरामद की गई।

गुरुवार को करनैलगंज सरयू नदी कटरा घाट जहां लोग स्नान करते हैं। उस जगह पर करीब एक दर्जन से अधिक लोगों द्वारा मछली मारने की शिकायत उपजिलाधिकारी हीरालाल को मिली थी। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर मछली मारने वाले लोगों को अपने हमराहियों के माध्यम से घेर कर पकड़ाया और कोतवाली पुलिस को बुलाकर उन्हें सौंप दिया।

मछली मारने वाले लोगों के पास से एक आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक मशीन भी बरामद हुई। जिसमें मछली मारने के लिए डोरी फेंकने के काम में लाई जाती है। जो आधुनिकतम इलेक्ट्रॉनिक मशीन है जिससे करीब 50 मीटर दूरी तक मछली मारने का कांटा बड़े आसानी से फेंका जा सकता है।

# सामूहिक दुष्कर्म, हत्या मामले में तीन को आजीवन कारावास

जासं, गोंडा : किशोरी के साथ गैंगरेप कर हत्या किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट चंद्रमोहन चतुर्वेदी ने अजय, संजय निवासीगण हरिहरपुर पंडित हाता व महेश यादव निवासी जोगारामपुरवा नवाबगंज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपितों को 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्र व अनूप प्रताप सिंह के मुताबिक नवाबगंज के एक गांव निवासिनी किशोरी चार फरवरी 2022 की रात करीब साढ़े दस बजे शौच के लिए गई थी। कुछ समय बीतने के बाद किशोरी घर वापस नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन की जाने लगी। यूकेलिप्टस के बाग में उसका शव पड़ा मिला। उसके शव पर कोई कपड़ा नहीं था।

किशोरी की छोटी बहन ने हत्या आरोपितों को भागते हुए पहचान लिया था। पांच फरवरी को उनके खिलाफ नवाबगंज में मुकदमा किया गया।

## नोडल अधिकारी ने लगाई फटकार

अपर सत्र न्यायाधीश डा.दीनानाथ तृतीय ने दहेज हत्या मामले में शिवबहादुर निवासी सूबेदारपुरवा डेहरास थाना परसपुर को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड से भी दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ओम प्रकाश शुक्ल व अभिनव चतुर्वेदी के मुताबिक 19 अगस्त 2017 को कटरा बाजार के महादेव भरथा इटाहिया गांव निवासी मिट्ठू लाल शर्मा ने दी गई तहरीर में कहा कि उसने अपनी बेटी रिंकी की शादी शिव बहादुर के साथ की थी। आए दिन उसकी बेटी को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज न मिलने के कारण उसकी बेटी को मार दिया गया।

# मछली का शिकार करते पांच को पकड़ा

कर्नलगंज : सरयू नदी में अवैध तरीके से मछली का शिकार कर रहे पांच लोगों को एसडीएम हीरालाल ने पकड़कर पुलिस को सौंपा है। मछली मारने की आधुनिक इलेक्ट्रानिक फिश रोप मशीन भी बरामद की गई है। गुरुवार को मछली का शिकार होने की शिकायत एसडीएम से की गई थी। एसडीएम ने कहा कि अगस्त तक मछली के शिकार पर प्रतिबंध लगा है। (संसू)

# आपत्तिजनक टिप्पणी पर हुई गिरफ्तारी

संसू, गोंडा : कौड़िया बाजार स्थित एक दुकान संचालक युवक ने विभिन्न मामलों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इंटरनेट पर यह टिप्पणी वायरल होते ही पुलिस ने युवक पर मुकदमा कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कौड़िया बाजार के दुकानदार अलफाज ने राजस्थान के उदयपुर में हुई घटना सहित अन्य मामलों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसका इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# युवती के साथ दुष्कर्म मामले में चार लोग नामजद

संसू, परसपुर (गोंडा) : युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने व धर्म परिवर्तन कराने के मामले में सकरौरा के पठानपुरवा निवासी जावेद, इबरार ,महमूद व बहादुर के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

पीड़िता के पिता ने एसपी से की गई शिकायत में कहा कि बीते 14जून को उसकी लड़की शौच के लिए गई थी। मुंबई में एक मुस्लिम युवक ने जबरदस्ती निकाह करके धर्म परिवर्तन करा दिया।

# न्यायालय के आदेश पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**संसू, मनकापुर** : न्यायालय के आदेश पर चार वर्ष बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी,सास समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। छपिया के जगन्नाथपुर गांव निवासी तुंगनाथ मिश्र ने न्यायालय पर दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसका बेटा अजीत कुमार 15 अक्टूबर 2018 को अपनी पत्नी को लाने के लिए ससुराल ग्राम कोदई थाना हर्रैया जिला बस्ती के लिए निकला था।

16 अक्टूबर 2018 को अजीत कुमार का शव अशफपुर-किशुनदास गांव के बीच में रेलवे लाइन से थोड़ी दूर पर झाड़ी में क्षतविक्षत अवस्था में मिला। बेटे के ससुरालीजन ने उसकी हत्या करके सबूत मिटाने के लिए शव यहां लाकर झाड़ी में फेंक दिया। उसने तहरीर कोतवाली में दी लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई।

# किशोरी से दुष्कर्म के तीन आरोपियों को उम्र कैद

## पांच माह में पॉक्सो अदालत ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से दुष्कर्म, हत्या और पॉक्सो एक्ट के अपराध के पांच माह पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास और 60-60 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। कचहरी में पांच माह से कम समय में विचारण कर पॉक्सो अदालत के इस ऐतिहासिक फैसले की चर्चा होती रही।

पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्र व अनूप प्रताप सिंह के अनुसार, नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने चार फरवरी 2022 को थाने में तहरीर देकर कहा कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री रात साढ़े दस बजे घर के पीछे शौच करने गई थी। जब वापस नहीं आई तो खोजबीन करने पर नग्न अवस्था में उसका शव घर से सौ मीटर दूर बाग में मिला। वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर नवाबगंज पुलिस ने विवेचना की और मात्र 15 दिनों में अभियुक्त अजय, संजय व महेश यादव के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

विचारण के दौरान न्यायालय ने अभियुक्त अजय, संजय व महेश यादव के विरुद्ध किशोरी से दुष्कर्म, हत्या व बालकों का संरक्षण अधिनियिम (पॉक्सो एक्ट) का पुख्ता सबूत मिलने पर दोषसिद्ध किया। गुरुवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट चंद्र मोहन चतुर्वेदी ने तीनों अभियुक्तों को दलित किशोरी की हत्या, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अपराध में आजीवन कारावास व 60-60 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# संदिग्ध हालात में युवक लापता, दी तहरीर

**करनैलगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के गोनवा ग्राम निवासी राजेश मिश्रा मंगलवार की शाम संदिग्ध हालात में कहीं लापता हो गए। परिजन तलाश में जुटे हैं। बुधवार को लापता युवक के भाई राजनीश मिश्रा ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। कहा कि उसका भाई मंगलवार की शाम छह बजे से घर से लापता है, उसका परिवार के किसी सदस्य से कोई विवाद नहीं था। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। गुमशुदा युवक की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

**इटियाथोक (गोंडा)।** किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने युवक के विरुद्ध छेड़छाड़ एवं पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। खरगूपुर नगर पंचायत क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय किशोरी के साथ युवक ने छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत की। इस संबंध में किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक मोहित कश्यप के विरुद्ध छेड़छाड़ एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उप निरीक्षक चंद्र भूषण पांडेय ने बुधवार को आरोपी युवक को खरगूपुर बाईपास के निकट से गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# गैंगस्टर को दो वर्ष का सश्रम कारावास

गोंडा। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने एक अभियुक्त को गैंगस्टर एक्ट के तहत दो वर्ष के सश्रम कारावास व पांच हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक गैंगेस्टर एक्ट उदय प्रताप वर्मा व दान बहादुर सिंह ने बताया कि साल 2020 में थाना तरबगंज पुलिस ने थाना उमरीबेगमगंज क्षेत्र के ग्राम पूरेडाल नियावा निवासी संदीप तिवारी पर बाइक चोरी कर बेचने का आरोप लगा उसके विरुद्ध गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की गई। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध किया। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राज बहादुर रामदेव यादव ने दोषसिद्ध अभियुक्त संदीप तिवारी को गैंगस्टर एक्ट में दो साल के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। संवाद

**न्याय की उम्मीद** | **ससुराल गये अजीत का झाड़ियों में मिला था शव, थाने पर सुनवाई न होने पर कोर्ट पहुंचा पिता**

# चार साल बाद युवक की हत्या का केस दर्ज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**मनकापुर (गोंडा)।** पत्नी को विदा कराने ससुराल गये युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियों में मिलने के मामले में चार वर्ष बाद न्यायालय के आदेश पर मनकापुर पुलिस ने मृतक की पत्नी, सास सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया है।

छपिया थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी तुंगनाथ मिश्र बताया कि उनका बेटा अजीत कुमार 15 अक्तूबर 2018 को अपनी पत्नी को लेने के लिए ससुराल वालों को फोन करके ग्राम कोदई, थाना हर्रैया, जनपद बस्ती गया था। ससुराल जाने से पहले अजीत ने बताया था कि वहां से पूछा गया कि अकेले आ रहे हो या साथ में कोई और भी आ रहा है। तुंगनाथ के मुताबिक इससे पहले ससुराल वालों ने अजीत को जान से मारने की धमकी दी थी। कुछ रिश्तेदारों ने बातचीत करके पत्नी को घर भेजवाने पर सहमति बनवाई थी। इसी समझौते के आधार पर अजीत ससुराल गया था। 16 अक्तूबर 2018 को पुलिस से सूचना मिली कि अजीत का शव अशरफपुर-किसुनदासपुर गांव के बीच में रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। पिता का आरोप है कि ससुराल वालों ने अजीत की हत्या करके सबूत मिटाने के लिए शव लाकर झाड़ियों में फेंका था। तुंगनाथ के अनुसार मामले में मनकापुर कोतवाली में तहरीर देने पर भी सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर अदालत का दरवाजा खटखटाने पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना का आदेश जारी हुआ।



**मनकापुर कोतवाली में सुनवाई न होने पर पिता ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा**

इस पर गुरुवार को पुलिस ने अजीत की पत्नी कनक, सास, ससुर कौशल किशोर, साले अंशू व महेंद्र के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना कर कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज हत्या में आरोपी पति को दस साल की सजा

**गोंडा।** दहेज हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश सप्तम ने आरोपी पति को दस साल सश्रम कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। गुरुवार को अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ओम प्रकाश शुक्ला व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि 19 अगस्त 2017 को कटरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम महादेव निवासी मिट्ठू लाल शर्मा पुत्र राम प्यारे ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उसकी बेटी रिंकी की शादी लगभग तीन साल पहले शिव बहादुर पुत्र गया प्रसाद निवासी सुबेदार पुरवा डेहरास थाना परसपुर से हुई थी। लड़की के ससुराल वाले शादी के बाद से दहेज में बाइक की मांग को लेकर लड़की को प्रताड़ित करते थे। दहेज न मिलने पर लड़की को मार डाला। वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर परसपुर पुलिस ने विवेचना की और दहेज की मांग को लेकर पत्नी की हत्या के आरोपी पति शिव बहादुर के खिलाफ पुख्ता सबूत के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने अभियुक्त शिव बहादुर के विरुद्ध दहेज हत्या का पुख्ता सबूत मिलने पर दोषसिद्ध किया। गुरुवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश सप्तम डॉ. दीनानाथ तृतीय ने अभियुक्त शिव बहादुर को दहेज हत्या के अपराध में 10 साल कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर अभियुक्त को डेढ़ माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-07-2022

# महिलाओं को किया जागरूक

बलरामपुर। जिले के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो स्क्वायड एक्शन टीम ने मिशन शक्ति के तहत गुरुवार को सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं व महिलाओं को साइबर अपराधों से सचेत रहने की नसीहत देते हुए आत्मरक्षा के गुर सिखाए त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।

महिला थाना प्रभारी निलोफर बानो ने कहा कि मिशन शक्ति के पहले चरण में महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण के संबंध में व्यापक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। दूसरे चरण में अभियान को आपरेशन के रूप में संचालित किया गया। कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं व लड़कियों को जागरूक कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। इसके अलावा महिलाओं के प्रति हिंसा करने वाले लोगों की पहचान उजागर करना है। छात्राओं को त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी भी दी।

# दो किलोग्राम चरस बरामद

**हरैया सतघरवा** : पुलिस ने दो किलो 200 ग्राम चरस के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि लालता वर्मा निवासी माधवडीह के पास से चरस बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ थाने में कई मामले पहले से भी दर्ज हुए हैं। (संसू)

# एंटी रोमियो स्क्वायड एक्शन टीम ने छात्राओं को दिया संबल

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : जिले के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो स्क्वायड एक्शन टीम ने मिशन शक्ति के तहत गुरुवार को सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं व महिलाओं को साइबर अपराधों से सचेत रहने की नसीहत देते हुए आत्मरक्षा के गुर सिखाए। त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।

महिला थाना प्रभारी निलोफर बानो ने कहा कि मिशन शक्ति के पहले चरण में महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण के संबंध में व्यापक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। दूसरे चरण में अभियान को आपरेशन के रूप में संचालित किया गया। कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं व लड़कियों को जागरूक कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। इसके अलावा महिलाओं के प्रति हिंसा करने वाले लोगों की पहचान उजागर करना है। छात्राओं को वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, फायर ब्रिगेड 101, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, नगर कोतवाली सीयूजी 9454403019 व देहात कोतवाली सीयूजी 9454403020 के बारे में जानकारी दी गई।

# एसटीएफ जवानों के हत्यारों को मिली सजा

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** 22 जुलाई 2007 में घात लगाकर एसटीएफ के छह जवानों और एक मुखबिर की डकैत ठोकिया गिरोह ने हत्या कर दी थी। एसटीएफ टीम में शामिल तत्कालीन मुख्य आरक्षी जिले के ललिया क्षेत्र के लालपुर कंजेभरिया निवासी शिव कुमार अवस्थी समेत पांच लोग घायल भी हुए थे। डकैत ठोकिया के गिरोह के 13 सदस्यों को 15 साल बाद आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये की सजा सुनाई गई है। मुख्य आरक्षी शिव कुमार व उनके परिवारजन ने न्यायालय के फैसले पर खुशी मनाते हुए आभार जताया है। इस निर्णय को बलिदान जवानों के लिए इंसाफ बताया है।

वर्तमान में एसटीएफ लखनऊ में तैनात तत्कालीन मुख्य आरक्षी शिव कुमार अवस्थी 1986 में पीएसी में कांस्टेबल पद पर नियुक्त हुए थे। वर्ष 1999 में कमांडो बने। वर्ष 2006 में एसटीएफ में हेड कांस्टेबल पद पर नियुक्त हुए। इसके एक साल बाद 22 जुलाई 2007 की भोर मानिकपुर के झलमल जंगल में एसटीएफ ने दस्यु ददुआ को मार गिराया था। बकौल शिव कुमार उत्साहित टीम ने दोपहर बाद अनुसूइया जंगल में डकैत अंबिका पटेल उर्फ ठोकिया को घेर लिया था, लेकिन ठोकिया वहां से

- 22 जुलाई 2007 में एसटीएफ के छह जवानों और एक मुखबिर की घात लगाकर की गई थी हत्या
- मानिकपुर के झलमल जंगल में एसटीएफ ने दस्यु ददुआ को मार गिराया था, बच निकला था ठोकिया



अपने परिवार के साथ मुख्य आरक्षी शिव कुमार अवस्थी ● फोटो स्वयं



मुख्य आरक्षी शिव कुमार अवस्थी ● सौ. स्वयं

निकलकर भरतकूप के कोलहा जंगल पहुंच गया। वहां पर हुई मुठभेड़ में गैंग का सदस्य मैयादीन मारा गया

**15 साल बाद ठोकिया गिरोह को मिला आजीवन कारावास**

था। मैयादीन का शव लेकर एसटीएफ टीम चित्रकूट लौट रही थी। तभी ठोकिया गिरोह ने रास्ते में एसटीएफ को घेर लिया था। उनके वाहनों में ताबड़तोड़ गोलीबारी की, जिसमें छह जवान मौके पर बलिदान हो गए थे। 15 साल बाद दोषियों को आजीवन कारावास होने पर शिवकुमार की पत्नी कृष्णा अवस्थी, बेटे पंकज, सूरज व नीरज ने न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# पढ़-लिखकर सशक्त बनें बेटियां

**बलरामपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले के सभी कोतवाली व थानों में गठित एंटी रोमियो टीमों ने गुरुवार को बेटियों व महिलाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। बेटियों को पढ़-लिखकर सशक्त बनने की सलाह दी गई। एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर एंटी रोमियो टीमों ने बेटियों व महिलाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। नगर कोतवाली में सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बेटियों व महिलाओं को जागरूक किया गया। जरवा कोतवाली, रेहरा बाजार, तुलसीपुर, गैसड़ी, उतरौला व सादुल्लाहनगर थाने में भी जागरूकता अभियान चलाया गया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव का कहना है कि इन नंबरों पर शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)




## पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई



**सुबह 10 बजे :** जिला मेमोरियल अस्पताल में कोरोना टीकाकरण।

---

**दोपहर 12 बजे :** उतरौला की एंटी रोमियों टीम की जनजागरूकता गोष्ठी।

---

**दोपहर 12 बजे :** जिला संयुक्त अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक।

---

**दोपहर 3 बजे :** यूनाईटेड टीचर्स एसोसिएशन पदाधिकारियों की बैठक।

# पौने तीन किलो चरस के साथ एक गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने चोरी के माल व पौने तीन किलोग्राम अवैध चरस के साथ एक वांछित अभियुक्त को धर दबोचा है। पकड़े गये आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। सीओ ललिया राधारमण सिंह ने गुरुवार को बताया कि हरैया पुलिस ने नहर पुलिया ग्राम फजहवा के पास से चौधरीडीह के मजरा माधवडीह निवासी लालता वर्मा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी के 20,500 रुपये और दो किलो 750 ग्राम चरस बरामद हुई है। एनडीपीएस व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेजा गया है। संवाद

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 01-07-2022

### बाढ़ नियंत्रण आपदा प्रबंधन ने बौंडी के रामलीला मैदान में लगाई चौपाल, कार्यशाला भी आयोजित की गई

# बाढ़ व कटान आपदा से निपटने को खाका तैयार

**बाढ़ नियंत्रण**

**बहराइच, संवाददाता।** जिले के प्रभावित तहसील इलाकों में संभावित बाढ़ व कटान से निपटने के लिए प्रशासन ने पुख्ता खाका तैयार कर लिया है। गुरुवार को बाढ़ नियंत्रण आपदा प्रबंधन की ओर से महसी तहसील के बौंडी कस्बे के रामलीला मैदान में चौपाल लगाई गई। आपदा विशेषज्ञों की ओर से बाढ़ बचाव कार्यशाला का आयोजन भी हुआ। अध्यक्षता जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने की।

जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। बाढ़ के समय किसी भी प्रभावित को कोई समस्या न उठानी पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां चाक चौबंद कर रखी है। तहसील के अधिकारियों व राजस्वकर्मियों ने आपदा से निपटने के लिए पूर्व में खाका तैयार कर लिया है। बाढ़ राहत चौकियों, शरणालयों, लंगर स्थलों, भूसा वितरण केंद्रों, चिकित्सा शिविरों के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। कटान प्रभावित गांवों कायमपुर, पिपरा व कायमपुर में स्पर बनवाए जा चुके हैं। पूर्व में बने स्पर-स्टड का मरम्मत कार्य हो रहा है।

आपदा प्रबंधन के समय आवागमन में परेशानी न हो इसके लिए बेलहा-बेहरौली तटबंध का मरम्मत कराया जा चुका है। पशुओं का टीकाकरण व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए विभाग को निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ के समय राजस्व अधिकारी व कर्मचारी क्षेत्र में भ्रमणकर निगहबानी करते रहेंगे। किसी भी समस्या की जानकारी प्रशासन को दें।



बौंडी में घाघरा तट पर बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण करते डीएम।

इसके बाद जिलाधिकारी ने अंजनी कुमार शुक्ल, विनोद कुमार, ललन, अमरीश, राजिंदर, संतराम समेत 15 लोगों को धरौनी का वितरण किया। इस दौरान एसडीएम रामदास, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता बीबी पाल, प्रभारी तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सौरभ सिंह, बीडीओ फखरपुर अशोक कुमार सिंह, महसी हेमंत यादव मौजूद रहे।

**ऐतिहासिक विरासत को संजोने की मांग : महसी।** पूर्व डीजीसी क्रिमिनल विजय कुमार कालिया ने जिलाधिकारी से बौंडी कस्बे की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने की मांग की है। उन्होंने कहा की 1857 के गदर में बौंडी रियासत का खासा योगदान रहा है। बौंडी नरेश हरदत्त सिंह सवाई ने लखनऊ की बेगम हजरत महल को यहीं शरण दी थी। कपूरथला स्टेट के लिए जर्जर व बदहाल हैं। जिनके संरक्षण की जरूरत है। कुसुम के पेड़, रामरथ व संस्कृत विद्यालय के अनुरक्षण की जरूरत है। बौंडी में बाढ़ का पानी न रुके इसके लिए स्पर संख्या दो में बड़ी पुलिया की जरूरत है। जिलाधिकारी ने इन मांगों के प्रस्ताव को शासन भेजने का आश्वासन दिया।

**आपदा मित्रों कार्यशाला में सीखी बचाव प्रबंधन : महसी।** डीएम ने जिला आपदा प्रशिक्षक सुनील कुमार व आपदा मित्रों के साथ बाढ़ बचाव कार्यशाला लगाई। उन्होंने कृत्रिम स्ट्रेचर बनाने, डूबे व्यक्ति के पेट से पानी निकालने, सर्पदंश से बचाव का पूर्वाभ्यास किया। डीएम ने बताया कि जिले में 300 आपदा मित्र हैं। जिन्हें आपदा मित्र बनना है, वह तहसील में रजिस्ट्रेशन कराएं। चौपाल में डीएम ने बच्चों को टाफी बिस्कुट बांटे व उन्हें मन लगाकर पढ़ने को कहा। बिस्कुट टाफी पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दौड़ पड़ी।

**डीएम-एसएसपी ने थाने में व्यवस्थाएं देखीं :** कार्यशाला के बाद डीएम एसपी का काफिला बौंडी थाने पहुंचा। डीएम एसपी ने थाने का निरीक्षण किया। साफ-सफाई की व्यवस्था देखी।

## तीन बैराजों से छोड़ा गया 281691 क्यूसेक पानी

महसी। मानसून की दस्तक के बाद पहाड़ों पर शुरू हुई भीषण बारिश के चलते बैराजों में जलस्तर बढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसके कारण गिरिजापुरी, शारदा व सरयू बैराज से गुरुवार को कुल 281691 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे घाघरा का जलस्तर बढ़ने लगा है।

# सांसद की कोशिश से एक और ट्रेन मिलेगी

बहराइच, संवाददाता। बहराइच के सांसद अक्षयवरलाल गोंड की कोशिश रंग लाई है। बहराइच- मैलानी रेलवे प्रखंड पर पांच जुलाई से एक और पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू होगा। जिससे बरेली रूट के यात्रियों को सुविधा होगा।

कोविड के दौरान रेल संचालन बंद होने के लंबे समय बाद बहराइच से मैलानी को एक अप व एक डाउन ट्रेन चल रही है। जिसके चलते लखीमपुर जिले के यात्रियों के अलावा बरेली व उत्तराखंड के यात्रियों को काफी असुविधा हो रही थी। दूर- दराज से आने वाले यात्रियों को इस ट्रेन से जा पाना असंभव था। मिहींपुरवा के पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रवण कुमार मधेशिया व लखीमपुर इलाके के समाजसेवियों ने एक ओर ट्रेन के लिए काफी प्रयास किया। इसकी मांग सांसद अक्षयवर लाल गोंड से की।

सांसद ने केन्द्रीय रेल मंत्री से मुलाकात में मैलानी को एक और ट्रेन, ब्राड गेज पर बहराइच से गोंडा होकर गोरखपुर, वाराणसी, दिल्ली को ट्रेन संचालन की मांग पर ट्रेन संचालन का आश्वासन मिला था। गुरुवार को मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक लखनऊ ने आदेश जारी किया है। पांच जून से बहराइच से मैलानी जाने वाली पैंसेजर ट्रेन 8:30 की बजाय 8:20 पर छूटेगी, जबकि पांच जुलाई से संचालित होने वाली बहराइच मैलानी पैंसेजर ट्रेन सुबह 10 बजे प्रस्थान करेगी।

# सीएम आज देंगे तीन फायर स्टेशनों की सौगात

**जासं, बहराइच :** जिले को तीन फायर स्टेशन की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार की शाम देंगे। पयागपुर, महसी व कैसरगंज में बनने वाले फायर स्टेशन का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से सीएम करेंगे।

जिला मुख्यालय पर फायर स्टेशन होने के कारण दूरदराज के गांवों में अग्निकांड की घटनाएं होने पर राहत व बचाव कार्य में दिक्कतें आती हैं। इसे देखते हुए शासन ने पयागपुर विधानसभा क्षेत्र के विशेश्वरगंज, महसी और कैसरगंज मुख्यालय पर फायर स्टेशन बनाए जाने की स्वीकृति दी। जमीन आवंटन के बाद यहां पर करीब 10-10 करोड़ रुपये की लागत से फायर स्टेशन का निर्माण शुरू कराया गया। इनके प्रशासनिक भवन बन चुके हैं। आवासीय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी रामसुमेर त्रिपाठी ने बताया कि शाम साढ़े चार बजे से उद्घाटन कार्यक्रम होगा। पयागपुर में डीएम डा. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ विधायक सुभाष त्रिपाठी मौजूद रहेंगे। महसी में विधायक सुरेश्वर सिंह, एसडीएम व सीओ और कैसरगंज में सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह व एसडीएम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री करीब पंद्रह मिनट का संबोधन देने के साथ वर्चुअल माध्यम से ही फायर स्टेशन के भवन का जायजा भी लेंगे। इसमें अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, डीजीपी, डीजी फायर सर्विस, डीआइजी भी शामिल रहेंगे।

- पयागपुर, महसी और कैसरगंज में होगा उद्घाटन
- 10-10 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे हैं फायर स्टेशन

### 25 जिलों का एक साथ कार्यक्रम

शासन की ओर से 25 जिलों के नवनिर्मित फायर स्टेशन के भवनों का उद्घाटन होगा। करीब 57 फायर स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे।

### पुलिस निर्माण निगम करा रहा काम

फायर स्टेशन के भवन निर्माण का काम पुलिस आवास निर्माण निगम की ओर से कराया जा रहा है। सहायक अभियंता एमके शुक्ल ने बताया कि तीनों जगह पर निर्माण का काम अलग-अलग अवर अभियंता देख रहे हैं। तेजी से काम पूरा किया जा रहा है, जिससे जनता को जल्द इसका लाभ मिल सके।

# बाढ़ आने पर तत्काल उपलब्ध कराएं मदद

## बाढ़ की आशंका को देखते हुए डीएम ने बौंडी में लगाई चौपाल, आपदा विशेषज्ञों ने बाढ़ से बचाव की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महसी (बहराइच)।** बारिश शुरू होने के बाद हर साल की तरह एक बार फिर से बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। इसी के मद्देनजर बौंडी के रामलीला मैदान में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र व एसपी केशव चौधरी की उपस्थिति में बाढ़ नियंत्रण आपदा प्रबंधन चौपाल लगी। इस दौरान आपदा विशेषज्ञों ने बाढ़ से बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान की।





बहराइच के महसी क्षेत्र में बृहस्पतिवार को तटबंध का निरीक्षण करते डीएम व आपदा से बचाव के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी। -संवाद

डीएम ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में तत्काल हर संभव सहायता मुहैया कराई जाए। बाढ़ राहत चौकियों, शरणालयों, लंगर स्थलों, भूसा वितरण केंद्रों व चिकित्सा शिविरों के लिए स्थान तय कर लिए गये हैं। कटान प्रभावित गांवों कायमपुर व पिपरा में स्पर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। पूर्व में बने स्परों की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। आपदा के दौरान आवागमन की बाधा दूर करने के लिए बेलहा-बेहरौली तटबंध की मरम्मत कराई जा चुकी है। इस दौरान जिलाधिकारी ने अंजनी कुमार शुक्ल, विनोद कुमार, लल्लन, अमरीश, राजिंदर व संतराम समेत 15 लोगों को घरौनी का वितरण भी किया। इस मौके पर पूर्व डीजीसी क्रिमिनल विजय कुमार कालिया ने जिलाधिकारी से बौंडी कस्बे की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने की मांग की। साथ ही बौंडी में स्पर संख्या दो पर बड़ी पुलिया के निर्माण की मांग भी रखी। जिलाधिकारी ने शासन को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया है। चौपाल में डीएम ने बच्चों को टॉफी-बिस्कुट बांटे व मन लगाकर पढ़ने की सीख भी दी। इस दौरान एसडीएम रामदास, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता बीबी पाल, प्रभारी तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सौरभ सिंह, बीडीओ अशोक कुमार सिंह, हेमंत यादव, आपदा विशेषज्ञ सुनील कनौजिया व अन्य लोग मौजूद रहे।

### गुणवत्ता का ध्यान रखने का निर्देश

जिलाधिकारी व एसपी ने चौपाल के बाद बेलहा-बेहरौली तटबंध के किलोमीटर संख्या 55.700 पर बने स्पर संख्या एक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्पर की मरम्मत पांच दिन में पूरी करने का निर्देश दिया। साथ ही 3.54 करोड़ की लागत से बन रही सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को भी कहा। वहीं, चौपाल के दौरान आपदा विशेषज्ञ सुनील कनौजिया ने आपदा मित्रों के साथ बाढ़ से बचाव का पूर्वाभ्यास भी किया। डीएम ने बताया कि जिले में 300 आपदा मित्र हैं।

# मैलानी रूट पर पांच से दौड़ेगी दूसरी ट्रेन

## सुबह 10 बजे चलेगी, पहले से संचालित ट्रेन के समय में भी हुआ बदलाव

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** बहराइच से मैलानी रूट पर दो ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। पांच जुलाई से यात्रियों को दूसरी ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी। ट्रेन सुबह 10 बजे रवाना होगी।

वहीं, पहले से संचालित हो रही ट्रेन के समय में भी पांच जुलाई से ही बदलाव किया जाएगा। इसे लेकर रेलवे ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उधर, एक और ट्रेन शुरू होने की खबर से यात्रियों में भी खुशी का माहौल है। बहराइच रेलवे स्टेशन से गोंडा, रुपईडीहा व मैलानी मार्ग पर ट्रेनें चल रही हैं। तीन ट्रेनें बहराइच से गोंडा व तीन ट्रेनें गोंडा से बहराइच के लिए चल रही हैं। बहराइच से मैलानी मार्ग पर भी एक ट्रेन का संचालन हो रहा है। यात्रियों को मैलानी जाने के लिए सुबह साढ़े आठ बजे बहराइच रेलवे स्टेशन पहुंचना होता है। एक ट्रेन होने से यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही थी। इसी समस्या को देखते हुए रेलवे ने मैलानी रूट पर एक और ट्रेन चलाने का फैसला लिया है।

पांच जुलाई को इस ट्रेन को सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। वहीं, पहले से संचालित ट्रेन का समय सुबह साढ़े आठ बजे के बजाय अब 8.20 होगा। यातायात निरीक्षक सीएम त्रिपाठी ने बताया कि बहराइच से मैलानी रूट पर दूसरी ट्रेन का संचालन पांच जुलाई से शुरू हो जाएगा। तैयारियां कर ली गई हैं।



बहराइच के रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। -संवाद

# विधायकों की सिफारिश पर संवरेंगी 164 सड़कें

## लोक निर्माण विभाग ने तैयार की कार्ययोजना, 320 करोड़ रुपये आएगी लागत, शासन से बजट जारी होते ही शुरू करा दिया जाएगा काम

विनय सिंह

**बहराइच।** लोक निर्माण विभाग ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 164 सड़कों के निर्माण और मरम्मत की कार्ययोजना तैयार कर ली है। खास बात यह है कि इन सड़कों के लिए जिले के सात विधायकों ने प्रस्ताव दिया था। इन्हीं प्रस्तावों को समाहित कर कार्ययोजना बनाई गई है।

जिले में सात सड़कों की मरम्मत होनी है। साथ ही 235 किलोमीटर नई सड़कें बनेंगी। इस काम पर 320 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। बजट जारी कराने के लिए कार्ययोजना शासन को भेजी जा रही है। बता दें कि प्रत्येक विधायक को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र की खराब सड़कों के नवीनीकरण या मरम्मत के लिए प्रस्ताव देना था। संवाद



पयागपुर क्षेत्र की इस क्षतिग्रस्त सड़क का भी होगा निर्माण। -संवाद

### पयागपुर

पयागपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक सड़कें बनेंगी। यहां 49 करोड़ की लागत से 35 सड़कें बनाई जाएंगी। इसके अलावा सात लघु सेतु हैं। कार्ययोजना में सर्वाधिक सड़कों का प्रस्ताव पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने दिया है। पयागपुर में बनने वाली सभी सड़कें नई हैं। यहां पर किसी भी सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण नहीं कराया जा रहा है। शासन को भेजी जाने वाली कार्ययोजना के मुताबिक पयागपुर विधानसभा क्षेत्र में नई बनने वाली सड़कों की लंबाई करीब 45.20 किलोमीटर है। फिलहाल इस कार्ययोजना में पयागपुर की लाइफ लाइन मानी जाने वाली सड़क पयागपुर-राजापुर मार्ग का उल्लेख नहीं है।

### बलहा

बलहा विधानसभा क्षेत्र से विधायक सरोज सोनकर की ओर से प्रस्तावित 22 सड़कें हैं। इसके अलावा लघु सेतुओं की संख्या तीन हैं। यहां बनने वाली सड़कों और सेतुओं पर करीब साढ़े 51 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। सरोज सोनकर की लगभग सभी सड़कें ग्रामीण क्षेत्रों की हैं।

### मटेरा

मटेरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक मारिया शाह ने एक भी प्रस्ताव नहीं दिया है। सूची के मुताबिक, मारिया शाह ने अब तक एक भी सड़क बनाने की सिफारिश नहीं की है। इस विधानसभा क्षेत्र के लिए सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने स्वयं प्रस्तावक बनकर 29 सड़कों के नवनिर्माण की सिफारिश भेजी थी। सांसद के प्रस्तावों पर करीब 33.44 करोड़ का खर्च आने का अनुमान है। 31.22 किमी. सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है।

### कैसरगंज

कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक आनंद कुमार यादव ने 22 सड़कों के निर्माण की सिफारिश की है। यहां नौ करोड़, 40 लाख रुपये की लागत से पांच सेतु भी बनेंगे। इन सड़कों और सेतुओं पर कुल लागत 39.78 करोड़ रुपये आएगी। जिले में समाजवादी पार्टी से दो विधायक हैं। इनमें से मारिया शाह ने अब तक कोई प्रस्ताव नहीं दिया है।

### नानपारा

नानपारा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रामनिवास वर्मा ने तीन सड़कों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव दिया था। इन सड़कों की लंबाई 17.46 किमी. है। इसमें तीन नई सड़कें बननी हैं। नई बनने वाली सड़कों की लंबाई 3.35 किलोमीटर है। इन सड़कों पर 49.21 करोड़ रुपये खर्च आएगा। सबसे कम सड़कों का प्रस्ताव नानपारा विधानसभा क्षेत्र से ही है।

### सदर

बहराइच सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए 19 सड़कों की कार्ययोजना तैयार की गई है। इनमें से तीन सड़कों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण होना है। सभी सड़कों को मिलाकर कुल लंबाई 32.5 किमी. है। इन सड़कों पर 44.48 करोड़ रुपये खर्च होंगे। महत्वपूर्ण सड़कों में अस्पताल चौराहे से पुलिस अधीक्षक आवास तक और पुलिस लाइन मार्ग है। इनका चौड़ीकरण होना है। इस पर दो करोड़ 35 लाख रुपये खर्च आएगा। एनएच-730 के किमी. 270 से बहराइच-फैजाबाद मार्ग तक भी चौड़ीकरण होना है जिस पर आठ करोड़, 25 लाख रुपये खर्च होंगे। कलेक्ट्रेट से जिला अस्पताल से छिपिया चौराहा होते हुए दुगवला तक चौड़ीकरण पर 11.68 करोड़ लागत आएगी। बाकी सड़कें ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी हैं।

### महसी

यहां से विधायक सुरेश्वर सिंह की ओर से प्रस्तावित सड़कें मंजूर हो गई हैं। यहां पर बनने वाली सड़कों की लंबाई 36.80 किलोमीटर है। सर्वाधिक खर्च महसी की सड़कों पर ही होगा। यहां पर बनने वाली सड़कों पर 52.09 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें [illegible] मार्ग का चौड़ीकरण भी शामिल है। इसकी लंबाई 8.05 किमी. है। अनुमानित लागत 24 करोड़ के आसपास है।

“164 सड़कों के निर्माण की कार्ययोजना भेजी जा रही है। सभी प्रस्ताव विधायकों के हैं। सड़कों पर 320 करोड़ रुपये खर्च होंगे। शासन से मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा। -एके वर्मा, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 01-07-2022

# ठगी के 4400 रुपये साइबर सेल ने वापस कराए

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर सेल प्रभारी के पर्यवेक्षण में राम आनन्द कुमार निवासी बहोरवा थाना मल्हीपुर ने जनसम्पर्क कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था कि यूपीआई के माध्यम से उसके खते से 4400 रुपये निकाल लिए गए हैं। साइबर सेल टीम ने कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाते से निकाली गई धनराशि 4400 रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिया।

# चेकिंग:58 वाहनों के चालान काटे गए

**श्रावस्ती।** यातायात नियम का उल्लंघन करने वालो पर रोक लगाने के लिए बुधवार को सभी थानों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इसमें पुलिस की तरफ से वाहन के कागजात, हेलमेट, तीन सवारी, शीटबेल्ट आदि को चेक किया गया। इस दौरान 58 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गए सभी वाहनों का चालान किया गया। साथ ही वाहन स्वामियों पर 85 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को दी गई विदाई

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त हुए दरोगा व पुलिस कर्मचारियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पुलिस कर्मचारियों की ओर से भाव विहीन विदाई दी गई।

# 22 मालों को कराया नष्ट

श्रावस्ती : एएसपी केसी गोस्वामी के नेतृत्व में सिरसिया थाने के प्रभारी निरीक्षक न्यायालय के आदेश पर आबकारी अधिनियम से संबंधित 22 मालमुकदमाती मालों को नष्ट करवाया। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक फिरतू यादव, उप निरीक्षक मयंक वर्मा, मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। (वि.)

# फ्राड कर निकाले गए रुपये साइबर सेल ने वापस दिलाए

**श्रावस्ती** : भिनगा क्षेत्र के बहोरवा निवासी राम आनंद कुमार ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर खाते से पैसे निकाले जाने की शिकायत की। एसपी ने साइबर सेल को तत्काल इसका राजफाश करने के निर्देश दिए। साइबर सेल ने फ्राड कर निकाले गए 4400 रुपये को शिकायत कर्ता के खाते में वापस करवा दिए।( वि.)

# छात्र-छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**संसू, हरिहरपुररानी :** हरिरहपुररानी ब्लाक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पटना खास में भिनगा कोतवाली के प्रभारी जितेंद्र ने महिला आरक्षियों के साथ चौपाल लगाई। छात्र-छात्राओं को हेल्पलाइन 1090 व 1098 की जानकारी दी। विद्यालय की सफाई व बच्चों की तेज बुद्धि देख प्रभारी निरीक्षक ने उन्हें पुरस्कृत भी किया।

प्रभारी निरीक्षक ने छात्राओं को बताया कि आपात स्थिति में इन नंबरों पर फोन करने के बाद तुरंत पुलिस पहुंचेगी। आरक्षी राधा मिश्रा व कौशिल्या देवी ने भी लड़कियों निर्भीक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों से गणित, अंग्रेजी व विज्ञान से संबंधित प्रश्न किए। सही जवाब मिलने पर शिक्षक अशोक यादव समेत स्टाफ की तारीफ की। बच्चों को मिठाई खिलाने के लिए एक हजार रुपये भी दिए। छात्रा कंचन, अर्चना, आंचल, मोहिनी रेखा, प्राची, किरन मौजूद रहीं। इसी प्रकार मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला कल्याण एवं बाल विकास परियोजना की ओर से हरिहरपुररानी ब्लाक में स्वावलंबन कैंप का आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं व बालिकाओं को सशक्तीकरण, स्वालंबन, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। महिला कल्याण अधिकारी सरिता मिश्रा ने कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा, बेटी बचाओ योजनाओं व महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती :** भिनगा पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कर बिंदोहवा मार्ग से भयापुरवा निवासी हरीश को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपित के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

## जनता से मधुर व्यवहार रखें पुलिस जवान

**श्रावस्ती** : एएसपी केशव चंद्र गोस्वामी ने गिलौला थाने का निरीक्षण कर विवेचकों के साथ बैठक कर अपराध समीक्षा की। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जवानों को जनता से मधुर व्यवहार रखने को कहा। (जासं)

## विदाई समारोह आयोजित

**श्रावस्ती** : पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को विदाई समारोह आयोजित हुआ। सेवानिवृत्त हुए एसआइ फारूक अहमद खां, ओपी मिश्र, दिनेश, सीताराम यादव व मुख्य आरक्षी विक्रम यादव को एसपी एके मौर्य, एएसपी व सीओ ने स्मृति चिह्न भेंट किया। (जासं)

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट की तो जाना पड़ेगा जेल



श्रावस्ती के भिनगा में संवेदनशील क्षेत्रों में रूट मार्च करती पुलिस। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर मातहतों को दिए निर्देश

**श्रावस्ती।** जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही जिले में भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। जहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग की जा रही है। सोशल मीडिया पर पुलिस द्वारा निरंतर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। जो भी अराजक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश करेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलेवासियों से अपील की गई है कि यदि कोई अराजक तत्व सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन या यूपी-112 पर दें। जिससे समय रहते उस पर कार्रवाई की जा सके।

वहीं अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने थाना सोनवा व मल्हीपुर क्षेत्र के कस्बा नासिरगंज, बदला, गिरंट में पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया। क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे ने कस्बा भिनगा, लक्ष्मणपुर बाजार व थाना सिरसिया अंतर्गत कस्बा सिरसिया, ताल बघौड़ा में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया। क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा ने पुलिस बल के साथ इकौना में रूट मार्च किया। इसके साथ ही सभी थाना प्रभारियों ने पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में रूट मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया। साथ ही जिलेवासियों से शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

# 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी घर से गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इसके बावजूद गैंगेस्टर अपने घर रह रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए सिरसिया पुलिस द्वारा मुखबिरों को लगाया गया था। मुखबिर की सूचना पर बुधवार रात सिरसिया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया है।

सिरसिया थाना क्षेत्र के जोखवा बाजार निवासी संजय वर्मा उर्फ डॉक्टर पेशेवर अपराधी है। इसके विरुद्ध सिरसिया पुलिस की रिपोर्ट पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। बाद में उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

इसके साथ ही एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सिरसिया प्रेमपाल सिंह को उसकी गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया था। संजय की गिरफ्तारी के लिए सिरसिया पुलिस द्वारा मुखबिरों को लगाया गया था। बुधवार देर रात मुखबिर की सूचना पर उसे घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। जहां से बाद में आरोपी को जेल भेजा गया। (संवाद)

# एएसपी ने गिलौला थाने का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने गुरुवार को गिलौला थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय व परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी सहित विवेचकों के साथ मीटिंग कर लंबित एहकमात व अपराध की समीक्षा की। साथ ही लंबित विवेचनाओं का निस्तारण करने व लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण ढंग से यथाशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपराध रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, फ्लाई शीट रजिस्टर, हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया। साथ ही अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना व लावारिस तथा मुकदमाती मालों के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने थाना पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर वहां तैनात महिला कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वह शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं की समस्याओं को सरलता पूर्वक निस्तारण करें। उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, बैरक, परिसर आदि का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने व्याप्त कमियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य मौजूद रहे। (संवाद)



# बंदियों को समय पर सुविधा मुहैया कराएं अफसर

## जिला जज, डीएम, एसपी और सीजेएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिला जज के नेतृत्व में डीएम, एसपी व सीजेएम ने बुधवार को जिला कारागार बहराइच का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा जेल में निरुद्ध कैदियों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही उनके द्वारा सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही जेल अधिकारियों से बंदियों को सरकार की सभी सुविधाएं मुहैया कराने को कहा गया।



जिला कारागार का निरीक्षण कर लौटते अधिकारी। -संवाद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शीतला प्रसाद के साथ जिला कारागार बहराइच का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंद कैदियों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही कैदियों से मिलकर उनका हाल भी जाना। इस दौरान अधिकारियों ने जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं को समय से बंदियों को मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही अधिकारियों ने बहराइच जिला जेल में बंद श्रावस्ती के पुरुष व महिला बंदियों की बैरकों में जाकर सरकार द्वारा उन्हें दी जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया।

निरीक्षण के दौरान डीजे, डीएम, एसपी व सीजेएम ने रसोई घर, स्टोर खाद्यान्न, महिला, बैरक व किशोर बैरक का निरीक्षण किया। साथ ही जेल परिसर में संचालित अस्पताल का निरीक्षण कर वहां मौजूद दवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद सभी अधिकारियों ने महिला बैरक में पहुंच कर उन्हें जेल प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली और जेल अधिकारियों को महिला कैदियों की समस्याओं को सुनकर उसके निराकरण का निर्देश दिया। इस दौरान प्रभारी जेल अधीक्षक आनंद कुमार शुक्ल, उप जेल अधीक्षक देवकांत वर्मा, एसके त्रिपाठी एवं रीना तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अमर उ
एजु
एके
प्रवेश
(Recognised
डिप्लोमा इन •
•फिजियोथेरे
•ओ०टी०•डाय
•इमरजेन्सी
•एनेस्थीसिया
के.के. हा
मो.: 9415932
ADMISS
B.Ed.,D.E
M.Sc. Ag.(
Soil Scien
B.Sc. Ag.
Shri Mah
Degree College
Mohanlal
94150118
E-Mail:-mpd
Web-ww
C.D. GIRLS
(Affiliated to L
ADMISSION

# शांतिभंग के आरोप में 12 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार रात विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# 58 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने गुरुवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 58 वाहनों का चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 85,000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# साइबर सेल ने खाते में वापस कराए रुपये

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बहोरवा निवासी रामआनंद कुमार के खाते से 14 अप्रैल को 4,400 रुपये निकाल लिये गए थे। जिसकी शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने साइबर सेल प्रभारी को टीम का गठन कर कार्रवाई का निर्देश दिया था। टीम ने यूपीआई के माध्यम से रामआनंद के खाते से निकाले गए 4,400 रुपये वापस करवा दिए। (संवाद)

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस आबकारी निरीक्षक भिनगा के साथ बुधवार रात गश्त पर निकली थी। इस दौरान टीम ने बिंदोहवा मार्ग से एक व्यक्ति को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार भयापुरवा निवासी हरीश पुत्र स्वामी दयाल के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)

# 22 माल मुकदमाती नष्ट करवाए

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाने में आबकारी अधिनियम के तहत बरामद माल मुकदमाती को नष्ट करने के लिए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने निर्देश दिया था। जिसके अनुपालन में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे ने 22 माल मुकदमाती को न्यायालय के आदेश पर नष्ट कराया। (संवाद)